आषाढ़ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा 02:28 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 12 जून 2025
वर्ष 6, अंक 74, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



न्यायिक आयोग के सामने पेश हुए पूर्व सीएम केसीआर 12

स्याही से उकेरी गई मौन क्रांति है भारतीय संविधान 14

## बीएसएफ जवानों को दी जर्जर ट्रेन, 4 रेल अधिकारी निलंबित

नई दिल्ली, एजेंसी

- **अमरनाथ यात्रा सुरक्षा प्रदान करने के लिए ड्यूटी पर जा रहे थे 1200 जवान**

कश्मीर में अमरनाथ यात्रा के दौरान तैनाती के लिए त्रिपुरा से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों को लाने के लिए जर्जर और गंदे डिब्बों वाली ट्रेन उपलब्ध कराए जाने के विवाद के बीच रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया और जांच के आदेश दिए हैं।

रेल मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी बयान के अनुसार, मंत्री ने कहा कि सुरक्षा बलों की गरिमा सर्वोपरि है और इस तरह की लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह कार्रवाई पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे जोन द्वारा एक्स पर एक पोस्ट में आरोपों को खारिज करने के एक दिन बाद की गई, जहां लोगों ने ट्रेन के वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए डिब्बों की स्थिति को लेकर रेलवे की आलोचना की थी।

बीएसएफ की 13 कंपनियों से लगभग 1,200 जवानों को छह जून को त्रिपुरा के उदयपुर से जम्मू तवी के लिए एक विशेष ट्रेन में सवार होना था। ट्रेन का बीच में कुछ स्थानों पर ठहराव था एवं त्रिपुरा, असम और पश्चिम बंगाल में चार स्थानों से जवान सवार होने वाले थे। अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन नौ जून को बीएसएफ को उपलब्ध कराई गई थी और इसकी खराब और जर्जर स्थिति देखी तो जवानों ने एक डिब्बे का निरीक्षण करते हुए वीडियो रिकॉर्ड कर लिया।

## धर्म स्थलों के साथ धार्मिक शिक्षा केंद्रों की भी हो स्थापना



कूर्म शिला की स्थापना करते शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती, विहिप के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार व अन्य।

कार्यालय संवाददाता, संभल

- **कल्कि धाम में कूर्म शिला स्थापना कार्यक्रम में बोले शंकराचार्य सदानंद सरस्वती**

**अमृत विचार :** संभल के ऐंचोड़ा कंबोह में कल्कि धाम निर्माण के लिए मुख्य गर्भगृह में 21 फीट नीचे कूर्म शिला की स्थापना जगद्गुरु शंकराचार्य द्वारका शारदा पीठाधीश्वर स्वामी सदानंद सरस्वती और विहिप के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की गई।

महाकाल धाम उज्जैन से पधारे विद्वानों के मंत्रोच्चार के बीच पूजित कूर्म शिला को स्थापित किया गया। शंकराचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि 18 वर्षो के संघर्ष के बाद कल्कि धाम की स्थापना आचार्य प्रमोद कृष्णम ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण सनातन समाज की सफलता है। यह धाम सनातन के गौरव को बढ़ाएगा। कहा कि धर्मस्थलों के साथ ही धार्मिक शिक्षा केंद्रों की स्थापना भी की जानी चाहिए। शंकराचार्य ने मनु स्मृति की आलोचना को लेकर कहा कि शास्त्रों का अध्ययन किए बिना हम उलाहना देते हैं उन पर आक्षेप करते हैं यह हमारी बौद्धिक योग्यता की कमी है। आनंद पीठाधीश्वर स्वामी बालकानंद ने कहा कल्कि धाम निर्माण से सुनिश्चित हो गया है कि अब भगवान को आना ही है। विहिप के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शिला को पूजना और शंकराचार्य द्वारा स्थापित करना इस बात की घोषणा करता है कि कोई भी बाधा इस धाम को बनने से नहीं रोक सकती। कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि धाम का निर्माण पूर्ण करना ही उनका लक्ष्य है।

# भीषण गर्मी में गहराया बिजली संकट


## स्थानीय खराबियों के कारण घंटों के लिए ठप हो रही बिजली की आपूर्ति | ऊर्जा मंत्री के निर्देशों का पालन नहीं कर रहे बिजली अभियंता-कर्मचारी

- **प्रदेश में बिजली की मांग बढ़कर पहुंची 31,218 मेगावाट पर**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया है। स्थानीय खराबियों के कारण घंटों के लिए बिजली आपूर्ति ठप हो रही है। ऊर्जा मंत्री के निर्देश के बाद समय पर बिजली व्यवधान दूर नहीं किए जा रहे हैं। हाल यह है कि ऊर्जा निगमों की उपभोक्ता शिकायत सेवा 1912 भी कारगर साबित नहीं हो रही है। प्रदेश में आज अधिकतम बिजली मांग 31,218 मेगावाट दर्ज की गई। भीषण गर्मी में राजधानी समेत प्रदेश भर में लोग परेशान रहे।

बुधवार को भीषण गर्मी का कहर जारी रहा। आगरा में सबसे ज्यादा तापमान 45.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि लखनऊ का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार प्रदेश में लगातार बढ़ी रही बिजली की मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज से अतिरिक्त बिजली आयात की जा रही है। मांग के अनुसार उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है, पर सिस्टम पर ज्यादा लोड पड़ने के कारण बिजली लाइनों में खराबियां आ रही हैं। ट्रांसफार्मर भी फुंक रहे हैं। तकनीकी खराबियों के कारण बिजली आपूर्ति ठप होने के बाद दोबारा बहाल करने में घंटो लग रहे हैं। रात में राजधानी समेत प्रदेश के खासे इलाके अंधेरे में डूब जा रहे हैं। समय पर बिजली आपूर्ति चालू न होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने पिछले दिनों उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों को प्रदेश में बिजली आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त रखने व खराबियों को समय पर दूर करने के निर्देश दिये, साथ ही, 1912 उपभोक्ता सेवा पर शिकायतें प्राथमिकता से दर्ज करने व इसका निस्तारण के निर्देश दिये, इसके बाद भी शिकायतें समय पर निस्तारित नहीं की जा रही हैं। 1912 उपभोक्ता सेवा पर लगातार व्यस्त टोन सुनाई पड़ रही है।



### ग्रामीण इलाकों में बिजली आपूर्ति का बुरा हाल

राजधानी समेत पूरे प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है। केबिल फाल्ट समेत अन्य खराबियों के कारण बिजली घंटों के लिए ठप हो रही है। लखनऊ में नादरगंज क्षेत्र में बीते दिन अपरान्ह चार बजे गुल हुई बिजली बुधवार की सुबह सवा सात बजे चालू हो सकी। इसी तरह, बंथरा इलाके में तकनीकी खराबी से 13 घंटे बिजली आपूर्ति ठप रही है। इसी तरह, सरोजनीनगर समेत आस-पास के इलाके बिजली संकट की चपेट में बने रहे। यही हाल प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में भी रहा।

### बरेली में भीषण कटौती

**बरेली।** बरेली में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने के साथ ही बिजली संकट गहरा गया है। शहर के कई क्षेत्रों में 12 से 15 घंटे तक कटौती से हाहाकार मचा है। शहर के जसोली, कुंवरपुर, मलूकपुर नाला में मंगलवार की रात 10 बजे तारों में आग लगने के बाद आपूर्ति बाधित हो गई। बुधवार को दिन में 11 बजे के बाद आपूर्ति बहाल हुई। नवादा शेखान में ट्रांसफार्मर में खराबी से मंगलवार को पूरी रात संकट रहा। पवन विहार, कृष्णानगर फेस टू कॉलोनी, ग्रीन पार्क आदि जगह पर भी आधी रात से संकट रहा। काबेरी कॉलोनी में तीन दिन में मुश्किल से 30 घंटे बिजली मिली।

### लू की चपेट में आकर चार की मृत्यु

**लखनऊ।** प्रदेश में 45 .4 डिग्री सेल्सियस के साथ आगरा सबसे गर्म रहा, जबकि 25 जिलों में तापमान 40 से 45 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया गया। इस बीच लू की चपेट में आकर बांदा में दो जबकि अलीगढ़ और हाथरस में एक-एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। वहीं, झांसी में दिन में उमस भरी गर्मी के बाद कई इलाकों में रिमझिम बारिश हुई।

### 20-28 डिग्री के बीच रहेगा एसी का तापमान

**नई दिल्ली।** देश में ऊर्जा दक्षता में सुधार के लिए एयर कंडीशनर (एसी) के डिफॉल्ट तापमान को 20 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच मानकीकृत करने के लिए ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) रूपरेखा तैयार कर रहा है। विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला बीईई ऊर्जा-कुशल प्रक्रियाओं, उपकरणों व प्रणालियों के इस्तेमाल को बढ़ावा देता है। एक अधिकारी ने बताया कि इस विषय पर चर्चा जारी है, लेकिन तापमान की सटीक निर्धारित सीमा या समय-सीमा पर अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

## संतों ने दिखाई वो राह, जो कैराना कांधला जैसी घटना नहीं होने देती

### मुजफ्फरनगर में संत समागम में बोले मुख्यमंत्री योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/मुजफ्फरनगर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को मुजफ्फरनगर में एक संत समागम और सत्संग कार्यक्रम में शामिल हुए। यह कार्यक्रम संत स्वामी ज्ञान भिक्षुक दास महाराज की 65वीं पुण्यतिथि एवं सतगुरु समनदास महाराज की स्मृति में आयोजित किया गया था। यहां योगी ने कहा कि संतों ने समाज को एकता और जोड़ने की राह दिखाई। वह राह, जो कैराना व कांधला की घटना नहीं होने देती। यह वही राह है, जो हमें सुरक्षा व संरक्षण की गारंटी देती है और उत्थान का मार्ग प्रशस्त करती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब अच्छी सरकार आती है और संतों का मार्गदर्शन मिलता है तो अच्छा ही अच्छा होता है। अच्छा करने के लिए सोच होनी चाहिए। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने देश को संविधान दिया, लेकिन जो सम्मान उन्हें मिलना चाहिए था, पिछली सरकारों ने वह नहीं दिया। पहली बार बाबा साहेब के नाम पर पीएम मोदी ने पंचतीर्थों का निर्माण किया। सरकारें बहुत आईं, लेकिन बाबा साहेब के गौरव और गरिमा के अनुरूप उनके सांस्कृतिक केंद्र व उनकी स्मृतियों को बढ़ाने का कार्य केवल डबल इंजन सरकार ने किया। 26 नवंबर 1949 से 2015 तक किसी सरकार ने बाबा साहेब के नाम पर समारोह नहीं किया, लेकिन पीएम मोदी ने 26 नवंबर को बाबा साहेब की स्मृति में संविधान दिवस मनाने का कार्य किया।



श्रीसतगुरु समनदास की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते मुख्यमंत्री योगी।

### श्रद्धालुओं को मुहैया कराएंगे सुविधाएं

मुख्यमंत्री ने 65वीं पुण्यतिथि पर स्वामी भिक्षुकदास महाराज व समनदास महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि अगली बार समनदास आश्रम के सामने सतगुरु रविदास व संत समनदास महाराज की स्मृति में घाट का निर्माण, सड़कों का चौड़ीकरण, पार्किंग, सुंदरीकरण और सत्संग सभागार की स्थापना करेंगे, जिससे श्रद्धालुओं को किसी समस्या का सामना न करना पड़े।

## मुरादाबाद और बरेली में कोरोना ने दी दस्तक, 5 मरीज संक्रमित मिले

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/बरेली

- **मुरादाबाद में 4 और बरेली में मिला एक संक्रमित**

**अमृत विचार :** मुरादाबाद के साथ ही बरेली जिले में कोरोना ने दस्तक दे दी है। मुरादाबाद में बुधवार को एक और महिला की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद कोरोना संक्रमितों की संख्या चार हो गई है। जबकि बरेली में एक मरीज में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है।

मुरादाबाद में मानसरोवर कॉलोनी निवासी 31 वर्षीय महिला दिल्ली के निजी अस्पताल में डॉक्टर हैं। तबीयत खराब होने पर उन्होंने दिल्ली में ही जांच कराई थी, जिसमें कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। पिछले दिनों जांच में तीन मरीजों में कोरोना की पुष्टि हुई थी। सिविल लाइंस निवासी लखनऊ के केजीएमयू में महिला चिकित्सक मुरादाबाद आई थीं। तबीयत खराब होने पर जांच में वह संक्रमित निकलीं। बुधवार को उनकी मां सहित सात लोगों की जांच कराई गई जिसमें सभी निगेटिव आए। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि भगतपुर टांडा निवासी 34 वर्षीय एक युवक भी संक्रमित मिला। वह गुरुग्राम में नौकरी करता है। गाजियाबाद में माता-पिता के साथ रहने वाला एक वर्षीय बालक भी संक्रमित पाया गया। दिल्ली, गुरुग्राम और गाजियाबाद के चिकित्साधिकारियों को इनकी डिटेल भेज दी गई है।

वहीं, बरेली जिले में डेढ़ साल बाद कोविड ने फिर दस्तक दी है। लंबे समय से पंजाब में काम करने गया युवक कोरोना संक्रमित मिला है। स्टेट आईडीएसपी से बुधवार सुबह सूचना मिली कि बरेली जिले का युवक कोरोना संक्रमित मिला है। मरीज के आधार कार्ड पर शहर के एजाज नगर गौटिया का पता दर्ज था, टीम ने मरीज के नंबर पर कॉल किया तो बताया कि वह पीलीभीत जिले के पूरनपुर में है।

## 15 से बंद हो जाएंगे दुधवा और पीटीआर

**पीलीभीत/लखीमपुर खीरी।** पीलीभीत टाइगर रिजर्व और दुधवा नेशनल पार्क 15 जून से सैलानियों के लिए बंद हो जाएंगे। टाइगर रिजर्व प्रशासन को आदेश भी प्राप्त हो गया है। हालांकि पिछला पर्यटन सत्र 25 जून तक चला था।

इधर पीलीभीत टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र बंद होने में तीन दिन बचे हैं। अंतिम दिनों में सैलानियों की भारी भीड़ यहां पहुंच रही है। सैलानियों की बढ़ती संख्या के आगे सफारी वाहन भी कम पड़ते नजर आ रहे हैं। पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 15 जून को पर्यटन सत्र बंद कर दिया जाएगा।

### हर-हर महादेव...



जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को पवित्र अमरनाथ गुफा में प्रथम पूजा कर वार्षिक यात्रा की औपचारिक शुरुआत की, गुफा में मौजूद बाबा बर्फानी के 3 जुलाई से लोग दर्शन कर सकेंगे। (खबर पेज-12) ● एजेंसी

## एक्सिओम-04 का प्रक्षेपण फिर टला

**बेंगलुरु।** बहुप्रतीक्षित एक्सिओम-04 मिशन के प्रक्षेपण की तारीख एक बार फिर आगे बढ़ा दी गई है। तकनीकि विसंगतियों का पता चलने के बाद 11 जून को प्रस्तावित प्रक्षेपण को स्थगित कर दिया गया है।

- **फाल्कन-9 रॉकेट में लीकेज के कारण लिया गया निर्णय**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बुधवार को बताया कि प्रक्षेपण से पहले लॉन्च पैड पर फाल्कन 9 प्रक्षेपण वाहन के बूस्टर चरण का सात सेकंड का हॉट टेस्ट किया गया। इस दौरान इंजीनियरों ने रॉकेट के प्रोपल्शन में लिक्विड ऑक्सीजन के रिसाव का पता लगाया। इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने कहा कि इसरो, एक्सिओम और स्पेसएक्स विशेषज्ञों के बीच विचार-विमर्श के आधार पर रिसाव ठीक करने और फिर उसके अतिरिक्त सत्यापन करने का निर्णय लिया गया है। इसे ठीक करने के बाद मिशन की नई तारीख की घोषणा की जाएगी।

## परिवार ने सोनम से सारे रिश्ते तोड़े, भाई बोला फांसी मिले

### इंदौर में राजा रघुवंशी के घर पहुंचे गोविंद, कहा-मैं सच के साथ हूं

इंदौर, एजेंसी

राजा रघुवंशी हत्याकांड की प्रमुख आरोपी और उनकी पत्नी सोनम के भाई गोविंद रघुवंशी ने बुधवार को कहा कि वह मृतक के परिवार के साथ हैं और अगर उनकी बहन इस मामले में दोषी पाई जाती है, तो उसे फांसी की सजा मिलनी चाहिए।

उन्होंने यह घोषणा भी की कि उनके परिवार ने सोनम से सारे संबंध तोड़ लिए हैं और उसे सजा दिलाने के लिए राजा रघुवंशी के परिवार की ओर से वह खुद कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। अचानक राजा रघुवंशी के इंदौर स्थित घर पहुंचे गोविंद, राजा की मां उमा से लिपटकर फूट-फूट कर रोए। यह पूछे जाने पर कि क्या दोषी पाए जाने पर सोनम को फांसी की सजा होनी चाहिए, गोविंद ने कहा कि सोनम दोषी पाई जाती है, तो उसे फांसी की सजा मिलनी चाहिए। मैं खुद अदालत में राजा रघुवंशी के परिवार की ओर से पैरवी के लिए वकील नियुक्त करूंगा। कहा कि मैं सच के साथ हूं। राजा रघुवंशी के परिवार ने एक बेटा खोया है। मैंने परिवार से माफी मांग ली है।



राजा रघुवंशी की मां को ढांढस बंधाते गोविंद।

### सोनम और राज कुशवाह के बीच प्रेम संबंधों को नकारा

बहरहाल, सोनम और मामले के एक अन्य प्रमुख आरोपी राज कुशवाह के प्रेम संबंधों को उन्होंने नकार दिया। गोविंद ने कहा कि राज, सोनम को हमेशा दीदी बोलता था। सोनम ने मेरे घर में मुझे और राज को एक साथ बिठाकर राखी बांधी है। उन्होंने कहा, राज हमारा कर्मचारी मात्र था। वह हमारे दफ्तर में दो-तीन साल से काम कर रहा था। वह दफ्तर का प्रबंधन और ग्राहक संभालता था।

### सोनम व उसके साथियों को 8 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

**शिलांग।** मेघालय में हनीमून के दौरान पति राजा रघुवंशी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार सोनम रघुवंशी और उसके चार अन्य साथियों को शिलांग की एक अदालत ने बुधवार को आठ दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। पूर्वी खासी हिल्स जिले के एसपी विवेक सायम ने बताया कि पुलिस ने सभी आरोपियों की 10 दिन की रिमांड मांगी थी लेकिन अदालत ने आठ दिन की पुलिस हिरासत मंजूर की।

## अब आधार प्रमाणित उपयोगकर्ता ही बुक कर सकेंगे तत्काल टिकट

- **1 जुलाई से आईआरसीटीसी एप वेबसाइट से बुकिंग में बदलाव**
- **15 जुलाई से आधार-आधारित ओटीपी भी अनिवार्य**

नई दिल्ली, एजेंसी

रेल मंत्रालय ने कहा है कि 1 जुलाई 2025 से तत्काल योजना के तहत वह उपयोगकर्ता ही टिकट बुक कर सकेंगे जिन्होंने आधार के जरिए सत्यापन कराया हो।

मंत्रालय ने 10 जून 2025 के एक परिपत्र में सभी जोन को सूचित किया कि निर्णय यह सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है कि तत्काल योजना का लाभ आम उपयोगकर्ताओं को मिले। मंत्रालय ने कहा कि 01 जुलाई 2025 से तत्काल योजना के तहत टिकट आईआरसीटीसी की वेबसाइट/इसके एप से केवल वह उपयोगकर्ता ही बुक कर सकेंगे, जिन्होंने आधार के जरिए सत्यापन कराया हो। 15 जुलाई से तत्काल बुकिंग के लिए आधार-आधारित ओटीपी प्रमाणीकरण भी अनिवार्य कर दिया जाएगा। परिपत्र में कहा गया है कि तत्काल टिकट यात्री आरक्षण प्रणाली/अधिकृत एजेंटों के माध्यम से बुकिंग के लिए तभी उपलब्ध होंगे, जब सिस्टम द्वारा उत्पन्न ओटीपी का सत्यापन होगा, जो बुकिंग के समय उपयोगकर्ताओं द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर पर भेजा जाएगा।

### दो रेलवे ट्रैक दोहरीकरण परियोजनाओं को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को झारखंड, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के सात जिलों से होकर गुजरने वाली दो रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी, जिनकी कुल लागत 6,405 करोड़ रुपये है। मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) की बैठक यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई।

## शहर में आज



☞10वीं व 12वीं के मेधावियों का सम्मान समारोह पंचायत भवन सभागार में 11 बजे।

☞69वां रेल सप्ताह के अन्तर्गत रेल सेवा पुरस्कार समारोह आफिसर्स क्लब में 11 बजे।

☞प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सरकार के 11 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर टिमिट सभागार में प्रबुद्ध सम्मेलन शाम 4 बजे ।

☞साहित्यिक मुरादाबाद की ओर से स्मृतिशेष राजेन्द्र मोहन शर्मा श्रृंग स्मृति सम्मान समारोह व संगोष्ठी आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कॉलेज मिलन विहार में शाम 4 बजे।

# टीएमयू मेडिकल पीजी के नये विद्यार्थियों को समझाया एथिक्स

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- प्रथम वर्ष के जूनियर डॉक्टर्स का ओरिएंटेशन प्रोग्राम सम्पन्न

**अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में एमडी और एमएस 2024-25 बैच के मेडिकल पीजी ओरिएंटेशन प्रोग्राम में 136 नये विद्यार्थियों को हॉस्पिटल और कॉलेज की फैसेलिटीज, कार्यप्रणाली, पेशेंट्स, तीमारदारों और सहकर्मियों से बातचीत के तरीकों की जानकारी दी।

फैकल्टी ऑफ मेडिसिन साइंसेज के डीन प्रो. एसके जैन मुख्य अतिथि रहे। जबकि मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह विशिष्ट अतिथि रहे। इस दौरान ओरिएंटेशन प्रोग्राम के ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन प्रो. वीके सिंह, को-ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन व मेडिकल के वाइस प्रिंसिपल प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा, ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी प्रो. अमित सराफ और ज्वाइंट ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी प्रो. राजुल रस्तोगी आदि भी मौजूद रहे। मेडिकल कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा और फिजियोलॉजी के हेड डॉ. जयबल्लभ कुमार ने एडीआर रिपोर्टिंग/फर्माकोविजिलेंस, प्रिस्क्रिप्शन राइटिंग और रेसनल यूज ऑफ ड्रग्स के बारे में बताया। माइक्रोबायोलॉजी के एचओडी डॉ. उमर फारूख ने मेडिकल वेस्ट का निपटान करने के सुरक्षित तरीके तो रेडियोडाग्नोसिस विभाग के हेड प्रो. विजय प्रताप सिंह और डॉ. सौभाग्या ने रेडियोलॉजिकल पर प्रकाश डाला।

### स्वयंसेवी संस्थाएं खुद के लगाए वाटर पोस्ट की नहीं कर रहीं देखभाल

# दिखावा बने कई सार्वजनिक वाटर पोस्ट, टूटी पड़ी हैं टोटियां

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महानगर में कई स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा लगवाए गए सार्वजनिक वाटर पोस्ट दिखावा साबित हो रहे हैं। इन्हें लगवाकर संस्थाओं ने अपने नाम का टैग तो जड़ दिया लेकिन इसके रखरखाव के प्रति उदासीन हैं। जिससे भीषण गर्मी में लोगों की प्यास बुझाने के लिए बने वाटर पोस्ट खुद की उपेक्षित हैं।

जून में भीषण गर्मी में जन सामान्य खासकर गरीब वर्ग के लोगों की प्यास बुझाने के लिए कई स्वयंसेवी संस्थाओं ने महानगर के सिविल लाइंस स्थित पीलीकोठी चौराहे के पास एक कॉलेज के बाहर और कांठ रोड पर भी एक कॉलेज के बाहर वाटर पोस्ट बनवाया। इस पर संस्था नाम भी टैग हो गया। इसके अलावा कांठ रोड पर एक अस्पताल के बाहर लगे वाटर पोस्ट की स्थिति भी दयनीय है। कहीं टोटियां गायब हैं तो कहीं टूटी। वाटर पोस्ट को देखकर लग रहा है जैसे कई वर्षों से इसके खुद के हलक सूखे हैं।



विकास भवन के सामने लगे रेफ्रिजरेटर में निकल रहा गर्म पानी।



आशियाना कॉलोनी में पानी भरता युवक। • अमृत विचार

वहीं कांठ रोड पर अस्पताल के बाहर लगे वाटर पोस्ट से दिन में इतना गर्म पानी निकल रहा था कि जैसे उसे उबाल कर रखा गया हो। एक व्यक्ति प्यास लगने पर पानी पीने आया तो पानी इतना गर्म था कि वह बोतल में भरने के बाद उसे गिराकर चला गया। इसके बाद वह आसपास के दुकान पर पानी के लिए भटकता रहा। ऐसी ही स्थिति कई अन्य सार्वजनिक वाटर पोस्ट की है। जो केवल नाम मात्र के रह गए हैं। कई जन प्रतिनिधियों के निधि से लगे वाटर कूलर भी देखरेख न होने से लोगों की प्यास नहीं बुझा पा रहे हैं। भीषण गर्मी में सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था ठीक न होने से लोगों को प्यास बुझाने के लिए बोतलबंद पानी का सहारा लेना पड़ रहा है।

- संस्थाएं फ्रीजर लगवाने के बाद नहीं कर रहीं उनकी देखभाल


## एक कदम सनातन की ओर



श्रीमद्भागवत कथा, श्री राम कथा, शिवपुराण कथा एवं अन्य सभी धार्मिक अनुष्ठानों का संगीतमय एवं भक्तिमय आयोजन किया जाता है।

अपनी श्रद्धा को संगीत और भक्ति से जोड़ें। धार्मिक आयोजनों के लिए आज ही संपर्क करें!

स्थानः गोविंद नगर, ब्लॉक बी, मुरादाबाद - 244001

भागवत आचार्यः श्री शिव कुमार जी

संपर्क करें: 9410478735


# आज से पड़ सकती हैं प्री मानसून की फुहारें

### तापमान 1 डिग्री कम, धूप से बचने के लिए छांव की तलाश की, प्यास बुझाने के लिए भटके लोग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सूरज की तपिश बुधवार को भी बरकरार रही। हालांकि मंगलवार की अपेक्षा अधिकतम तापमान में एक डिग्री की कमी आई। जो 43 की जगह 42 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। गुरुवार से मौसम बिगड़ने का अनुमान मौसम विशेषज्ञ ने जताया है। 12-14 जून तक प्री मानसून की फुहारें पड़ेंगी। जिससे गर्मी व लू से फौरी तौर पर राहत मिलेगी। 20 जून या इसके बाद मानसून सक्रिय होगा।

गर्मी और लू से बेहाल लोगों के लिए राहत की खबर है। गुरुवार से तीन दिन 14 जून तक मौसम बिगड़ने का अनुमान है। प्री मानसून की फुहारों से चिलचिलाती उमस भरी गर्मी से आराम मिलेगा। हालांकि बुधवार को पूरे दिन सूरज की तपिश बरकरार रही। जबकि अधिकतम तापमान एक डिग्री कम होकर 42 पर आ गया। उमस ने लोगों को खूब परेशान किया। इस पर लो वोल्टेज ने बेदम कर दिया। कूलर, पंखा यहां तक की एसी के कूलिंग नहीं कर पाने से गर्मी से कहीं भी चैन नहीं मिला। रात में बिजली गुल होने पर वातानुकूलित कमरों में सोने वाले लोग सड़क पर टहलते दिखे।

दिन में गर्मी से व्याकुल लोग छांव व प्यास बुझाने के लिए पानी की तलाश में भटकते रहे। लोगों ने शीतल पेय से खुद को राहत देने की कोशिश की। ठेले पर बर्फ मिली गन्ने के जूस के लिए भीड़ रही। वहीं नारियल पानी, कोल्ड डिंक्स, आइसक्रीम से ही लोग गला तर करने में लगे रहे।

वहीं जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. एनके मिश्र ने कहा कि इन दिनों गर्मी के चलते मरीजों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि दोपहर में बहुत जरूरी होने पर ही घरों से निकलें। तेज धूप में डिहाइड्रेशन और चक्कर आने की संभावना को देखते हुए सावधानी बरतने की जरूरत है। इन दिनों बाजार में खुले में मिल रही खाद्य सामग्री का सेवन न करें। साथ ही गर्म पेय पदार्थ जैसे काफी, चाय का सेवन कम करें। शिकंजी, नीबू पानी, नारियल पानी का आदि का सेवन प्रचुर मात्रा में करें। पानी की कमी शरीर में न होने दें।

गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के मौसम विशेषज्ञ प्रो. आरके सिंह ने बताया कि 12-14 जून तक प्री मानसून की फुहारें पड़ेंगी। जिससे गर्मी और लू से थोड़ी राहत मिलेगी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में 20 जून या इसके बाद मानसून सक्रिय हो जाएगा।

- गुरुवार से मौसम बिगड़ने का अनुमान



दोपहर की गर्मी में कुछ इस तरह मुंह ढक कर निकली महिला। • अमृत विचार



दोपहर में दिल्ली रोड पर कुछ इस तरह निकले लोग। • अमृत विचार

# लो वोल्टेज और एक फेस का फाल्ट सही नहीं कर पाए बिजली कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- महानगर के एक दर्जन मोहल्लों में बिजली कटौती से लोग परेशान, पेयजल का भी संकट

**अमृत विचार :** बिजली विभाग 24 घंटे बिजली आपूर्ति देने के दावे पर खरा नहीं उतर रहा है। महानगर के कई मोहल्ले में बिजली का एक फेस गायब होने से प्रिंस रोड से गलशहीद तक के हजारों उपभोक्ता दो दिन से परेशान हैं तो कहीं कम वोल्टेज की समस्या से बिजली के उपकरण बेमतलब साबित हो रहे हैं। भीषण गर्मी में बिजली की अनियमित आपूर्ति से पेयजल का संकट भी बढ़ गया है।

बुधवार को सुबह से ही वितरण खंड द्वितीय और तृतीय में बिजली कटौती का संकट रहा। टैक्सी स्टैंड बिजली घर से संबंधित रोडवेज रोड और हरपाल नगर की बिजली आपूर्ति सुबह 8 बजे से ही परेशान करने लगी। हरपाल नगर निवासी अशोक अग्रवाल ने बताया कि पूरे दिन बिजली की आवाजाही रही। जिससे रोडवेज मार्ग पर दुकानों में ठंडे पानी की बोतल और कोल्ड ड्रिंक भी गरम हो गई। बिजली आपूर्ति एक से डेढ़ घंटे के लिए गुल रही। नवीन नगर में लोग पूरे दिन लोग परेशान रहे। प्रिंस रोड से लेकर गलशहीद तक एक हजार से अधिक उपभोक्ता 2 दिन से लो वोल्टेज और एक फेस की बिजली न आने से परेशान हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि दो दिन में कई बार गलशहीद विद्युत केंद्र और टैक्सी स्टैंड विद्युत केंद्र पर बिजली आपूर्ति में सुधार करने के लिए शिकायत की गई लेकिन समस्या जस की तस है। इससे पानी का संकट भी बना है।

> उम्मीद से अधिक गर्मी पड़ने से उपकरण भी हीट हो रहे हैं। उनके फुंकने से बचाने के लिए बीच में सप्लाई बंद की गई थी। एक फेस में फाल्ट को कई बार जोड़ा गया लेकिन उस लाइन पर अधिक लोड होने से समस्या बनी रही।
>
> **-विजय कुमार गुप्ता,** अधीक्षण अभियंता नगरीय

## आईटीआई में प्रशिक्षण के लिए 22 जून तक करें आनलाइन आवेदन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में विभिन्न व्यवसायों में अगस्त से प्रारम्भ होने वाले प्रशिक्षण सत्र के लिए बेवसाइट http://www.scvtup.in पर तिथि 5 जून तक थी, जिसे बढ़ाकर 22 जून कर दिया गया है।

प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई संजीव कुमार जैन ने बताया कि जिले में सर्वप्रथम अभ्यर्थी को अपना मोबाइल नम्बर पंजीकृत करना होगा तथा ओटीपी के माध्यम से सत्यापित करना होगा। फार्म भरने के पश्चात Online fee जोकि सामान्य/ओबीसी के लिए रुपये 250 और अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए रुपये 150 का भुगतान करना होगा। फीस स्वीकृत होने के बाद भरे फार्म का एक प्रिंटआउट अपने पास अभ्यर्थी को समय पर मांगे जाने के लिए सुरक्षित रखना होगा।

## प्रकृति की मार झेल रहा किसान, फसल सूखने की कगार पर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिले में 3 लाख से अधिक किसान बिजली की समस्या से जूझने के बाद अब प्रकृति की मार भी झेल रहे हैं। भीषण गर्मी के कारण फसलें सूखने की ओर हैं। वहीं फसलों को पानी देने के लिए निजी नलकूप चलाने पर किस पर आर्थिक मार भी पड़ रही है। किसान की मक्का, उड़द और मेंथा की फसल में आने वाली लागत बारिश न होने से दो गुना बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि मानसून के इंतजार फसल सूखने की ओर बढ़ती दिखाई दे रही है। अगर 15 दिन ऐसी गर्मी रही और इंद्रदेव को तरस नहीं आया तो किसानों की फसल सूख जाएगी। जिला कृषि अधिकारी राजेंद्र सिंह का कहना है कि मुरादाबाद संचित जिला है। धान और मेंथा की फसल को अधिक पानी चाहिए। लेकिन मक्का, उड़द और सब्जियां कम पानी की फसल हैं। हालांकि अभी फसल सूखने की कोई जानकारी कहीं से नहीं मिली है।

## चार्लापल्ली-देहरादून समर स्पेशल ट्रेन का किया विस्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** यात्रियों की बढ़ती मांग एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे द्वारा समर स्पेशल ट्रेन संख्या 07077-07078 (चार्लापल्ली–देहरादून–चार्लापल्ली) के संचालन में तीन-तीन फेरों का विस्तार किया गया है। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि ट्रेन संख्या 07077 (चार्लापल्ली से देहरादून) अब अतिरिक्त रूप से 17 जून एवं 24 जून 2025 को चार्लापल्ली से चलेगी। वहीं ट्रेन संख्या 07078 (देहरादून से चार्लापल्ली) 12 जून, 19 जून एवं 26 जून 2025 को देहरादून से रवाना होगी। यात्रियों से अपील है वह इस सेवा का लाभ उठाएं और यात्रा से पहले आधिकारिक वेबसाइट या नजदीकी रेलवे स्टेशन से समय व सीट की उपलब्धता की जानकारी कर लें।

# ऋण योजनाओं में बैंकों की उदासीनता से डीएम नाराज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बैंकर्स को कार्यप्रणाली में सुधार लाने के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने ऋृण योजनाओं में बैंकों द्वारा लापरवाही बरतने पर कड़ी नाराजगी जताकर कार्यप्रणाली में सुधार लाने का निर्देश दिया।

लीड बैंक प्रबंधक (एलडीएम) ने बताया कि जिले में ऋृण जमानुपात मार्च 2025 में मार्च 2024 के स्तर 66.55 से सुधकर 66.64 दर्ज किया गया। जनपद में कार्यरत सभी बैंकों की कुल जमा राशि 30465.25 करोड़ एवं ऋृण राशि 20336.56 करोड़ रही। सीडी रेशियो मानक से कम रहने वाले बैंकों के प्रतिनिधियों को जिलाधिकारी द्वारा सीडी रेशियो में प्रगति कर त्वरित कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मुरादाबाद में सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया, केनरा बैंक, यूको बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की स्थिति ऋृण जमा अनुपात में खराब पाई गई। बैठक में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में लोन वितरण संबंधी कार्यवाहियों के अन्तर्गत बैंकों द्वारा उदासीनता प्रदर्शित एवं खराब प्रगति होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूहों को क्रेडिट लिकेंज में लक्ष्य के सापेक्ष ऋृण प्रदान करने में सबसे ज्यादा देरी प्रथमा बैंक की होने पर जिलाधिकारी नाराज हुए। लंबित मामलों को तेजी से निस्तारित करने का निर्देश दिया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूह को दिए जाने वाले लोन के संबंध में खराब स्थिति वाले बैंकों को लम्बित आवेदनों को त्वरित कार्रवाई कर आवेदनों का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

प्रधानमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार सृजन कार्यक्रम, पीएम सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना सहित इत्यादि लाभार्थीपरक योजनाओं पर बैंकों द्वारा की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने बैठक में संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार, एलडीएम, उप निदेशक कृषि संतोष द्विवेदी, नाबार्ड एवं आरबीआई के अधिकारी सहित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।




कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिलाधिकारी अनुज सिंह, साथ में अन्य अधिकारी।


## बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय



प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ सत्र : 2025-26

Accreditations, Affiliations & Approvals

University Grants Commission of India | Medical Council Of India | Dental Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council | Association of Indian Universities | Uttar Pradesh State Medical Faculty

### प्रस्तुत पाठ्यक्रम

CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध

**मेडिकल साइंसेस**
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

**डेंटल साइंसेस**
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स

**नर्सिंग विज्ञान**
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

**फार्मेसी**
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी )

**पैरामेडिकल साइंसेस**
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)

**फोरेंसिक साइंसेस**
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान

**मैनेजमेंट एंड कॉमर्स**
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

**ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म**
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053

पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in


**बदलाव** संजीवनी बूटी लाने, लंका में हनुमान सीता संवाद, लंका दहन आदि किया है जीवंत चित्रण

# रामायण के प्रसंगों का चित्रण कर रही हनुमान वाटिका

विनोद श्रीवास्तव, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महानगर बदले मुरादाबाद का पर्याय बन गया है। महानगर में दिल्ली, रामपुर, कांठ रोड से प्रवेश करने वालों को अब नये स्वरूप का दर्शन हो रहा है। इसमें एक महत्वपूर्ण उपलब्धि और जुड़ गई है। दिल्ली रोड पर बुद्धि विहार में नगर निगम द्वारा स्थापित हनुमान वाटिका बजरंग बली के भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र है। वाटिका में हनुमान जी के जीवन से जुड़ी विभिन्न घटनाओं का जीवंत चित्रण किया गया है।

बुद्धि विहार में बने हनुमान वाटिका की दीवारों पर हनुमान जी के जन्म, सुग्रीव व श्रीराम का मिलाप कराने, लंका में अशोक वाटिका में माता सीता को प्रभु श्रीराम की मुद्रिका देने, मेघनाद द्वारा लक्ष्मण पर प्रहार से मूर्छा आने के बाद वैद्य के बताने पर संजीवनी बूटी लाने आदि के विभिन्न दृश्यों का जीवंत चित्रण स्कल्पचर के माध्यम से किया गया है। जो बरबस ही लोगों को अपनी ओर खींच रही हैं। इस हनुमान वाटिका में कई दीवारों पर अन्य दृश्यों को भी रेखांकित किया गया है। जो श्री हनुमान और प्रभु श्रीराम के भक्तों को आकर्षित कर रहा है।

इसके अलावा हनुमान वाटिका में हनुमान चालीसा का पूरा पाठ टंकित किया गया है। जो भक्ति भाव को बढ़ा रहा है। इसके दर्शन से लोग अपने को धन्य समझेंगे। साथ ही यह सनातन धर्म व परंपरा को नई पीढ़ी को विरासत के रूप में संजोने का माध्यम बनेगा।



बुद्धि विहार में निगम की ओर से स्थापित हनुमान वाटिका में संजीवनी बूटी लाने व अन्य दृश्यों का किया गया चित्रण । • अमृत विचार

### हनुमान वाटिका बढ़ा रही सनातन के प्रति आस्था

हनुमान वाटिका में बजरंग बली के जीवन से जुड़ी विभिन्न घटनाओं को चित्रित किया गया है। भित्ति चित्रण का यह अनूठा उदाहरण है। इसके दर्शन से युवा पीढ़ी को त्रेता युग में राम रावण युद्ध, प्रभु हनुमान के बल व शौर्य के बारे में जानने समझने का अवसर मिलेगा।

> हनुमान वाटिका मुरादाबाद में धार्मिक विश्वास व आस्था का केंद्र है। इसके माध्यम से लोगों को सनातन परंपरा को जानने समझने का अवसर मिलेगा। साथ ही नई पीढ़ी की इसके प्रति ज्ञान व जिज्ञासा का समाधान होगा। यह महानगर के लिए कला व धर्म का अद्वितीय उदाहरण है।
>
> **-दिव्यांशु पटेल,** नगर आयुक्त

## 28 पैथलैब का पंजीयन कराने वाला चिकित्सक ब्लैकलिस्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** एक नाम से कई पैथलैब संचालित करने का खेल नया नहीं है। अन्य शहरों में इस तरह के मामले पकड़ में आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की ओर से कार्रवाई हुई है। मुरादाबाद में भी इस तरह का मामले की सत्यता पुष्ट होने पर स्वास्थ्य विभाग ने चिकित्सक को जिले में ब्लैक लिस्ट कर दिया है।

एमबीबीएस एमडी पैथ डिग्रीधारक डॉ. मनोज वार्ष्णेय के नाम पर 28 पैथलैब का रजिस्ट्रेशन है। उन्होंने गांधीनगर में 29वीं पैथलैब के रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन किया तो पोर्टल ने निरस्त कर दिया। डिप्टी सीएमओ और क्लीनिक पंजीकरण व नवीनीकरण के नोडल डॉ. संजीव बेलवाल ने बताया जिले में डॉ. मनोज कुमार वार्ष्णेय को काली सूची में डाल दिया गया है। वहीं, उनकी डिग्री निरस्त करने और पंजीयन वाली पैथलैब का रजिस्ट्रेशन निरस्त कराने के साथ ही वह अब कहीं ओर रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन न कर सकें। इस संबंध में मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया को पत्र भेजने की प्रक्रिया चल रही है।

**आज का मौसम**

मौसम सामान्य, तेज धूप रहेगी।

41.0⁰ अधिकतम तापमान | 30.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:16 | सूर्यास्त 07:13

# हाईवे पर डिवाइडर पर चढ़ी कार, सवार घायल

संवाददाता, पाकबड़ा



पाकबड़ा में डिवाइडर पर चढ़ी कार।

**अमृत विचार :** हाईवे पर तेज रफ्तार कार डिवाइडर पर चढ़ गई। हाईवे पर कार चढ़ने से अफरातफरी मच गई। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। उसमें बैठे सभी लोगों को मामूली से चोटें आईं। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को हाईवे से हटवाया। सभी लोगों को सुरक्षित घर भेज दिया गया।

बुधवार शाम को दिल्ली लखनऊ हाईवे पर हॉलीडे रिजेंसी के सामने तेज रफ्तार से आ रही कार अचानक से डिवाइडर पर चढ़ कर काफी दूर तक दौड़ती गई। इससे कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि उसमें बैठे सभी लोगों को मामूली चोटें आई। इसके चलते हाईवे पर जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को हाईवे से हटवाया। उसके बाद जाम खुलवाकर यातायात सुचारु कराया। गुरेठा निवासी मनीष चौधरी ने बताया कि मैं कार चला रहा था। कार बीच में चल रही थी। अचानक से एक तरफ से ट्रक दूसरी ओर से ऑटो आ गया। उसे बचाने के चक्कर में जैसे ही साइड में गाड़ी की वह डिवाइडर पर चढ़ गई और बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई। गनीमत रही कि किसी को भी ज्यादा चोट नहीं आई।

## उत्तर प्रदेश किसान सभा ने बिजली निजीकरण एग्रीकल्चर मार्केटिंग मसौदे का किया विरोध

# डीएम कार्यालय पर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद




विरोध प्रदर्शन करते उत्तर प्रदेश किसान सभा के कार्यकर्ता। • अमृत विचार

- बिजली विभाग की स्मार्ट मीटर योजना रद करने की मांग की

**अमृत विचार :** बिजली का निजीकरण और स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध करते हुए उत्तर प्रदेश किसान सभा के जिलाध्यक्ष कासिम अली के नेतृत्व में जुलूस निकाल कर जिलाधिकारी के कार्यालय पर प्रदर्शन किया। जिला प्रशासन के अधिकारी को बिजली के निजीकरण और स्मार्ट मीटर की योजना को रद करने, बिजली दरों में वृद्धि का प्रस्ताव वापस करने समेत अन्य मांगों का ज्ञापन सौंपा।

बुधवार को बिजली कर्मचारियों द्वारा हो रहा उत्पीड़न बंद करो, विद्युत निजीकरण और स्मार्ट मीटर योजनाओं को वापस लो के नारे लगाते हुए उत्तर प्रदेश किसान सभा के जिलाध्यक्ष कासिम अली के नेतृत्व में कार्यकर्ता जुलूस की शक्ल में जिलाधिकारी के कार्यालय पर पहुंचे। वहां उन्होंने जमकर नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि एग्रीकल्चर मार्केटिंग का मसौदा वापस होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक ओर तो सरकार बिजली का निजीकरण कर रही है वहीं दूसरी ओर अमेरिका के साथ समझौता करके नेशनल पॉलिसी फ्रेमवर्क ऑन एग्रीकल्चर मार्केटिंग के तहत सभी कृषि उत्पादों को निजी कंपनियों के मुक्त व्यापार के हवाले कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान दौर में जहां मानव जीवन के हर क्षेत्र में बिजली की आवश्यकता है।

इसलिए सरकार की जिम्मेदारी है कि सभी लोगों को बिजली आसानी से उपलब्ध कराए। निजीकरण से बिजली महंगी होगी जिससे जनता की जेब पर बोझ पड़ेगा। भारत सरकार ने 24 नवंबर 2024 को नेशनल पालिसी फ्रेमवर्क ऑन एग्रीकल्चर मार्केटिंग का मसौदा जारी किया था। जिसके चलते सरकार ने अमेरिका के साथ व्यापार अंतरिम समझौता जुलाई के प्रथम सप्ताह तक होने की घोषणा की जा रही हैं। इस समझौते में कृषि जिंसों को भी शामिल किया गया है। यह पालिसी खाद्य पदार्थों के उत्पादन, परिवहन, प्रसंस्करण, पैकेजिंग, भंडारण और मार्केटिंग को निजी कंपनियों के हवाले करने की नीति है। इस मौके पर कासिम अली सहित थान सिंह, चंद्रपाल सिंह आजाद, विक्रम सिंह, शरीफ अहमद, याकूब सैफी, जुल्फिकार अहमद सैफी, सुशील बिश्नोई, महिपाल सिंह संजीव कुमार, मुकेश कुमार, बृजराम सिंह, एसपी सिंह, मुस्तलिव, नाजिम पाशा, आसिम पाशा, खालिद पाशा, दानिश आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### रोल बॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे 4 खिलाड़ी



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रीय रोल बॉल प्रतियोगिता के लिए जिले के चार खिलाड़ियों का उत्तर प्रदेश की रोल बॉल टीम में चयन हुआ है। जिसमें शिवओम सैनी, गोविंद गौर, सचिन सैनी और खेतान सैनी शामिल हैं। जिला रोल बॉल संघ के सचिव शाहवेज अली ने बताया कि रांची के स्पोर्ट्स स्टेडियम में 12 से 15 जून तक होने वाली पांचवीं फेडरेशन कप रोल बॉल प्रतियोगिता में ये चारों खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस प्रतियोगिता में देश भर से टॉप 10 राज्यों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। सभी खिलाड़ी रांची के लिए रवाना हो चुके हैं। इस अवसर पर जिला रोल बॉल संघ के अध्यक्ष गौरव गुप्ता, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. जी कुमार, डॉ. अजय शर्मा, डॉ. गरिमा शर्मा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके बेहतर प्रदर्शन करने की कामना की।

### विवाहिता को घर से निकाला, 8 पर रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइंस क्षेत्र के हरथला निवासी ठाकुरदास ने बेटी राधा की शादी वर्ष 2023 में मझोला थाना क्षेत्र के बैंक कालोनी निवासी राजीव सैनी के साथ की थी। राधा ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि शादी के कुछ दिनों बाद ही पति व ससुरालियों ने दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। दहेज लाने से मना करने पर पति राजीव सैनी, ससुर राकेश सैनी, देवर अमन, किशन, सास भगवती, नंद मंजू, नीलम और नंदोई प्रमोद ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। एसएसपी के आदेश पर मझोला पुलिस ने पति समेत आठ ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक आरपी शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन के जिला सचिव के बेटे की गोली मारकर हत्या

## हत्या करने के बाद खाली प्लाट में लाश फेंक कर फरार हो गए आरोपी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



घटनास्थल पर जानकारी लेते एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह। • अमृत विचार

- दोस्तों पर जा रहा पुलिस का शक युवक का फोन भी ले गए आरोपी

**अमृत विचार :** मझोला क्षेत्र में आल इंडिया ट्रेड यूनियन के जिला सचिव संजीव शुक्ला के बेटे अमन शुक्ला की बीते मंगलवार की रात गर्दन में गोली मारकर हत्या कर दी गई। युवक की हत्या करने के बाद आरोपी शव को खाली प्लाट में फेंक कर फरार हो गए। बुधवार को सुबह शांति नगर में एक खाली प्लाट में युवक का शव पड़ा मिला। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस युवक के दोस्तों पर ही हत्या करने का शक जाहिर कर रही है।

थाना मझोला क्षेत्र के मंडी समिति पैपटपुरा निवासी संजीव शुक्ला एक फर्म में काम करते हैं और आल इंडिया ट्रेड यूनियन के जिला सचिव हैं। मंगलवार की शाम इनका 20 वर्षीय बेटा अमन घर टहलने के लिए निकल गया। देर शाम तक जब वह वापस नहीं लौटा तो पिता ने फोन मिलाया, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद उसकी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। बुधवार को सुबह अमन का शव शांति नगर में प्रधानमंत्री आवासी योजना के सामने एक खाली प्लाट में पड़ा हुआ मिला। रात में किसी वक्त उसके गर्दन पर गोली मारकर हत्या कर दी थी। शव देख लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह, सीओ कुलदीप कुमार गुप्ता पुलिस बल के साथ पहुंच गए। शव की शिनाख्त कर परिजनों को बुला लिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पिता संजीव शुक्ला के शिकायती पत्र पर अज्ञात आरोपियों की खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस की अभी तक की जांच में पता चला है कि अमन की हत्या उसके दोस्तों ने ही की है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, लेकिन किसी भी फुटेज में आरोपित नहीं मिले हैं। आरोपी युवक की हत्या करने के बाद उसका मोबाइल भी साथ ले गए।

एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि युवक के गर्दन पर गोली मारकर हत्या की है। हत्या क्यों की गई है इसका कारण स्पष्ट नहीं है। कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## मुरादाबाद जर्नलिस्ट क्लब के अध्यक्ष सुशील आकाश बने महासचिव

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुरादाबाद जर्नलिस्ट क्लब की बैठक बुधवार को सिविल लाइंस स्थित आंबेडकर पार्क में हुई। बैठक में क्लब के अध्यक्ष एवं महासचिव के लिए चुनाव हुआ। बैठक की अध्यक्षता क्लब के संरक्षक एवं चुनाव अधिकारी राजीव शर्मा और पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद इमरान खान ने की। चुनाव के बाद घोषित परिणाम में अध्यक्ष सुशील कुमार और महासचिव आकाश शर्मा को चुना गया। दोनों की घोषणा क्लब के संरक्षक और चुनाव अधिकारी राजीव शर्मा ने की। अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह ने कहा कि वे पत्रकारों की समस्याओं के समाधान और क्लब की गरिमा को बनाए रखने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेंगे। इस अवसर पर कमल दीप सिंह, शकील सैफी, शांतनु राय, निमित जयसवाल, डायमंड यादव, अंशुल चौहान, अमन वारसी, सोहेल खान अविनाश कुमार, जगत शरद गौतम, रूपक त्यागी, यासीन मलिक, गोविंद पाल, अंकित शर्मा रहे।

## सार-संक्षेप

### ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा पर की श्रीरामगंगा मैय्या की महाआरती, भोग लगाकर प्रसाद बांटा




**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रीय पुजारी परिषद की ओर से कटघर रेलवे स्टेशन के पास प्राचीन गंगा मंदिर में ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा पर श्री रामगंगा मैय्या की महाआरती और सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन हुआ। परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तौगी ने कहा कि मां गंगा और उनकी सहायक नदियों के प्रति हिंदू समाज की गहरी आस्था है। मान्यता के अनुसार ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा पर जो लोग गंगा स्नान करते हैं उन्हें पापों से मुक्ति मिलती है। रामगंगा नदी में बढ़ते प्रदूषण पर परिषद के पदाधिकारियों ने चिंता जताई और रामगंगा में मिल रहे गंदे नाले तुरंत बंद किए जाने की मांग की। महाआरती के बाद भोग लगा कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर जगद्गुरू साध्वी राघवेंद्री महाराज, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की महानगर संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता, आचार्य पंडित विनीत शर्मा, आचार्य भूदेव शास्त्री, आचार्य कामेश्वर मिश्रा, पंडित विनोद शर्मा, पुजारी भारत सिसोदिया, पुजारी महेंद्र, मनोज व्यास, वीरेंद्र शर्मा, सुरेश गुप्ता वंदना शर्मा आदि मौजूद रहे।

### सब्जीपुर उमरी में स्थापित होगी 71 फीट ऊंची हनुमान जी की प्रतिमा, भूमि पूजन किया



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** श्री राम बालाजी धाम बाबा नीव करौरी आश्रम ट्रस्ट ग्राम सब्जीपुर उमरी पाकबड़ा द्वारा प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद से मंदिर परिसर में 71 फीट ऊंची हनुमान जी की मूर्ति के निर्माण कार्य का आरंभ बुधवार को भूमि पूजन कर किया गया। इसमें सबसे पहले आचार्य धीरेंद्र शास्त्री बागेश्वर सरकार द्वारा पूर्व में पूजित 11 शिलाएं स्थापित की गईं। सभी देवी देवताओं का आह्वान कर प्रभु श्रीराम, हनुमान जी और गुरुदेव नीव करौरी महाराज जी का आशीर्वाद प्राप्त कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया। ट्रस्ट के संस्थापक और अध्यक्ष ने बताया कि हनुमान जी की 71 फीट की जो मूर्ति बन रही है वह सभी हनुमान भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र होगी। क्योंकि जिले में इतनी बड़ी हनुमान जी की प्रतिमा नहीं है। सभी ने संकल्प लिया कि कार्य को शीघ्र पूरा किया जाएगा। पूजन के दौरान राकेश कुमार गुप्ता, विनीत गुप्ता, देवेंद्र बिष्ट, राजकुमार शर्मा, शैलेंद्र प्रकाश गुप्ता, गौरव अग्रवाल, पंडित केशव दत्त शर्मा, जयदेव यादव, पेरिस सक्सेना, सोहन गुप्ता, संजीव कपूर, शुभम, ओमपाल, अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# सोशल डिस्टेंसिंग का नहीं हो रहा पालन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



जिला अस्पताल में पास-पास खड़े जांच कराने आए मरीज। • अमृत विचार

- सेनेटाइज करने के लिए भी अस्पताल में कोई व्यवस्था नहीं

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए जिम्मेदारों की ओर से कोई पर्याप्त प्रबंध नहीं किए गए हैं। उपचार के लिए आने वाले मरीज पर्चा बनवाने से लेकर ओपीडी में डॉक्टर को दिखाने और दवा लेने तक कहीं भी सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं कर रहे हैं। यही नहीं मरीजों को जागरूक करने के लिए विभागीय अधिकारियों को किसी तरह की कोई व्यवस्था नहीं की है। सेनेटाइज करने के लिए भी अस्पताल में कोई व्यवस्था नहीं है।

**रिपोर्ट भेजने पर शिथिलता बरतने वालों पर होगी कार्रवाई :** डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि सरकारी और निजी पैथलैब संचालकों को प्रतिदिन की जांच रिपोर्ट पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जांच रिपोर्ट की जानकारी सीएमओ कार्यालय में भी उपलब्ध कराएं। शिथिलता बरतने वाले संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि जिला अस्पताल की एमसीएच विंग में कोरोना संक्रमित मरीजों को आइसोलेट करने की व्यवस्था की गई है। यहां 40 बेड की व्यववस्था की है। इसके अलावा सीएचसी में पांच-पांच बेड आरक्षित करने के निर्देश दिए हैं। सीएचसी, पीएचसी व एडिशनल पीएचसी को मिलाकर 444 बेड हैं। ऑक्सीजन सपोर्ट से लेकर वेंटिलेटर व अन्य उपकरणों को क्रियाशील रखने के निर्देश दिए गए हैं। शासन के निर्देश पर ऑक्सीजन प्लांट, वेंटिलेटर व अन्य उपकरण चेक किए, सभी दुरुस्त हैं। सभी दवाइयां उपलब्ध हैं।

# जिम का पंजीकरण न होने पर वसूला जाएगा जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- शहर में कई जिम का संचालन हो रहा नियमों के विरुद्ध

**अमृत विचार :** खेल विभाग से बिना पंजीकरण के जिम संचालित करने वालों पर कार्रवाई होगी। क्षेत्रीय खेल कार्यालय की ओर से ऐसे जिम संचालकों की सूची तैयार की जा रही है, जिनका मानकों के विरुद्ध संचालन हो रहा है।

वर्तमान में महानगर में काफी संख्या में जिम संचालित हैं। इन जिम सेंटरों में मानकों के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है। किसी के पास विशेषज्ञ नहीं हैं तो कुछ बिना पंजीकरण के ही जिम चला रहे हैं। गली-मोहल्लों में जिम की संख्या लगातार बढ़ रही है। सेहत बनवाने के नाम पर प्रति घंटे हजारों रुपये वसूले जा रहे हैं। पीतलनगरी, बलदेवपुरी, कटघर, रामगंगा विहार समेत जिले के अन्य स्थानों पर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। प्रभारी क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी जितेंद्र यादव ने बताया कि सत्यापन के बाद कार्रवाई की जाएगी। सूची तैयार होते ही आगे की प्रक्रिया शुरू होगी।

### प्रोटीन के नाम पर सेहत से खिलवाड़

जिम में बॉडी बनाने के लिए आने वाले युवाओं को प्रोटीन के नाम पर प्रतिबंधित फूड सप्लीमेंट दिए जा रहे हैं। इससे उनके शरीर पर भी बुरा असर पड़ रहा है।

# 17 जून तक मांगें पूरी नहीं होने पर किसानों ने दी आंदोलन की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते भाकियू आराजनैतिक असली के सदस्य।

- भाकियू ने किसानों की समस्याओं को लेकर किया विरोध-प्रदर्शन

**अमृत विचार :** समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन के किसानों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। किसानों ने अपनी मांगें पूरी न होने पर नारेबाजी कर विरोध जताया। जिला प्रशासन के अधिकारी को अपनी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष ने 17 जून तक मांग पूरी न होने पर अनिश्चितकालीन धरना देने की दी चेतावनी है।

बुधवार को मूंढापांडे ब्लॉक के किसानों की समस्याओं को लेकर जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में किसानों ने जिलाधिकारी के कार्यालय पर विरोध-प्रदर्शन किया। जिला प्रशासन के अधिकारी को 5 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि काफी समय से समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। किसानों से जिला सहकारी बैंकों द्वारा कृषि ऋण पर 7 प्रतिशत ब्याज वसूला जा रहा है। मूंढापांडे ब्लॉक के भीतखेड़ा विद्युत केंद्र से किसानों के ट्यूबवेल, घरेलू बिजली की आपूर्ति बार-बार कट करने से 5 से छह घंटे आपूर्ति मिल पा रही है। भीतखेड़ा गांव में लगभग 300 मीटर रास्ता जर्जर है जो कई गांवों का एक दूसरे से जोड़ता है। कई बार शिकायत करने पर भी ठीक नहीं कराया गया। जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने कहा कि 17 जून तक मांगें पूरी न होने की दशा में आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान शिवराम सिंह, दिनेश सिंह, सतेंद्र सिंह रोहित सिंह, चौ. आनंद सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

# दो महीने से कूड़ा नहीं उठने से सड़क और नालियां भरीं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



खाली पड़े प्लाट में लगे कूड़े के ढेर।



खाली पड़े प्लाट में फैला कूड़ा। • अमृत विचार

- कूड़ा और नालियों का पानी लोगों के घरों के आगे बह रहा
- ग्रामीणों में संक्रामक बीमारी फैलने का बैठा डर

**अमृत विचार :** पंचायत राज विभाग की ओर सफाई के दावे गांवों में खारिज हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों और नालियों में पसरी गंदगी पंचायत राज विभाग की व्यवस्थाओं का बखान कर रही है। गांव के बीचों बीच खाली पड़े मैदान में कूड़े ढेर लगने के बाद अब कूड़ा सड़कों पर आ गया है। जिससे नालियों के पानी की निकासी भी बंद होने कारण अब नालियों का पानी घरों के जमा हो गया। परेशान ग्रामीणों की माने तो बरबारा मिलक माजरा में यह स्थिति दो महीने से बनी हुई है। गांव के प्रधान और सचिव से कई बार कहने के बाद भी महीनों से सफाई कर्मचारी गांव में नहीं आया है।

बुधवार को पंचायत राज विभाग द्वारा गांवों में साफ सफाई की व्यवस्था देखी। जिसमें बरबारा गांव की सड़कों पर पड़े कूड़े और नालियों में भरे कचरे के कारण सड़कों पर बह रहा नाली का पानी व्यवस्था की पोल खोल रहे थे। महीनों से गांव में सफाई कर्मचारी के न आने से गांव में पसरी गंदगी से बीमारी का डर लोगों को सता रहा है। वहीं गांव में कई खाली पड़े मैदानों और प्लाटों में लगे कूड़े के ढेर के पास मकानों में रहने कुछ लोग बीमारी की गिरफ्त में आ गए हैं। जिसमें गांव के रईसउद्दीन ने बताया कि उसके घर के पास ही खाली पड़े प्लाट में दो महीने से कूड़े के ढेर लगे हैं। जिससे रईसउद्दीन की 58 वर्षीय तसब्बुरी बेगम पिछले 15 दिन से बीमार पड़ी है। कूड़े के ढेर से गर्मी के कारण दुर्गंध आने लगी है। गांव के शहजाद आलम ने बताया कि गांव के प्रधान मोहम्मद अकरम से कई बार गांव में फैली गंदगी को साफ कराने के लिए कहा गया है लेकिन सफाईकर्मी के न आने की बात कह प्रधान ने टाल दिया।

> वैसे तो सभी सफाई कर्मचारियों को गर्मी में प्रत्येक गांव में रोज सफाई करने के लिए कहा गया है। अगर कोई सफाई कर्मचारी गांव में सफाई नहीं कर रहा है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बरबारा गांव में फैली गंदगी को प्रधान और सचिव दोनों की जिम्मेदारी बनती है। सचिवों को इसके नोटिस जारी किया जाएगा। और सफाई कर्मचारी की लापरवाही में वेतन रोके जाने तक की कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-वाचस्पति झा**, जिला पंचायत राज अधिकारी



मेरा घर गांव के बीचों बीच है। लेकिन गांव में चारों तरफ कुछ मैदान और लोगों प्लाट में लोग कूड़ा डाल रहे है। कूड़ा इतना बढ़ गया है कि अब कूड़ा सड़कों और नालियों में भर गया है। जिससे नालियों में बहने वाले पानी की निकासी बंद हो गई और नालियों को गंदा पानी सड़कों पर लोगों के घरों के आगे जमा हो गया है। जिस पर शाम होते ही मच्छरों के झुंड बैठने लगे हैं।

**-फात्मा बेगम**, गांव बरबारा



मेरे पापा की गांव में ही क्लिनिक है। हमारे मकान से सटे खाली पड़े प्लाट में पिछले तीन महीने से कूड़ा नहीं उठा है। कूड़ा अब हमारे घर के सामने तक आ गया है। घर के बाहर बनी नाली चोक होने से नाली के पानी के साथ कूड़ा भी सड़क पर बह रहा है।

**-मोहम्मद असलम**

# रामगंगा नदी में भैंसा-बुग्गी पलटने से महिला सहित 4 डूबे, बच्चे की मौत

## बेटे के साथ बुग्गी में बैठी थी महिला, दो किमी. दूर मिला बच्चे का शव

संवाददाता, ठाकुरद्वारा



घर पर रोते बिलखते बच्चे के परिजन व ग्रामीण। ● अमृत विचार



अमित का फाइल फोटो।

**अमृत विचार :** खेत से भैंसा-बुग्गी से रामगंगा नदी पार करते हुए नदी के बीच बुग्गी पलट गई। बुग्गी में बैठे 5 वर्षीय बच्चे सहित 4 लोग डूब गए। जिसमें एक व्यक्ति तैर कर बाहर आ गया, उसके शोर मचाने पर आसपास के किसान मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों ने महिला सहित 3 लोगों को सकुशल बचा लिया। लेकिन 5 साल बच्चों की मौत हो गई।

कोतवाली क्षेत्र की पुलिस चौकी सुरजननगर क्षेत्र के गांव रफायतपुर निवासी भारत सिंह सिंह की पत्नी सुलेखा अपने 5 वर्षीय बेटे अमित को साथ लेकर खेत पर काम कर रहे अपने पति भारत सिंह को दोपहर का खाना देने गई थी। लौटते समय गांव के तेज सिंह पुत्र दिलीप सिंह व मनोज अपनी भैसा बुग्गी से घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान भारत सिंह की पत्नी सुलेखा अपने 5 वर्षीय बेटे को गोद में लेकर भैसा बुग्गी में बैठ गई। रामगंगा नदी पार करते समय बुग्गी में लगा भैंसा नदी के गहरे पानी में चला गया। जब किसान ने उसे रोकने का प्रयास किया तो बीच नदी में बुग्गी पलट गई, जिसमें चारों लोग नदी में डूब गए। तेजपाल सिंह किसी तरह तैरकर बाहर निकाला और उसके शोर मचाने पर आसपास के किसान मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों ने मनोज सिंह पुत्र तेज सिंह, सुलेखा पत्नी भारत सिंह को बाहर निकाल लिया। लेकिन सुलेखा बेहोश हो गई थी। होश में आने पर उसने बताया कि उसका 5 वर्षीय बेटा भी उसके साथ था। जब उसकी तलाश की तो वह नहीं मिला।

इस पर 6 गोताखोरों ने गांव के देवेश कुमार, विकास कुमार, सर्वेश सिंह, छत्रपाल सिंह, बृजेश सिंह आदि ने नदी में कड़ी मशक्कत के बाद घटना से 2 किलोमीटर की दूरी पर 5 वर्षीय अमित को बाहर निकाला। आनन फानन में परिजन 5 वर्षीय अमित को लेकर सरकारी अस्पताल पहुंचे। लेकिन चिकित्सक ने उसे जांच कर मृत घोषित कर दिया। नदी में हुए हादसे की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। बच्चे की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। बाद में बिना किसी पुलिस कार्रवाई बच्चे के शव का अंतिम सस्कार कर दिया गया।

## एक नजर

### प्रधानाचार्य के अवकाश पर जाने पर नहीं हुई जांच

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** मुस्लिम इंटर कॉलेज के अध्यक्ष रफीक सैफी ने प्रधानाचार्य नईम अहमद पर गंभीर आरोप लगाते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक से शिकायत की थी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने जिला विद्यालय निरीक्षक कुचावली के प्रधान अध्यापक शाने आजम को जांच अधिकारी नियुक्त किया था। इस पर आपत्ति जताते हुए अध्यक्ष ने जांच अधिकारी बदलने की मांग की थी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने जांच अधिकारी बदलते हुए नगलिया जट बिलारी के राजकीय इंटर कॉलेज रघुपति देव को जांच अधिकारी नियुक्त किया था। रघुपति देव ने 10 जून की तिथि जांच के लिए नियत की थी। लेकिन मुस्लिम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नईम अहमद ने 9 और 10 जून का अवकाश ले लिया। जांच अधिकारी ने प्रधानाचार्य मिलने को पत्र भेज कर कहा है कि अब 12 जून को जांच होगी। 12 जून को प्रधानाचार्य उपलब्ध नहीं रहते हैं तो दूसरे पक्ष से सबूत लेकर आख्या उच्च अधिकारियों को भेज दी जाएगी।

### स्विमिंग पूल संचालकों पर पुलिस ने कसा शिकंजा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर में संचालित 5 स्विमिंग पुल के संचालकों को कोतवाली पुलिस ने कड़ी के चेतावनी जारी कर दी है। नगर में तीन स्विमिंग पूल रमनावाला रोड, एक स्विमिंग पूल उत्तराखंड राज्य की सीमा पर बिलाल मस्जिद के पास और एक स्विमिंग पूल वेयरहाउस के पीछे स्थित है। पिछले दिनों एक स्विमिंग पूल में युवक की मौत हो जाने के मामले में पुलिस ने स्विमिंग पूल संचालकों पर शिकंजा कस दिया है। प्रभारी निरीक्षक जसपाल सिंह ग्वाल ने संचालकों से दो कहा है कि स्विमिंग पूल में कोच लाइसेंस आदि सभी सुविधाएं न होने पर यदि स्विमिंग पूल चलता हुआ पाया जाता है तो कड़ी कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर संचालक को जेल भेजा जाएगा।

### 3 पिता-पुत्रों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**भोजपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने गांव कोहरवाकु निवासी नूर इलाही पुत्र अनवार की तहरीर पर गांव के महबूब पुत्र इमदाज और उसके दो बेटों निजामुद्दीन व शमसुद्दीन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपियों पर पुरानी रंजिश को लेकर पीड़ित को रास्ते में रोककर लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर देने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। केस की विवेचना उप निरीक्षक रजनीश पंवार कर रहे हैं।

## ईओ ने स्वयं अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश

**भोजपुर, अमृत विचार :** नालों की तली झाड़ सफाई और जल निकासी में बाधक बन रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए अधिशासी अधिकारी ने सफाई कर्मचारियों को साथ लेकर हाईवे और मुख्य बाजार का दौरा किया। उन्होंने अतिक्रमणकारियों को चिंह्वित कर शाम तक स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह ने बताया कि नगर में नालों पर अतिक्रमण होने से बारिश से पहले होने वाली नालों की सफाई ठीक ढंग से नहीं हो सकी। जिस कारण पिछले दिनों हुई मामूली बारिश में नगर की मुख्य सड़कें तालाब बन गईं थीं। अतिक्रमणकारियों को नोटिस देकर एवं मौखिक रूप से कहकर अतिक्रमण हटाने को कहा गया है। उन्होंने सफाई नायक महेंद्र सिंह एवं राजा से गुरुवार को नालों की सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग पर थाने के सामने सड़क किनारे खड़े के ठेलों को राजकीय इंटर कालेज की दीवार के सहारे लगाने के निर्देश दिए। सवारियों का इंतजार कर रहे टेम्पो चालकों के लिए धर्मपुर आंगा तिकोनिया पर टेम्पो स्टैंड पर वाहनों को खड़ा करने की व्यवस्था करने की बात कही है।

## सार संक्षेप



### नौतपा के बाद भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त व्यस्त

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नौतपा के बाद भीषण गर्मी ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। जून का दूसरा सप्ताह प्रचंड गर्मी का अहसास करा रहा है। न दिन में चैन है और न ही रात को नींद आ रही है, गर्मी के साथ दिन में लू से जनजीवन पर बुरा असर पड़ रहा है। बुधवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भीषण गर्मी में पशुओं का भी बुरा हाल है। पर्याप्त मात्रा में हरा चारा उपलब्ध न होने के कारण पशुओं का दूध भी कम हो गया है। किसान पशुओं को गर्मी से बचने के लिए कूलर, पंखे का उपयोग कर रहे हैं। लेकिन पर्याप्त मात्रा में विद्युत आपूर्ति न होने के कारण कूलर और पंखे भी बेकार साबित हो रहे है। बुधवार को लोग सवेरे से ही बेचैन रहे, दोपहर में सूरज की तपिश और लू से लोग व्याकुल दिखाई दिए, दिन में सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा। घर से बाहर निकले लोगों ने शिकंजी, नारियल व अन्य शीतल पदार्थ की दुकानों पर अपनी प्यास बुझाई। मौसम विभाग लगातार लू और गर्मी को लेकर अलर्ट जारी कर रहा है।

### गुलर चौराहे पर राहगीरों को शरबत पिलाया

**कुन्दरकी, अमृत विचार :** नगर के गुलर चौराहे पर भीषण गर्मी में दावते इस्लामी इन्डिया के डिपार्टमेंट गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन के तहत राहगीरों को शरबत पिलाया। फाउंडेशन के नगर अध्यक्ष अरकान कादरी ने बताया गर्मी में ठंडा पानी लोगों के लिए सबसे बड़ी जरूरत बन जाता है। हमारा मकसद यह है कि कोई भी प्यासा न रहे। यह एक छोटी सी कोशिश है लोगों की सेवा में और हमें खुशी है कि हमें इसमें सफलता मिल रही है। फाउंडेशन के स्वयं सेवकों ने सारी दोपहरी लोगों को शरबत पिलाया। इस अवसर पर मुहम्मद कासिम, मुहम्मद जेद मदारी, मुहम्मद शुएब मुक़द्दस मदार, मुहम्मद इब्राहिम, नईम अल्वी आदि मौजूद रहे।



### बीडीओ ने एडीओ पंचायत को जारी किया नोटिस

**बिलारी, अमृत विचार :** खंड विकास अधिकारी नरेश पाल सिंह ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में सहायक खंड विकास अधिकारी द्वारा पर्यवेक्षण न करने पर कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। साथ ही ग्राम पंचायत सचिवों को भी जरूरी निर्देश दिए हैं। बुधवार को ब्लॉक में खंड विकास अधिकारी नरेश पाल सिंह ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में निर्देश दिए। उन्होंने सहायक खंड विकास अधिकारी दूजेंद्र सिंह द्वारा पर्यवेक्षण न करने पर जिले में ब्लॉक को निम्न स्थान मिलने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिवों को सभी ग्राम पंचायतों में खराब पड़े हैंडपंप ठीक करने और पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत में बने सामुदायिक शौचालयों की सफाई कराने के निर्देश दिए हैं। गोशालाओं में गोवंशों को लू से बचाने के लिए उचित व्यवस्था करने के अलावा चारा, भूसा और पानी की उचित व्यवस्था कराने को कहा है।

### पेड़ों के कटान को लेकर मारपीट का आरोप

**छजलैट, अमृत विचार :** मामला तहसील क्षेत्र के ग्राम भेंडी फरीदपुर का है, जहां पेड़ों के कटान को लेकर ठेकेदार ने थाना छजलैट में प्रार्थना पत्र देकर गाली-गलौच व मारपीट का आरोप लगाया है। अतर सिंह ने थाना छजलैट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि ग्राम भेंडी फरीदपुर निवासी व्यक्ति से मैंने 1,25000 रुपये के यूकेलिप्टिस के पेड़ खरीदे थे। पेड़ों के रुपये भी एडवांस दे दिए थे। कटान के दौरान मजदूरों से अलग खड़े दो पेड़ धोखे से कट गए। उन दो पेड़ों के रुपये भी मैंने दे दिए, परंतु पेड़ मालिक ने उन दो पेड़ों को लेकर मेरे साथ गाली-गलौच व मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान मुझे गंभीर चोट आई हैं। अब पेड़ों का मालिक रुपये लेने के बाद भी पेड़ काटने को मना कर रहा है। पीड़ित व्यक्ति ने थाना छजलैट में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

### महिला अधिवक्ता का लंबी बीमारी के चलते निधन

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव रामनगर खागूवाला निवासी अधिवक्ता 68 वर्षीय केला देवी पत्नी डॉ. मनमोहन शर्मा उर्फ मुन्नू शर्मा का बीमारी के चलते निधन हो गया। निधन की सूचना पर तहसील मुख्यालय के अधिवक्ताओं में शोक की लहर व्याप्त हो गई। अधिवकताओ ने उनके निवास पर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्ति की। वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र सिंह चौहान, अशोक गहलोत ने बताया कि ठाकुरद्वारा तहसील मुख्यालय पर केला देवी ने 25 वर्ष पूर्व अधिवक्ता के रूप में बार एसोसिएशन में शपथ लेकर वादकारियों को न्याय दिलाने का कार्य शुरू किया था।



### उर्वरकों के संतुलित प्रयोग से अधिक होगा उत्पादन

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में 29 मई से 12 जून 2025 तक चलने वाले राष्ट्रव्यापी विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत बुधवार को ग्राम चतरपुर नायक, बिलावाला, पदीयनागला, कल्यानपुर, लौंगीकलां खुर्द, सुल्तानपुर दोस्त, पीपल गांव, बुढ़नपुर अलीगंज, सकटपुरा कुल 9 गांवों में कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा गठित 3 टीमों द्वारा कृषि विभाग एवं रेखा विभाग लाइन डिपार्टमेंट के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य देश के किसानों को सशक्त बनाना और कृषि क्षेत्र में वैज्ञानिक नवाचार को बढ़ावा देना है। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ. रवीन्द्र कुमार द्वारा कार्यक्रम में आये किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड की उपयोगिता एवं रासायनिक उर्वरकों का सही उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। केंद्रीय आलू अनुसंधान केंद्र मोदीपुरम मेरठ के प्रधान वैज्ञानिकों डॉ. संजय रावल एवं डॉ. मिहीलाल ने किसानों को आलू एवं अन्य फसलों में लगने वाले रोग, उनकी रोकथाम के बारे में जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक दीपक कुमार ने कीट प्रबंधन के बारे में बताया।

### तीन तलाक के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला तीन तलाक कहकर रिश्ता खत्म कर दिया। थाना पुलिस ने सभी आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है। थाना कांठ के मोहल्ला पृथ्वी गंज निवासी मुस्कान की शादी 25 दिसंबर 2024 को अमन पुत्र जावेद निवासी बल्हारा पीर मस्जिद ग्राम सलेमपुर के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद ही ससुराल वालों ने दहेज की मांग को लेकर परेशान करना शुरू कर दिया और उसका गर्भपात करा दिया। जब उसने दहेज में नकदी एवं अन्य सामान लाने में असमर्थता जताई तो आरोपियों ने 25 अप्रैल को मारपीट कर घर से निकाल दिया और उसके पति अमन ने तीन बार तलाक कहकर रिश्ता खत्म कर दिया। विवाहिता ने पुलिस को तहरीर दी परंतु पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो वह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिली और प्रार्थना पत्र देकर पति अमन उसके परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की। पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# खेतों में लटके तारों से कभी भी हो सकता है हादसा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा



बैजनाथपुर में लटके तार।

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में खेतों में लटक रहे विद्युत तारों के कारण ग्रामीण हमेशा हादसे की आशंका में रहते हैं। लोगों ने विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन कर खेतों में लटके और जर्जर तारों को ठीक कराने की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के कमलापुरी खालसा गांव में 11000 वोल्ट की बिजली लाइन के तार इतने नीचे आ चुके हैं कि किसान अपनी फसल ट्रॉली में भरकर नहीं निकाल सकते। किसान पाकेश चौहान ने बताया कि उन्होंने कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वे खेत में जुताई करते समय भी काफी डरते हैं कि कहीं कोई हादसा न हो जाए। बिखेतों में लटके तारों से कभी भी हादसा हो सकता है। 11000 वोल्ट की लाइन की जरा सी चिंगारी फसल को जला सकती है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि बिजली विभाग कोई उचित कार्रवाई नहीं करता है तो वे वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत करेंगे और प्रदेश स्तर पर भी इसकी शिकायत की जाएगी। ग्रामीणों ने एकजुट होकर विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया और तारों को ऊंचा करने की मांग की।

# भाजपा सरकार की गिनाई उपलब्धियां

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा विकसित भारत, सेवा, सुशासन और प्रसार के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा ने उपस्थित जन समूह को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष के शासनकाल में विभिन्न वर्गों के लिए विकास कार्य किए गए हैं। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष आकाश पाल व अन्य पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विकसित भारत के लिए भाजपा की नीतियों और कार्यक्रमों को प्रदर्शित करना था। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख के पति डॉ. वीर सिंह सैनी, जिला महामंत्री राजन बिश्नोई,



संबोधित करते हरिओम शर्मा।

अभय प्रताप सिंह, चौधरी हुकुम सिंह, ठाकुरद्वारा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह, डॉ. सुभाष सिंह, गोपाल अग्रवाल, भजनलाल पाल, जिला उपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह, डॉक्टर ओमपाल सैनी, कमलेश कुमार, आदित्य मयूर भाटिया, अनिरुद्ध चौहान, गौरव चौहान, आशुतोष अग्रवाल, शिवेंद्र गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार पाल, नागेंद्र लंबा, हरपाल सिंह, नावेद सिद्दीकी, हेमेंद्र प्रताप सिंह, धर्मेंद्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य दिनेश कुमार प्रजापति आदि मौजूद रहे।

### भाजपा का कार्यक्रम कल होगा

**कांठ, अमृत विचार :** भाजपा के केंद्र में 11 वर्षों की सेवा, सुशासन और जनकल्याण के उपलक्ष्य में विकसित भारत का अमृतकाल विषय पर कार्यक्रम कल होगा। यह कार्यक्रम 13 जून को शाम 4 बजे से कांठ मंडल के मुकेश माहेश्वरी के क्रशर में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश कुमार सिंह उर्फ चुन्नू होंगे, जबकि सहवक्ता के रूप में युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अरुण पंडित उपस्थित रहेंगे। पार्टी के निर्देशानुसार शक्ति केंद्र संयोजकों से आग्रह किया है कि वे अपने-अपने शक्ति केंद्र से सभी बूथ अध्यक्षों, सक्रिय कार्यकर्ताओं एवं प्रबुद्ध नागरिकों को कार्यक्रम की सूचना दें और निर्धारित समय पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। कार्यक्रम की जानकारी मंडल अध्यक्ष अंकुश कुमार चौहान एवं कार्यक्रम संयोजक सत्यवान सिंह राजपूत ने दी।

# आरएएफ व पुलिस ने किया नगर में पैदल मार्च

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** बुधवार को रैपिड एक्शन फोर्स ने स्थानीय पुलिस के साथ विभिन्न क्षेत्रों में पैदल मार्च कर जनता को विश्वास का संदेश दिया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने लोगों से क्षेत्र की जानकारी भी ली।

बुधवार को आरएएफ के जवानों ने कांठ थाना पुलिस के साथ नगर में पैदल मार्च किया। रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने स्टेशन रोड, पुराना बस स्टैंड, मिश्रीपुर तिराहा, मेन बाजार आदि क्षेत्रों में पैदल मार्च कर लोगों से संवाद स्थापित किया और उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक शर्मा ने भ्रमणकर क्षेत्रीय नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सभी व्यापारी अपने सीसीटीवी कैमरे दुरुस्त करा लें। किसी भी असामाजिक तत्वों की जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचना दें। पुलिस उनका नाम गुप्त रखती है। उन्होंने कहा कि पुलिस सदैव क्षेत्र वासियों के लिए तत्पर है, पुलिस का सहयोग करें।

# तहसील बार का वार्षिक चुनाव आज

संवाददाता, कांठ



टेंडर बोर्ड को लिफाफे में बंद करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन वर्ष 2025-26 के वार्षिक चुनाव के लिए अधिवक्ता आज मतदान करेंगे। समिति द्वारा मतदान की पूरी तैयारी कर ली गई हैं।

यहां अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं महासचिव, कोषाध्यक्ष पद के लिए कांटे की टक्कर मानी जा रही है। अध्यक्ष पद के लिए प्रमोद शर्मा एवं प्रदीप कुमार दो उम्मीदवार हैं। प्रमोद कुमार शर्मा वर्ष 2019 एवं 2023 में तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रह चुके हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए शीशराम सिंह व हरपाल सिंह, महासचिव पद के लिए दीपक विश्नोई एवं सुशील कुमार, कोषाध्यक्ष पद के लिए करतार सिंह एवं भू प्रकाश चुनाव मैदान में आमने-सामने हैं। चुनाव समिति के महावीर सिंह, शहजाद रफी खान, संजीव कुमार विश्नोई वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने चुनाव कराने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। कुल 112 मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे। गुरुवार को 10 बजे से 2 बजे तक मतदान होगा। 3 बजे मतगणना का परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। गुरुवार को बार एसोसिएशन के कनिष्ठ उपाध्यक्ष, सह सचिव प्रकाशन, सह सचिव पुस्तकालय, सदस्य कार्यकारिणी के लिए अधिवक्ताओं का निर्विरोध चुना जाना तय है। एल्डर कमेटी के वरिष्ठ अधिवक्ता शहजाद रफी खान ने बताया कि निवर्तमान अध्यक्ष मोहम्मद अय्यूब का स्वास्थ्य खराब है। जिन्होंने बाहर जाने के कारण सर्वसम्मति से अपना टेंडर वोट लिफाफे में बंद कर दिया है। जिसे मतगणना के दौरान खोला जाएगा।

## विधायक ने अभियंता को विद्युत समस्याएं बताईं

**कांठ, अमृत विचार :** क्षेत्रीय विधायक कांठ ने अधिशासी अभियंता को विद्युत संबंधी समस्याओं से अवगत कराया।

क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर ने बिजली समस्याओं को दूर करने के लिए अधिशासी अभियंता कांठ से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि गढ़ी सलेमपुर, बागड़पुर, अहमदपुर, बसवानपुर, आदमपुर में लो-वोल्टेज के कारण बिजली सप्लाई नहीं मिल पाती है। गढ़ी, भंसली जमालपुर, बागड़पुर मढैया, गढ़ी सलेमपुर में कम क्षमता के ट्रांसफार्मर लगे हैं। गढ़ी सलेमपुर, सिकंदराबाद, अकबरपुर चैदरी एवं सलेमपुर से लगने वाले सभी गांवों में मानक के अनुसार बिजली नहीं मिल रही है। नगर की आपूर्ति के बारे में भी विधायक ने कहा कि यहां पर भी सुचारू एवं मानक के हिसाब से विद्युत आपूर्ति हो।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

मैंने व मेरे परिवार ने सबसे छोटे पुत्र गुड्डु कुमार के गलत कृत्य व दुर्व्यवहार के कारण रजिस्टर्ड संबंध विच्छेद कर लिये है। इसका मेरी चल, अचल संपत्ति व मकान से कोई लेना-देना नहीं है। **राम सिंह पुत्र स्व किशोरी सिंह ग्राम खण्डसाल कला थाना व तहसील नौगांवा सादात, जिला अमरोहा।**

**सूचना**

मैं कंचन पत्नी श्री विजय कुमार सेठ निवासी डहरिया राजा वाली मस्जिद के पास, मुरादाबाद की निवासी हूं अब मैंने अपना नाम बदलकर कंचन सेठ कर लिया है अब मुझे कंचन सेठ के नाम से जाना जाये।

**सूचना**


मैं अपने पुत्र हरप्रीत सिंह व उसकी पत्नी कमलदीप कौर के गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार से क्षुब्ध होकर सम्बन्ध विच्छेद व अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ, यह दोनों अपने कृत्यों लेन-देन आदि के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **जसवन्त सिंह पुत्र श्री बल्देव सिंह निवासी ग्राम कुआ खेड़ा तह0 व थाना बिलासपुर जिला रामपुर।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।


# राजकीय महाविद्यालय मथाना में प्रवेश प्रारंभ

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय मथाना में शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। महाविद्यालय में गुरुवार को कार्यवाहक प्राचार्य सहित कुल 4 प्रोफेसर ने क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी बरेली कार्यालय में कार्यभार ग्रहण कर लिया है।



प्राचार्य डॉ. नजाकत हुसैन

राजकीय महाविद्यालय मथाना श्री गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद से संबद्ध है। मुरादाबाद जनपद में भोजपुर के उपरांत मथाना में दूसरे महाविद्यालय वर्ष 2025-26 का शैक्षिक सत्र गुरुवार से प्रारंभ हो गया है। राजकीय महाविद्यालय मथाना में भोजपुर महाविद्यालय से स्थानांतरित होकर आए वाणिज्य विषय के प्रोफेसर डॉ. नजाकत हुसैन ने कार्यवाहक प्राचार्य के रूप में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय बरेली में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। राजकीय महाविद्यालय से स्थानांतरित होकर आए अंग्रेजी विषय के प्रोफेसर डॉ. संदीप गुप्ता, राजकीय महाविद्यालय रामपुर से स्थानांतरित होकर आए राजनीतिक विज्ञान के प्रोफेसर डॉ. नरेंद्र सिंह, राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामपुर से स्थानांतरित होकर आए प्रोफेसर मुदित सिंघल ने कार्यभार ग्रहण कर वर्ष 2025-26 शैक्षिक सत्र के लिए छात्र-छात्राओं के प्रवेश का कार्य प्रारंभ कर दिया है। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. नजाकत हुसैन ने बताया कि महाविद्यालय में स्नातक के लिए हिंदी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, शारीरिक शिक्षा, समाजशास्त्र, राजनीतिक विज्ञान, इतिहास, मनोविज्ञान विषयों के शिक्षक की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि इस सत्र के लिए प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं।

# राजा परीक्षित की कथा सुन श्रद्धालु भावविभोर

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा-जसपुर मार्ग स्थित फैजुल्लागंज के खोखरा ताल पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन सीतापुर के कथावाचक बालकराम शास्त्री ने श्रोताओं को भक्त ध्रुव, सुखदेव व राजा परीक्षित की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि कैसे राजा परीक्षित ने श्रृंगी ऋषि के शाप के कारण अनशन व्रत किया था और कैसे सुखदेव जी ने उन्हें 7 दिनों तक भागवत की कथा सुनाई थी।

कथावाचक ने आगे बताया कि सुखदेव जी ने राजा परीक्षित को कहा था कि सभी मनुष्यों को प्रेम से भगवान की लीला कथा का श्रवण, कीर्तन और स्मरण करना चाहिए। उन्होंने भगवान विष्णु के नाभि से कमल और कमल से ब्रह्मा जी की सृष्टि की कहानी भी सुनाई। साथ ही उन्होंने भक्त ध्रुव के भक्ति मार्ग का विस्तार से वर्णन किया। प्रसंग सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए और जय-जयकार करने लगे। कार्यक्रम में उदयवीर सिंह, महिपाल सिंह, अशोक कुमार, गौरव सैनी, बबलू, रविंद्र कुमार, कीर्ति देवी, विमला देवी, ब्रह्मा देवी, साधना देवी, दीक्षा देवी, प्रियंका, शिव मंदिर के महंत दिनेश गिरी महाराज विनीत भारद्वाज आदि मौजूद रहे।



बिलारी में कथा में मौजूद श्रद्धालु।

### भागवत कथा सुनकर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के शिव मंदिर बच्चा बाग में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास आचार्य शिव शंकर भारद्वाज ने शुकदेव जी के प्राकट्य की कथा बड़े ही मार्मिक ढंग से सुनाई। जिसे सुनकर श्रोता आनंदित हुए। उन्होंने कहा कि अमरनाथ में ही भोलेनाथ ने माता पार्वती को भागवत कथा का श्रवण कराया था, जब कथा सुनते हुए माता सो गई तब शुकदेव जी अंडे के रूप में वहां मौजूद थे। जब माता कथा सुनते समय सो गईं तो वह माता की जगह हुंकारा देने लगे, तब महादेव जी चकित हुए कि यह तीसरा कौन कथा सुन रहा है। उन्होंने कहा भागवत कथा भगवान के श्रीमुख से निकली वाणी है, इसमें सभी शास्त्रों का रस है। नारायण ही सत्य है और सत्य ही नारायण है। यजमान के रूप में अखिलेश मिश्रा शकुन मिश्रा, चकित मिश्रा रहे।

# पारा 42 डिग्री सेल्सियस पहुंचा, उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल

**हाल-ए-मौसम**

- बहुत जरूरी काम होने पर ही लोग घरों से बाहर निकले
- वायुमंडल में आर्द्रता 54 फीसदी वायु वेग 12 किमी. प्रति घंटा

**42** डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान | **27** डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी से बुधवार को लोग बेहाल रहे। सुबह से आसमान से आग बरसने लगी। पारा 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मंदिर और मस्जिदों में बारिश के लिए दुआ हो रही है। मौसम वैज्ञानिकों ने गर्मी के मद्देनजर यलो अलर्ट जारी कर दिया है। दोपहर को सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा।

भीषण गर्मी के चलते जरूरी कामों से ही लोग घरों से बाहर निकले। चिकित्सक भी घर से नहीं निकलने की सलाह दे रहे हैं। यदि जरूरी हो तभी घरों से बाहर निकलें। पूरे दिन चिलचिलाती गर्मी के चलते लोग पसीना-पसीना होते रहे। गर्मी बढ़ने से बाजारों में ठंडे पेय पदार्थों की खूब बिक्री होने से दुकानदारों के चेहरे खिल गए हैं। गन्ने का जूस, बेल का शर्बत, मट्ठा, लस्सी पीकर लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। राहे रजा पर गन्ने का रस बेच रहे मोहम्मद अहमद ने बताया कि गन्ना महंगा हो गया है। जिसके कारण गन्ने के जूस का गिलास 10 और 20 रुपये का बेच रहे हैं बताया कि पिछले सप्ताह से कारोबार में तेजी आई है। बताते हैं कि गन्ने की पेराई नहीं होने पर भी इंजन को चलाए रखना पड़ता है। बताते हैं कि इंजन की आवाज सुनकर ही ग्राहक रस पीने के लिए रुकता है। इस मार्ग पर बेल का शर्बत बेच रहे गुरमीत सिंह ने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ ही काम में तेजी आई है।

> 12 और 14 जून को गरज चमक और तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है। अधिकतम तापमान 39 से 45 डिग्री सेल्सियस जबकि, न्यूनतम तापमान 27 से 29 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।
> -डॉ. श्वेता सिंह, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विवि मेरठ

### गर्मी में पीलिया रोग का बढ़ा खतरा

जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉ. दशरथ सिंह बताते हैं कि गर्मी में पीलिया ऐसी बीमारी है जोकि अशुद्ध पेयजल पीने के कारण हो जाती है। गर्मी में इसका खतरा बढ़ जाता है। पीलिया में मरीज को पीला पेशाब आता है और उसके नाखून, त्वचा और आंखों का सफेद भाग पीला पड़ जाता है। बेहद कमजोरी, जी मचलाना, बुखार, वजन में कमी, मतली, हल्के रंग का मल, पेट दर्द, भूख न लगना आदि परेशानियां भी रहने लगती हैं। कुछ मामलों में शरीर में भयानक खुजली हो जाती है। इस रोग से बचने के लिए साफ और स्वच्छ पानी पिएं और संतुलित आहार लें।



तपती दोपहरी में गमछा बांध कर जाता साइकिल सवार और महिलाएं। ● अमृत विचार

### वकीलों ने शरबत पिलाकर लोगों की बुझाई प्यास



स्वार, अमृत विचार : बुधवार को बार वेलफेयर एसोसिएशन के वकीलों ने भीषण गर्मी के तहसील के निकट सबील लगाकर आसपास के लोगों समेत राहगीरों, वाहन चालकों आदि को शरबत पिलाकर प्यास बुझाई। लोगों ने शरबत पीकर गर्मी से राहत महसूस की। इस दौरान राशिद खान, मोहम्मद जुनैद, नौशाद आलम, आसिफ अंसारी, यासर खान, इरफान अहमद, एम जिया मलिक आदि मौजूद रहे।

### मिलकखानम पुलिस ने लोगों को बांटा शरबत

**रामपुर, अमृत विचार :** थाना मिलकखानम पुलिस ने गर्मी से राहत देने के लिए पुलिसकर्मियों ने राहगीरों को शरबत और शीतल जल पिलाया। थाने के सामने गर्मी के मौसम में आने जाने वाले आम जनता के नागरिकों व बच्चों को शरबत वितरण किया। इस पहल से गर्मी के मौसम में राहगीरों को राहत मिली है। पुलिस की इस छवि में लोग पुलिस को सिर्फ कानून व्यवस्था बनाए रखने वाला संगठन नहीं, बल्कि एक संवेदनशील संगठन के रूप में देखते हैं।

# गर्मी का सितम और बार-बार बिजली के झटके

## लोग परेशान, लो-वोल्टेज और शटडाउन के नाम पर घंटों गुल हो रही बिजली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** गर्मी का सितम जारी है, पारा जहां 42 पार पहुंच गया है। ऐसे में शहर में बिजली आपूर्ति की स्थिति खस्ताहाल हो गई है। लो-वोल्टेज और शटडाउन के नाम पर घंटों बिजली ठप रहने के कारण लोगों को जीना दुश्वार हो गया है। अधिकारियों को फोन करने के बाद भी कोई सही जवाब नहीं मिल रहा है। बुधवार को पूरा दिन बिजली झटके देती रही, जबकि मंगलवार देर रात तक बिजली की आंख मिचौली करती रही, जिससे लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा।

गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। इस भीषण गर्मी में लोगों को एक पल का चेन नहीं मिल रहा है तो वहीं शहरवासियों के लिए बिजली एक आफत बनी हुई है। कागजों में 22 घंटे बिजली का दावा करने वाले अधिकारियों की जमीनी हकीकत कुछ ओर ही है। सुबह से लेकर शाम तक अनगिनत बार बिजली आती और जाती है। जिससे लोगों को काफी परेशानियां होती है। लो-वोल्टेज और शटडाउन के नाम पर बिजली घंटों गायब हो रही है। रात हो या दिन बिजली की आवाजाही लगातार जारी है। मंगलवार को लोग दिन से लेकर रात भर बिजली की आवाजाही से परेशान रहे तो बुधवार को भी बिजली की यही स्थिति रही। जिसको लेकर लोगों में गुस्सा है। लोगों का कहना है बिजली बिल भी समय से जमा करते हैं और भारी-भारी बिजली बिल आ रहे हैं, लेकिन बिजली की अघोषित कटौती ने जीना मुहाल कर रखा है।

**कई मोहल्लों में बिजली से लोग परेशान:** शहर के घेर तोगा, बिलासपुर गेट, शाहबाद गेट के अलावा आसपास के मोहल्लों में मंगलवार को पूरे दिन लोगों ने बिजली संकट झेला। लो वोल्टेज के कारण लोगों को एक पल का चेन नहीं मिल रहा था। लोग बार बार बिजली अधिकारियों को फोन लगाते रहे, तो शाम को कहीं जाकर बिजली सहीं आ सकी। उसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।



स्वार बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### फुंका ट्रांसफार्मर बदलवाने को ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**स्वार अमृत विचार :** स्वार क्षेत्र के गांव मीरापुर का मझरा में तीन दिन से ट्रांसफार्मर खराब पड़ा होने से क्षुब्ध ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। उसके बाद एसडीएम से शीघ्र ट्रांसफार्मर रखवाने की मांग की है। भीषण गर्मी में बिजली आंख मिचौली से नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों में हाहाकार मचा हुआ है। मामूली हवा और बारिश से बिजली गुल होना आम बात हो गई है। बिजली आने और जाने का कोई समय निर्धारित नही है। कहीं ट्रांसफार्मर फूंका पड़ा है। बिजली को तरस रहे है। भीषण गर्मी में जिससे लोग काफी परेशान है। उमस भरी गर्मी में मीरापुर का मझरा का ट्रांसफार्मर तीन दिन से फूंका होने के चलते ग्रामीण अंधकार में जीवन जीने को मजबूर है जिससे क्षुब्ध ग्रामीण एकत्र होकर फूंके हुए ट्रांसफार्मर पर पहुंच गए। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी एवं प्रदर्शन कर आरोप लगाया कि तीन दिन बिजली विभाग के अधिकारियों से फुंके ट्रांसफार्मर को बदलवाने की मांग की जा रही है, लेकिन विभाग द्वारा कोई सुध नहीं ली गई। उन्होंने एसडीएम से बिजली विभाग को आदेशित कर ट्रांसफार्मर रखवाने की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में चंदा, कल्लू, शमशाद, नन्हे राहत, महबूब, मोहम्मद अहमद, अख्तर अली, अकरम, नियाज, जाकिर आदि मौजूद रहे।

### लोगों ने कहा



मीनाक्षी सक्सेना



ऋषि गंगवार



हरी प्रसाद



मनोज कुमार

मीनाक्षी सक्सेना का कहना था कि ज्वालानगर में बिजली की आवाजाही से काफी परेशानी आती है। फोन करने पर उपभोक्ताओं के द्वारा कोई सही जवाब नहीं दिया जाता है। कई दिनों से ऐसा चल रहा है। ऋषि गंगवार ने बताया कि जैसे जैसे गर्मी बढ़ रही है। वैसे वैसे बिजली भी अपना रूप दिखा रही है दिन भर में हर दस मिनट में बिजली की आवाजाही रहती है। जिससे पंखे में बैठना तक मुश्किल होता है। हरी प्रसाद का कहना है कि कभी पूरे-पूरे दिन बिजली गायब रहती है, तो कभी लो वोल्टेज आने के कारण भी पंखे सही से नहीं चल पाते हैं। अधिकारियों को फोन करने के बाद भी सही से जानकारी नहीं मिलती है। मनोज कुमार ने बताया कि पूरे दिन ऑफिस में रहो। शाम को काम निपटाने के बाद घर पहुंचो तो लाइट भी नहीं मिलती है। कूलर तक नहीं चल पाते हैं। इस भीषण गर्मी में लोगों को हाल बेहाल हो रखा है।

### मरम्मत कार्य के चलते 8 घंटे बाधित रहेगी आपूर्ति

बिलासपुर, अमृत विचार : विद्युत वितरण उपखंड अशोकनगर के अन्तर्गत 33 केवी उपकेंद्र मरम्मत कार्य के दौरान 8 घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता कर्मवीर सिंह ने जानकारी दी। कि 12 जून को उपकेंद्र अशोकनगर से संबंधित समस्त फीडर कंट्रोल पैनल व चीसीबी बदलने के कार्य किया जाएगा। जिसके चलते सवेरे दस से शाम छह बजे तक आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित रहेगी। कहा कि मरम्मत कार्य पूर्ण होने के पश्चात आपूर्ति को पहले की तरह सुचारू कर दिया जाएगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से मरम्मत कार्य के दौरान विभाग को सहयोग किए जाने का आग्रह किया।

## सांसद ने रजानगर में ओवरहेड टैंक का किया उद्घाटन

**संवाददाता, स्वार अमृत विचार:** सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी ने रजा नगर में पानी के ओवर हेड टैंक का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि पानी बहुत कीमती है लोग जितनी जरूरत है उतना इस्तेमाल करें। फिजूल पानी न बहाएं। क्षेत्र के लोगों ने उनका फूल मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। सांसद ने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जीवन मिशन ग्रामीण पेयजल योजना के अंतर्गत रजानगर मे निर्मित पानी के ओवरहेड टैंक का उद्घाटन किया। जबकि पाइप लाइनों मे पानी की सप्लाई शुरू की। उन्होंने कहा कि पानी की कीमत कोई नहीं जान सकता। पानी बहुत कीमती है। इसे जितनी जरूरत हो उतन ही इस्तेमाल करें। इन ओवरहेड टंकियों का पानी बहुत गहराई से आता है जो बिल्कुल साफ और प्रदूषण मुक्त होता है। इसका सेवन करने से बीमारियां नहीं आती। इस दौरान जल निगम के जेई, प्रधान पुत्र बिलाल, आसिम खान, हाजी अय्यूब, सांसद मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा, जुबैर अहमद, डा. मकतब अहमद, डा. मेहंदी हसन, आसिफ अली, नासिर शेख, जमील सैफी, राज बहादुर दिवाकर, अरशद अली एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने तालाब का पट्टा आवंटन के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** डीएम जोगिंदर सिंह ने एसपी विद्यासागर मिश्र, सीडीओ नंद किशोर कलाल, एसडीएम सदर मोनिका सिंह व खंड विकास अधिकारी चमरौआ सूरज कुमारी के साथ ग्राम आगापुर में स्थित रजा झील में कराए जा रहे जीर्णोद्धार कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।


उन्होंने जल संरक्षण के दृष्टिगत बरसात के समय आगापुर गांव के लगभग 0.90 हेक्टेयर में स्थित रजा झील के चारों से पानी का प्रवाह झील की ओर बनाए रखने के लिए पाइप एवं कुलाबे बनाने के निर्देश खंड विकास अधिकारी को दिए। खंड विकास अधिकारी को झील के चारों ओर वृहद वृक्षारोपण व फलदार पेड़ों को लगाने के निर्देश दिए। खंड विकास अधिकारी एवं ग्राम प्रधान को झील के चारों ओर टहलने के लिए पैदल पथ व बेंच आदि लगवाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने एसडीएम सदर को नियमानुसार तालाब का पट्टा आवंटन कराने के लिए निर्देशित किया। एसडीएम सदर व खंड विकास अधिकारी को संयुक्त रूप से सभी तालाबों व झीलों का निरीक्षण कर सौंदर्यीकरण के लिए भी निर्देशित किया।

# विलुप्त हो चुकी नीली की जा रही पुनर्जीवित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** जनपद में जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह व मुख्य विकास अधिकारी नंद किशोर कलाल के प्रयासों से पारंपरिक जल स्रोतों को पुनर्जीवित कर भू-जल स्तर को बचाने की कवायद तेजी से चल रही है।

खंड विकास अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि विकासखंड चमरौआ में विलुप्त हो चुकी 12 किमी. लंबी नीली नदी को मनरेगा योजना के अन्तर्गत श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ जलस्त्रोत को पुनर्जीवित करने का कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि नीली नदी विकास खंड चमरौआ की ग्राम पंचायत मंड्डयान कली, बहपुरी, बहपुरा, महमूदपुर, मिलका सिकरौल तथा सिकरौल से होकर गुजरती है। नीली नदी के पुनर्जीवित होने से क्षेत्र में सिंचाई की व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो सकेगी, जिसका लाभ जलस्त्रोतों के अभाव मंक कृषि कर रहे कृषकों को सीधे तौर पर मिलेगा। सूरज कुमारी ने बताया कि इस 12 किमी. लंबी विलुप्त नीली नदी में से 8 किमी. नीली नदी के पुनर्जीवन का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिससे मनरेगा योजना के तहत पंजीकृत श्रमिकों 1900 मानव दिवस के रूप में रोजगार प्राप्त कराया जा चुका है। उन्होंने बताया कि नदी का कार्य पूर्ण होने तक निरन्तर रोजगार उपलब्ध कराया जाता रहेगा।



नदी की सफाई करते कर्मचारी। अमृत विचार

**उपलब्धि** ई-ऑफिस प्रणाली से विकास एवं राजस्व की 46644 फाइलें हुई फारवर्ड

# पत्रावलियों को फॉरवर्ड करने में जिला प्रदेश में प्रथम

- ई-ऑफिस के माध्यम से जुड़े जिले के सभी विभाग
- एनआईसी डिजिटल सिग्नेचर की प्रक्रिया पपूरी कराने में लगा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** जिले में सभी सरकारी कार्यालयों में सरलीकृत, उत्तरदायी, प्रभावी, जवाबदेह और पारदर्शी कामकाज को प्रभावी बनाने के लिए शासन के निर्देश पर ई-ऑफिस प्रणाली लागू कर दी गई है।

डीएम जोगिंदर सिंह के निर्देश पर शासन की मंशानुरूप सभी सरकारी कार्यालय पेपरलेस और ई-ऑफिस प्रणाली से जुड़ रहे ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से फाइलों को अग्रसारित करने में जिला प्रदेश में पहले स्थान पर है। जिलाधिकारी ने बताया कि ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से डेवलपमेंट के तहत विभिन्न विभागों द्वारा अब तक 10,071 फाइलों और राजस्व विभाग द्वारा 36,573 फाइलों को ई-ऑफिस के माध्यम से अग्रसारित किया जा चुका है।

जिले के लगभग सभी विभाग ई-ऑफिस के माध्यम से जुड़ चुके हैं। इसके लिए सभी विभागों के अधिकारियों के डिजिटल सिग्नेचर व अन्य जरूरी प्रक्रिया एनआईसी द्वारा पूर्ण करायी जा रही है। इसके साथ ही ई-ऑफिस को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एनआईसी द्वारा नियमित तौर पर विकास भवन सभागार में ऑनलाइन माध्यम से ट्रेनिंग भी दी जा रही है। पेपरलेस वर्क के साथ ही काम में तेजी लाने के लिए ई ऑफिस की दिशा में जनपद में तेजी से कार्य हो रहा है। सभी ब्लॉक कार्यालय एवं तहसीलों को ई-ऑफिस प्रणाली से जोड़ दिया गया है। पत्रावलियों की ड्राफ्टिंग, नोटिंग, अनुमोदन, पत्राचार आदि प्रक्रिया ई-ऑफिस के माध्यम से ही की जा रही है। प्रक्रिया से आमजनमानस को उनकी पत्रावली की सही स्थिति का पता चल जाता है। पत्रावलियां सुरक्षित रहती हैं और निस्तारण भी समयबद्ध तरीके से होता है।

### सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में रामपुर को फिर मिला पहला स्थान

- रामपुर लगातार 11वीं बार माह रैंकिंग में आया प्रथम

**रामपुर अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र व अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण में जिले ने सीएम डैशबोर्ड पर कानून व्यवस्था, शिकायतों के निस्तारण में मई की रैंकिंग में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में जनपद रामपुर 84 .50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लगातार 11वीं बार माह मई 2025 में प्रथम स्थान पर आया है। इससे पूर्व जुलाई, अगस्त, सितंबर, अक्टूबर, नवंबर , दिसंबर, जनवरी, फरवरी, मार्च, अप्रैल व मई में भी रामपुर ने रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। सीएम डैशबोर्ड में 50 बिन्दुओं पर कार्यवाही के माध्यम से जनपदों की रैंकिंग तय की जाती है । पुलिस अधीक्षक द्वारा रैंकिंग में जनपद के प्रथम आने पर समस्त पुलिसकर्मियों के समर्पण की सराहना करते हुए बधाई दी।

## कैंटर ने कार में मारी टक्कर, बाल बाल बचा परिवार

**बिलासपुर अमृत विचार:** सुशांत लोक कालोनी गुड़गांव हरियाणा निवासी हिमांशु जोशी द्वारा कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई। कहा कि वह परिवार के साथ कार से अल्मोड़ा उत्तराखंड घूमने के लिए गए थे। सोमवार की रात वह कार से वापस गुड़गांव हरियाणा जा रहे थे। इस दौरान नैनीताल हाईवे पर गांव धनोरा मोड़ के पास कैंटर चालक ने लापरवाही से कार के पीछे से टक्कर मार दी। जिससे कार में बैठा परिवार बाल बाल बच गया, जबकि कार क्षतिग्रस्त हो गई। इस पर प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर कैंटर चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। विवेचना की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### प्रदेश स्तरीय ऊंची कूद में अभिनव यादव ने जीता स्वर्ण

**बिलासपुर अमृत विचार :** श्री गुरु नानक इंटर कालेज के छात्र अभिनव यादव ने प्रदेश स्तरीय ऊंची कूद में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया। बुधवार को विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्र को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुखदेव सिंह ने जानकारी दी कि नौ जून को प्रयागराज के मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में 23वां प्रदेश स्तरीय ऊंची कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। चैंपियनशिप में विभिन्न विद्यालयों के 11 प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें विद्यालय के कक्षा बारहवीं के छात्र अभिनव यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त विद्यालय समेत क्षेत्र का नाम रोशन किया। जिसके चलते आयोजकों ने गोल्ड मेडल तथा प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित किया। वहीं दूसरी ओर बुधवार को छात्र के विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय के प्रबंधक हरजिंदर सिंह द्वारा भी छात्र को सम्मानित किया। इस मौके पर देवेंद्र सिंह, रजनीश कुमार, सर्वजीत सिंह, हरजीत सिंह, महेंद्र प्रताप राव, शैलेंद्र कुमार, राजाराम कश्यप आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न से सम्मानित हुई रेनू सिंह

**रामपुर, अमृत विचार :** नवाचारी गतिविधियां समूह छत्तीसगढ़ टीम द्वारा राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह शैक्षिक संप्रवाह 2024-25 का आयोजन किया। जिसमें उत्तर प्रदेश से कुल 11 शिक्षक व शिक्षिकाओं का राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान हुआ। जिसमें बिलासपुर के मुल्ला खेड़ा में तैनात प्रधान अध्यापिका रेनू सिंह को भी सम्मानित किया। इस विद्यालय में बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए बहुत से नवाचारी एवं उत्कृष्ट प्रयास कर रही है।



पुरस्कार के साथ मौजूद शिक्षिका।

### वृद्धावस्था के 2053 नए आवेदन आए

**रामपुर अमृत विचार :** चालू वित्त वर्ष में वृद्धावस्था पेंशन के 2053 नए आवेदन मिले हैं। जबकि पुराने 50495 लाभार्थियों में 2512 लोगों की मौत हो चुकी है। जिले में 47983 लाभार्थियों के खातों में जून के अंतिम सप्ताह या जुलाई के प्रथम सप्ताह में तीन माह की पेंशन 3 हजार रुपये आएगी। वृद्धावस्था पेंशन के प्रतिमाह 1000 रुपये मिलते हैं। जबकि 2053 नए आवेदनों का सत्यापन कार्य कराया जा रहा है। विकास भवन में पेंशन के लिए आई अख्तर जहां ने बताया कि उन्होंने चार माह पूर्व पेंशन के लिए आवेदन किया था, सर्वे भी हो चुका है। लेकिन उनके खाते में पेंशन नहीं पहुंची है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि नए लाभार्थियों के खातों में जून के अंतिम सप्ताह या फिर जुलाई के प्रथम सप्ताह में पेंशन पहुंच जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले से 2053 नए आवेदन मिले हैं। आवेदनों का सत्यापन करा लिया गया है इसके बाद लाभार्थियों के खातों में पेंशन की धनराशि पहुंच जाएगी।

### 25 को होगी आल इंडिया महफिले हुस्ने किराअत

**रामपुर, अमृत विचार :** मदरसा जामिउल उलुम फुरकानिया के प्रबंधक डॉ. शायर उल्लाह खां ने बताया कि डिग्री कालेज रोड स्थित एक मैरिज हाल में 25 जून को आल इंडिया हुसैने किराअत होगी। कार्यक्रम में मोहम्मद रियाज नदवी लखनऊ, मौलाना कारी हिदायतुल्लाह साहब जयपुर राजस्थान, कारी मोहम्मद तैयब जमाल सहारनपुर, मौलाना कारी अरशद अमीन श्रीनगर कश्मीर, कारी मोहम्मद परवेज आलम, मोहम्मद फहीम, मोहम्मद हुजैफा, फरहत सुल्तान, मोहम्मद काशान खां, मोहम्मद अनस, मोहम्मद सलीम तिलावत करेंगे। शहर इमाम मौलाना मुफ्ती महबूब अली की सरपरस्ती में कार्यक्रम होगा। सदारत डॉ. शायर उल्लाह खां जबकि, निजामत डॉ. मोहम्मद हफीजुर्रहमान फुरकानी करेंगे।

### वॉलीबॉल टूर्नामेंट: संभल टीम ने ट्रॉफी अपने नाम की

**शाहबाद, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला खटपुर में चल रहे टूर्नामेंट में शाहबाद और सम्भल टीम के बीच मुकाबले में संभल ने बाजी मारी। शाहबाद मोहल्ला खटपुर में होने वाले हर साल वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन। मुख्य अतिथि के रूप में आए चेयरमैन प्रतिनिधि वसीम खान द्वारा फीता काटकर किया गया। उसके बाद पटवाई मिलक संभल शाहबाद टीम के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। इसके बाद शाहबाद और संभल की टीम फाइनल तक पहुंची। संभल की टीम ने ट्रॉफी अपने नाम की। कमेटी मेंबर ओसामा वसीम फराज खान आकाश शर्मा द्वारा खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।



टूर्नामेंट का उद्घाटन करते चेयरमैन प्रतिनिधि वसीम।

### विकास भवन में वाहन चालकों ने किया पौधरोपण

**रामपुर, अमृत विचार :** विकास भवन परिसर में बुधवार को राष्ट्रीय वाहन चालक दिवस के अवसर पर चालकों ने पौधरोपण किया। इससे पहले चालक महासंघ के पदाधिकारियों ने केक काटा और एक दूसरे को केक खिलाकर राष्ट्रीय वाहन चालक दिवस मनाया। इस अवसर पर राजकीय वाहन चालक महासंघ के जिलाध्यक्ष राम अवतार सिंह यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जसपाल सिंह यादव और राकेश आदि मौजूद रहे।



विकास भवन परिसर में पौधरोपण करते पदाधिकारी।

### एक भारत-श्रेष्ठ भारत अभियान को लेकर हुआ समारोह

**शाहबाद, अमृत विचार :** बुधवार को भाजपा नगर मंडल शाहबाद की बैठक एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान को लेकर भाजपा कार्यालय शाहबाद पर संपन्न हुई। उपस्थित सभी भाजपा नेताओं ने कार्यकर्ताओं के बीच अपने-अपने विचार रखें। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के जिला महामंत्री रविंद्र सिंह रवि, सुभाष भटनागर, सुरेश बाबू गुप्ता, नरेंद्र ठाकुर, वेद प्रकाश चंद्रवंशी, मनीष शर्मा, विमल जोशी, अमित चंद्रवंशी, शोभित शर्मा, गंगा सहाय, अजय गुप्ता, रोहित कुमार, ध्रुव कुमार, परमवीर एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

### हाईटेंशन लाइन में इंसुलेटेड कराने की मांग

**मसवासी, अमृत विचार :** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मंत्री संदीप सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर कहा है कि टांडा से दढ़ियाल होकर मसवासी पहुंच रही तैंतीस हजार केवी लाइन में पेड़ों की टहनियों टकराने से ब्रेकडाउन हो जाता है। जिससे मसवासी क्षेत्र की बिजली आपूर्ति घंटों बाधित रहती है। भाजपा नेता शिकायत कि है कि पेड़ों की टहनियों छांटने के लिए वन विभाग एनओसी नहीं देता है। जिससे मामूली हवा में एचटी लाइन के तार टहनियों से टकराते हैं बिजली आपूर्ति घंटे के लिए बाधित हो जाती है। जिससे क्षेत्रवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है बिजली विभाग के आला अधिकारियों से शिकायत के बाद भी इंसुलेटेड तारों की लाइन नहीं डाली जा रही है जिससे समस्या जस की तस बनी हुई है। बिजली विभाग भी लोकल फालतू दूर करने में घंटे का समय व्यतीत कर देता है जिससे क्षेत्र वासियों को भीषण गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ता है। भाजपा नेता ने जिलाधिकारी से हाईटेंशन लाइन इंसुलेटेड करने की मांग की है।

### कृत्रिम बुद्धिमत्ता में दुनिया में पहल करेगी रजा लाइब्रेरी

कार्यालय संवाददाता,

**रामपुर अमृत विचार :** सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने रजा लाइब्रेरी पहुंचकर रूस से लौटकर आए लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कार मिश्र से मुलाकात की। निदेशक ने कहा कि बोलती किताबों की अवधारणा को रूस में विभिन्न देशों के पुस्तकालय विशेषज्ञों ने अत्यधिक सराहा और अपने-अपने देशों के पुस्तकालयों में इसे लागू करने के लिए मार्गदर्शन और सहयोग की मांग की। सांसद ने कहा कि रजा लाइब्रेरी दुनिया की पहली लाइब्रेरी होगी जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित संवाद प्रणाली पाठकों को किसी भी पुस्तक के विषय में संवाद के माध्यम से त्वरित और सटीक जानकारी उपलब्ध कराने में सक्षम होगी। रजा लाइब्रेरी में बुधवार को सांसद ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मामले में रजा लाइब्रेरी को विश्व में प्रथम स्थान पर ले जाने की दिशा में यह एक बड़ा कदम है। लाइब्रेरी के निदेशक हाल ही में रूस यात्रा पर थे। रूस में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय पुस्तकालय मंच में रामपुर रजा लाइब्रेरी की नवीन पहलों को प्रस्तुत किया और भारत की ज्ञान परंपरा को वैश्विक मंच पर प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।



रजा लाइब्रेरी में निदेशक से बातचीत करते सांसद

# रोशनबाग औद्योगिक क्षेत्र में हटाया जाएगा अतिक्रमण

## उपायुक्त उद्योग मनीष पाठक ने लिया जायजा, जिलाधिकारी को भेजी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** औद्योगिक क्षेत्र रोशनबाग में हुए अतिक्रमण को हटाया जाएगा। रोशनबाग स्थित औद्योगिक क्षेत्र 17 एकड़ रकबे में फैला है। बुधवार की दोपहर उपायुक्त उद्योग मनीष पाठक ने अधिकारियों संग औद्योगिक क्षेत्र का जायजा लिया। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने बुधवार की सुबह उपायुक्त उद्योग से औद्योगिक क्षेत्र के रकबे से संबंधित रिपोर्ट तलब की है।

रोशनबाग औद्योगिक क्षेत्र में राहे मुर्तजा समेत औद्योगिक क्षेत्र में अतिक्रमण हो गया है, इस मामले में जिलाधिकारी द्वारा रिपोर्ट मांगी गई है। बुधवार की दोपहर राजस्व विभाग की टीम भी उपायुक्त उद्योग कार्यालय पहुंची। राजस्व विभाग के अधिकारियों ने बताया कि रोशनबाग में 17 एकड़ रकबा औद्योगिक क्षेत्र का है, जबकि 10 एकड़ भूमि में बाग दर्ज है। जबकि मौके पर बाग नहीं है इसमें जमीनें नगर पालिका द्वारा भी लोगों को अलॉट कर दी गई हैं। नगर पालिका के अधिकारी भी नक्शे के माध्यम से मिलान कर रहे हैं कि कितनी भूमि नगर पालिका द्वारा कितने समय के लिए अलॉट की गई है और कितनी भूमि पर लोगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है। राहे रजा के पूर्व दिशा में औद्योगिक क्षेत्र की भूमि है इसके बाद लोगों के आवास बने हुए हैं इसके अलावा खाने, मोबाइल, रेडीमेड आदि की दुकानें हैं।

राजस्व विभाग, नगर पालिका और उद्योग विभाग द्वारा जमीन की तलाश शुरू कर दी गई है। उद्योग विभाग की कितनी जमीन पर लोगों ने कब्जा किया है यह रिपोर्ट जिला अधिकारी जोगिंदर सिंह ने बुधवार की सुबह उपायुक्त उद्योग से मांगी है। अधिकारी मौके पर पहुंचे और जमीन की फोटोग्राफी की।


औद्योगिक क्षेत्र का जायजा लेते उपायुक्त उद्योग मनीष पाठक। ● अमृत विचार


राहे रजा पर उद्योग विभाग की जमीन पर पड़ा रेत। ● अमृत विचार

> इंडस्ट्रियल क्षेत्र में हुए अतिक्रमण को साफ कराया जाएगा। यदि लोगों ने अतिक्रमण किया हुआ है तो वे स्वयं हटा लें। राजस्व विभाग, नगर पालिका के सहयोग से औद्योगिक क्षेत्र की जमीन को कब्जामुक्त कराया जाएगा। इस बाबत जिला अधिकारी ने रिपोर्ट मांगी है।
> -मनीष पाठक, उपायुक्त उद्योग

### बिजारखाता में भी अतिक्रमण किया चिह्नित

**मसवासी अमृत विचार :** नगर पंचायत नरपत नगर के बाद अब बिजारखाता में भी मार्ग चौड़ीकरण के लिए अतिक्रमण चिह्नित किया है। इस दौरान निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ स्थानीय अधिकारी भी मौजूद रहे। अतिक्रमण चिह्नित कर देने से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया है। बुधवार को निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ स्वार जिलाधिकारी अमन देओल क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार पांडे कोतवाल प्रदीप मलिक चौकी इंचार्ज अजय शुक्ला भारी पुलिस बल के साथ बिजारखाता पहुंचे। मार्ग के दोनों और निर्माण विभाग के कर्मचारियों ने पुलिस की मौजूदगी में नापतोल की और अतिक्रमण चिह्नित किया। अतिक्रमण चिह्नित कर देने से लोगों में हड़कंप मच गया। आबादी क्षेत्र में तो अतिक्रमण कम चिह्नित किया, लेकिन आबादी क्षेत्र से बाहर मार्ग के किनारे अधिक मात्रा में अतिक्रमण चिह्नित किया। जिससे अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया है। निर्माण विभाग ने अतिक्रमणकारियों की दुकान पर नोटिस भी चस्पा किए हैं जिसमें 16 जून को अतिक्रमण हटाने की अंतिम चेतावनी दी गई है। नरपत नगर और बाजार खाता में मार्ग के दोनों और मकान और दुकान काफी तादाद में अतिक्रमण की जद में आ गए हैं जिससे लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। निर्माण विभाग और पुलिस ने अतिक्रमण हटाने के लिए पूरी तैयारी कर ली है।

### सिविल लाइन थाने के सामने अतिक्रमण हटाया


थाना सिविल लाइंस के सामने अतिक्रमण साफ होने के बाद पड़ा मलबा।

**रामपुर अमृत विचार :** सिविल लाइन थाने के सामने पर बुधवार को भी पालिका की जेसीबी गरजी और अतिक्रमण को ध्वस्त कराया गया। अतिक्रमण हटने के बाद राम-रहीम पुल के निकट की जगह साफ हो गई है। मंगलवार को पालिका अधिकारियों ने अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण हटवाए जाने के लिए कहा गया था। अतिक्रमण नहीं हटने पर बुधवार की सुबह जेसीबी लगवाकर अतिक्रमण साफ कर दिया गया। इस दौरान पुलिस बल और पालिका के अधिकारी मौजूद रहे। मंगलवार को भी पालिका अधिकारियों ने अतिक्रमण कर बनाई गई 9 दुकानों को ध्वस्त करा दिया था। अधिशासी अधिकारी पालिका दुर्गेश त्रिपाठी ने बताया कि अतिक्रमण कर बनाए गए मकान और दुकानों को ध्वस्त करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण होने के कारण लोगों को आवाजाही में परेशानी होती थी और जाम की स्थिति बन जाती थी। कहा कि शहर में अतिक्रमण को साफ कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि पर जहां-जहां लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है वे स्वयं अतिक्रमण को हटा लें अन्यथा पालिका द्वारा अतिक्रमण को साफ करा दिया जाएगा।

### चकरोड को कब्जामुक्त कराने को डीएम को सौंपा पत्र

**रामपुर :** तहसील बिलासपुर के मनकरा कदीम गांव निवासी किसानों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर चकरोड को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। किसानों ने कहा कि खेतों पर जाने वाले सरकारी चकरोड को कुछ किसानों ने काटकर अपने खेत में मिलाकर वहां पर पेड़ लगा दिए हैं। जिस कारण कृषि यंत्रों को ले जाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने चकरोड को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। शिकायती पत्र पर नदीम अली, आले नबी, मोहम्मद फाजिल आदि के हस्ताक्षर हैं।

# पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम की मुश्किलें बढ़ीं

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**सुनवाई**
- स्टांप चोरी मामले में 4.65 करोड़ आरसी जारी
- तीन मामलों में की थी करोड़ों स्टांप चोरी

**अमृत विचारः** पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम खां एक बार फिर से मुसीबतों में घिरते नजर आ रहे हैं। जमीन खरीद के तीन मामलों में स्टांप चोरी के मामले में प्रशासन की ओर से 4.65 करोड़ रुपये की आरसी जारी कर दी गई है। जिसके बाद खलबली मच गई है।


पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम।

कुछ साल पहले पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम खां द्वारा घाटमपुर में तीन स्थानों जमीन खरीदी गई थी। साल 2022 में सदर तहसील क्षेत्र में हुई चार जमीन खरीद के मामलों में अब्दुल्ला आजम पर स्टांप ड्यूटी चोरी का आरोप लगा था। डीएम कोर्ट ने जांच के बाद पाया कि अब्दुल्ला ने आवासीय भूखंडों को कृषि भूमि के रूप में दर्शा कर स्टांप ड्यूटी की चोरी की। एसडीएम सदर की जांच में अनियमितता की पुष्टि हुई, जिसके बाद डीएम की अदालत में तीन मुकदमे दर्ज किए गए थे। उसके बाद 2022 में नोटिस भी भेजे गए थे। उसके बाद फरवरी 2023 में अब्दुल्ला आजम को नोटिस जारी किए गए थे। सुनवाई के बाद अदालत ने बिक्री विलेखों में स्टांप चोरी की पुष्टि की और जुर्माना लगाया था।

प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि जुर्माने में चोरी गई स्टांप ड्यूटी की दोगुनी राशि और देर से भुगतान पर 1.5 प्रतिशत मासिक ब्याज भी जोड़ा गया है। इसी के चलते अब रिकवरी की कुल राशि बढ़कर 4.65 करोड़ रुपए हो गई है। रिकवरी सर्टिफिकेट जारी होने के बाद अब तहसील प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह अब्दुल्ला आजम से यह राशि वसूले। मामले में तत्कालीन एडीएम वित्त एवं राजस्व हेम सिंह ने 19 मई को ही आरसी जारी कर दी थी।

### धार्मिक भावना को आहत करने का आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर :** सोशल मीडिया सेल पर ट्वीटर के माध्यम से शिकायत प्राप्त हुई। जिसमें आरोपी द्वारा इंस्टाग्राम पर धार्मिक भावना को आहत करने के उद्देश्य से टिप्पणी की गयी थी। सूचना पर सोशल मीडिया सेल द्वारा तत्काल आरोपी के इंस्टाग्राम अकाउंट की संबंधित से जांच कराई। जिससे मिली सूचना के आधार पर थाना कोतवाली को इंस्टाग्राम प्रयोगकर्ता फरमान पुत्र शब्बीर निवासी ग्राम अटरिया का मझरा थाना कोतवाली को गिरफ्तार किया।

## सार-संक्षेप

### लोक निर्माण विभाग ने लाल निशान लगाए


नोटिस चस्पा करता कर्मचारी।

**स्वार,अमृत विचार :** शाहबाद रामपुर से स्वार बाजपुर मार्ग का चौड़ीकरण कराने के लिए लोक निर्माण विभाग ने नोटिस चस्पा किए। लोक निर्माण विभाग व पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से बुधवार को अतिक्रमण की जद में आने वाली दुकानों व भवनों पर लाल निशान लगा कर नोटिस चस्पा किए। कार्रवाई से लोगों में हड़कंप मचा रहा। प्रदेश कैबिनेट की लगभग एक वर्ष पूर्व हुई बैठक में शाहबाद रामपुर से स्वार बाजपुर मार्ग के चौड़ीकरण करानी की स्वीकृति दी गई थी। लोक निर्माण विभाग को धनराशि भी अवमुक्त कर दी गई थी। लेकिन चौड़ीकरण का कार्य एक वर्ष से अधर में लटका पड़ा था।कैबिनेट द्वारा शाहबाद रामपुर से स्वार बाजपुर मार्ग के चौड़ीकरण के लिए अनुमोदन किया जा चुका है। चौड़ीकरण के लिए लोक निर्माण विभाग को 222 करोड़ रुपये की धनराशि भी अवमुक्त की जा चुकी है। लोक निर्माण को मार्ग का चौड़ीकरण कराने में दिक्कतें आ रही है। अतिक्रमण हटाने के लिए दुकानों पर नोटिस चस्पा कर दिए गए हैं। कार्रवाई के दौरान लोगों में हड़कंप मच गया है। इस दौरान एसडीएम अमन देओल समेत लोक निर्माण विभाग एवं पुलिस बल मौजूद रहा।

### खून की उल्टी से युवक की मौत

**पटवाई,अमृत विचार :** पटवाई थाना क्षेत्र के जिवाई कदीम गांव में मंगलवार को 27 वर्षीय राकेश की खून की उल्टी होने से मौत हो गई, जिससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि राकेश टीबी का मरीज था। इसी वजह से उसे खून की उल्टी हुई थी। हालांकि सूत्रों के अनुसार युवक का अपनी बहन की ननद से प्रेम-प्रसंग भी चल रहा था। राकेश की मौत के बाद से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मोर्चरी भेजा था। पोस्टमार्टम के बाद देर शाम परिजनों ने युवक का अंतिम संस्कार कर दिया।

### पिता पुत्र सहित तीन को पीटा, घायल

**रामपुर,अमृत विचार :** बिलासपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मुल्लाखेड़ा निवासी विनोद कुमार का कहना है कि उसके गांव के ही रहने वाले राजेंद्र कुमार मेरे साथ अमरूद के बाग में पार्टनर था। हिसाब किताब को लेकर हमेशा विवाद रहता था। जिसके चलते मैने राजेंद्र से 3 माह पहले पार्टनरी खत्म कर ली थी। उसी के चलते वह रंजिश रखता था। उन्होंने बताया कि 9 जून 2025 की शाम को में अपने भाई महेंद्र पाल के साथ गांव जा रहा था। तभी रास्ते में राजेंद्र, संदीप, भानुप्रताप ने रोक कर गाली-गलौज कर दी थी। विरोध करने पर हम दोनों भाइयों को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया था। उसके बाद आरोपी फिर से घर में घुस आए। पिता और भाई को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### एक सप्ताह बाद भी पुलिस ने नहीं की चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**स्वार अमृत विचार :** चोर दो घरों में घुसकर कमरे में रखी पांच हजार रुपये की नगदी, चार तोले सोना, तीन तोले चांदी के आभूषण, एक मोबाइल चोरी के मामले में पुलिस ने एक सप्ताह बीतने के बाद भी खुलासा तो दूर रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। जिससे पीड़ितों में पुलिस के प्रति रोष व्याप्त है। 4 जून की रात कोतवाली के गांव तोतापुरी निवासी अनीस अहमद पुत्र रहीस अहमद गर्मी के चलते अपने परिवार के कमरों के बाहर आंगन में सो रहा था। रात में चोर घर की दीवार फांद कर घर में घुस गए। कमरे के अंदर अलमारी में रखी पांच हजार रुपये की नगदी, चार तोले सोना, तीन तोले चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए थे। इससे पूर्व चोरों ने गांव लाडपुर निवासी यासीन खां के घर में घुस कर चोरी का प्रयास किया। लेकिन आहट होने पर फरार हो गए थे। पुलिस ने एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी चोरी का खुलासा तो दूर रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। जबकि पीड़ित रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए कोतवाली के चक्कर काट रहा है। जिससे पीड़ितों मे पुलिस के प्रति रोष व्याप्त है।

### एएसपी ने मरम्मत कार्यों का किया निरीक्षण

**रामपुर,अमृत विचार :** अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार ने पुलिस लाइन में मरम्मत कार्यों का निरीक्षण किया। बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में चल रहे मरम्मत कार्यों का जायजा लिया। सम्बन्धित को दिशा निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन एवं क्षेत्राधिकारी शाहबाद भी मौजूद रहे।

### दो पक्षों के झगड़े में धारदार हथियार चले, पांच घायल

**रामपुर अमृत विचार :** रंजिश के चलते दो पक्ष आमने-सामने आ गए।उसके बाद दोनों पक्षों के लोगों ने एक दूसरे के घर चढ़ाई कर दी। धारदार हथियार चलने में दोनों पक्षों के पांच लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों की ओर से आई तहरीर के आधार पर पुलिस ने 15 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। टांडा थाना क्षेत्र के गांव सिकंदराबाद निवासी जमशेद का कहना है कि 10 जून की रात को वह घर के दरवाजे पर बैठा था। तभी इकरार, तोफीक, नफीस, अनीस, अकरम युवक को गालिया देते हुए जा रहे थे। इरशाद के मना करने पर आरोपियों ने धारदार हथियार से उसके ऊपर हमला कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए। आरोपी फरार हो गए। पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराया। उसके रिश्तेदार की तहरीर के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं दूसरी ओर समरीन ने आरोप लगाया कि उसके परिवार के ही इकबाल, नफीस, शाने आलम, दरखुशा, जरीफ,अनस, इकरार घर मौजूद थे। गांव के ही श्मशाद इरशाद, दिलशाद, अरशद, मुरशद, जमशेद, रोजे हसन, सलमान, वसीम, इंतजार घर में घुसकर मारपीट कर दी। सभी पीड़ितों का इलाज चल रहा है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के 15 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



हेल्पडेस्क रजिस्टर को चेक करती सीओ हर्षिता सिंह।

## लम्बित प्रार्थनापत्रों को समय से निस्तारित करें

संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** सीओ शाहबाद हर्षिता सिंह द्वारा शाहबाद थाने का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान थाना कार्यालय पर बने अपराध, त्यौहार, महिला हेल्प डेस्क, आईजीआरएस, ऑर्डर बुक, जनशिकायती रजिस्टर, मालमुकदमाती, मिशन शक्ति, फ्लाईशीट, जीडी कार्यालय, हवालात, मालखाना, महिला हैल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कक्ष, भोजनालय का निरीक्षण किया। आगंतुक कक्ष, शौचालय व विवेचना कक्ष आदि का मुआयना कर साफ- सफाई के निर्देश दिए।

थाना स्तर पर प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों को गम्भीरतापूर्वक गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण कराया जाए। जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर लम्बित प्रार्थना पत्रों को समयावधि में निस्तारित करने के निर्देश दिए। थाना पर आगंतुकों के लिए उचित व्यवस्था एवं समस्याओं का समय से निस्तारित करें। थाने पर लगे सभी सीसीटीवी कैमरों को सुचारू रूप से क्रियाशील रखने के निर्देश दिए।

# श्री खाटू श्याम के भजनों पर झूम उठे भक्त

कार्यालय संवाददाता,रामपुर


भजन सुनाती अधिष्ठा और अनुष्का।


संकीर्तन महोत्सव में नृत्य करते भक्त।

**धर्म-कर्म**
- आदर्श रामलीला मैदान में हुआ श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव

**अमृत विचारः** मंदसौर ने आईं अधिष्ठता और अनुष्का ने बाबा के दरबार में हाजरी लगाई तो श्री खाटू श्याम बाबा के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। श्री श्याम बाबा के भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। तेरे नाम के पागल हैं दुनिया की परवाह नहीं, वो देखो चल पड़ा है नीले घोड़े पर सवार होकर बाबा चल पड़ा है।

आदर्श रामलीला मैदान में मंगलवार की रात श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव की 25 रजत जयंती के मौके पर श्री खाटू श्याम बाबा का दरबार सजाया। श्री श्याम भक्त परिवार और श्री श्याम भक्त समिति की ओर से महोत्सव मंगलवार देर रात पूजा अर्चना के बाद प्रारंभ हुआ। पंडित अंकुर शर्मा और पंडित संजय शर्मा ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराकर बाबा की अखंड ज्योति प्रज्वलित की। श्री श्याम बाबा समेत अन्य देवी-देवताओं को छप्पन भोग अर्पित किए। इसके बाद शुरू हुआ बाबा का गुणगान दरबार में सबसे पहले स्थानीय भजन गायकों आशु बंसल ने भजनों से बाबा को रिझाया। गणेश वंदना के बाद मां सरस्वती वंदना हुई। शिव स्तुति और वीर बजरंगी समेत देवी-देवताओं को नमन करते हुए उन्होंने बाबा का गुणगान किया। बाबा की अखंड ज्योति प्रज्वलित की। पूजा अर्चना के दौरान श्री खाटू श्याम के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। मध्य प्रदेश से आईं अधिष्ठता और अनुष्का ने बाबा के दरबार में हाजरी लगाई तो श्री खाटू श्याम बाबा के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। मेरे श्याम का जादू है सिर चढ़कर बोलेगा। खाटू नगरी, जादू नगरी लगती है प्यारी-प्यारी। वृंदावन से आए हेमंत ब्रजवासी ने बाबा के दरबार में हाजरी लगाई। मेरे शीश के दानी का सारे जग में डंका बाजे। मेला लगा है ग्यारस का। खर्चा भेज दे सांवरिया।

इसके बाद फतेहाबाद से आईं भजन गायिका परविंदर पलक ने श्याम भक्तों को बाबा के भजनों से रिझाया। पकड़ लो हाथ बनवारी। आयो साँवरिया सरकार नीले पे चढ़ के। मुझे श्याम तेरा सहारा न होता। श्रीखाटू श्याम संग भक्तों ने फूलों की होली खेली। तड़के श्री श्याम बाबा की महा आरती उतारकर प्रसाद वितरित किया। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने भी बाबा के दरबार में माथा टेक कर आशीष लिया। रातभर चले भंडारे में श्याम प्रेमी प्रसाद ग्रहण करते रहे।

# जिले में 671.46 करोड़ से लगेंगे नए उद्योग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिले में नए उद्योग लगवाए जाने की कवायद हो रही है। चालू वित्त वर्ष में 671.46 करोड़ रुपये की लागत से 14 उद्योग लगेंगे। साथ ही 2298 लोगों के हाथों को रोजगार मिलेगा।

जिले में उद्योग धंधे लगवाए जाने के लिए खाका तैयार हुआ है। 27.05 करोड़ की लागत से फ्रूट एंड वेजिटेबल यूनिट लगेगी जिसमें 70 लोगों को रोजगार मिलेगा। 26.95 करोड़ की लागत से फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगेगी इसमें भी 70 लोगों के हाथों को रोजगार मिलेगा। फूड प्रोडक्ट यूनिट की लागत 30 करोड़ रुपये आएगी और इसमें 80 लोगों को रोजगार मिलेगा। आईक्यूएफ बेस्ड फ्रूट प्रोसेसिंग फैक्ट्री 29.07 करोड़ की लागत से लगेगी और 70 लोगों को रोजगार देगी। इंटीग्रेटेड पैरा बॉयल राइस मिल 25 करोड़ की लागत से लगेगी और 30 लोगों को रोजगार मिलेगा। फ्रेक्शन डिजिटलाइजेशन ऑफ वेस्ट 4.50 करोड़ की लागत से लगेगी इसमें 10 लोगों को नौकरी मिलेगी। सीबीजी प्लांट 25 करोड़ से लगेगा और 25 लोगों को रोजगार मिलेगा। डेवलप स्टेट ऑफ आर्ट 118.50 करोड़ की लागत से लगेगी और 100 लोगों को रोजगार देगी। मैन्युफैक्चर पॉलिस्टर मिल 200 करोड़ की लागत से लगेगी और 550 लोगों को रोजगार मिलेगा। पंतनगर मेजर मिल 49.45 करोड़ की लागत से लगेगी और 148 लोगों को रोजगार मिलेगा। 10 एलपीएच पैकेज्ड 6 करोड़ से लगेगी और 55 लोगों को रोजगार देगी। व्हील्स कंपनी 63 करोड़ की लागत से लगेगी और 1000 लोगों को रोजगार मिलेगा। फ्रोजन फूड्स 39.44 करोड़ की लागत से लगेगी जिसमें 20 लोगों को रोजगार मिलेगा। उपायुक्त उद्योग मनीष पाठक ने बताया कि जिले में 14 नए उद्योग लगाने में 671.46 करोड़ रुपये का निवेश हो रहा है। 14 उद्योग लगने से जिले के 2298 लोगों के हाथों को रोजगार मिलेगा और क्षेत्र में खुशहाली आएगी।

# महाविद्यालय आकर पुराने दिन आते हैं याद: माधुरी रस्तोगी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वार्षिक समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। मुख्य अतिथि महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य डॉ. माधुरी रस्तोगी और कालेज प्राचार्य डॉ. जागृति मदान ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। माधुरी ने कहा कि महाविद्यालय आकर पुराने दिन याद आ जाते हैं।


छात्र को पुरस्कृत करतीं मुख्य अतिथि। अमृत विचार

मुख्य अतिथि ने अकादमिक क्षेत्र में, क्रीड़ा, रोवर्स- रेंजर्स, एनसीसी, एनएसएस आदि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को नसीहत की। सह-समारोहक डॉ. अब्दुल लतीफ ने महाविद्यालय की प्रगति आख्या पढ़ी। मुख्य अतिथि ने अकादमिक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। सर्वश्रेष्ठ रोवर्स-रेंजर्स, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस शिविरार्थी, वार्षिक क्रीड़ा चैम्पियंस में स्वर्ण पदक विजेता छात्रों को, विश्वविद्यालय टीम में चयनित छात्रों को भी पुरस्कृत किया।

**आक्रोश** एसडीएम ने किसानों की समस्याओं का जल्द निस्तारण का दिया आश्वासन

# बिलासपुर में समस्याओं को लेकर किसानों ने दिया धरना

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचारः** भाकियू भानू गुट के जिलाध्यक्ष मोहम्मद सलीम वारसी ने कहा कि बिलासपुर के डांडिया वन में अवैध कटान कराया जा रहा है। सरकारी संपत्ति को खुलेआम बेचा जा रहा है। आरोप लगाया कि वन विभाग के अधिकारी वन से कीमती लकड़ी, सागौन, खेर, शीशम आदि को बेचकर अपनी जेब में भरने में लगे हैं।


बिलासपुर तहसील में प्रदर्शन करते किसान। अमृत विचार

भारतीय किसान यूनियन भानू से जुड़े किसान बुधवार को बिलासपुर तहसील परिसर में एकत्र हुए। उसके बाद जिलाध्यक्ष मोहम्मद सलीम वारसी के नेतृत्व में दरिया बिछाकर धरने पर बैठ गए। किसान नहर विभाग एवं वन विभाग के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। किसानों की आवाज सुनकर उप जिलाधिकारी अरुण कुमार किसानों के बीच पहुंचे। किसानों की सभी समस्याओं का अति शीघ्र समाधान करने के लिए नहर विभाग के सहायक अभियंता को मौके पर बुलाया। उसके बाद किसानों से वार्तालाप कराई। आठ सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें कहा कि बिलासपुर में सरकारी तालाबों और स्कूल की जमीन पर लेखपालों ने लोगों से मोटी रकम लेकर कब्जे करा दिए हैं। जैसे कि नया सरकारी अस्पताल रोड के बीच प्लाटिंग करने के पीछे तालाब कस्बा रोड आरटीआई भवन के निकट सरकारी स्कूल की जमीन पर कब्जा करा दिए हैं। किसानों के साथ गलत व्यवहार करते हैं। बिलासपुर में गाटा संख्या 27 रक्बा 0.024 गूल सरकारी कागजों में दर्ज है, इस गुल को मोटी रकम लेकर लेखपाल व कानूनगों द्वारा कब्जा करा दिया गया। मामले में एक शिकायती पत्र मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज किया गया है। क्षेत्र की पेपर मिल और फैक्ट्री से नहर में जहरीला पानी छोड़ा जा रहा है, जिसके कारण किसान कई गंभीर बीमारियों के शिकार हो चुके हैं। ग्राम पिपलिया महतों में जहरीले पानी के कारण दर्जनों किसानों की मौत हो चुकी है। दर्जनों किसान गंभीर बीमारियों से पीड़ित है। सेंजनी नहर व रामपुर रोड एक पेट्रोल पंप के पास बिलासपुर में नहर पर अधिकारियों से मिलीभगत कर प्लाटिंग की जा रही है। नहर को कब्जा मुक्त कराकर अपनी टेल तक पहुंचाया जाए। प्रदर्शन में युवा जिलाध्यक्ष मोहम्मद आसिम रजा, अब्दुल हसन पासा, सतनाम सिंह, जगतार सिंह, महेंद्र सिंह, मोहम्मद अहमद, गुरदीप सिंह, गुरपाल सिंह, प्रभात गिरी, अहमद बली खान, शफीक अहमद, साबिर हुसैन, सफदर अली, तुफैल अहमद, कदीर आलम, अकरम खान, मतलूब हसन, मोहम्मद अहकाम, सद्दीक अहमद, मुन्नीलाल, इकराम, जमुना प्रसाद, रामवीर सिंह, इमरान राजा, नईम खान, आरिफ अली, मुबारक,नजाकत अली मौजूद रहे।

## एक नजर

### सार्वजनिक भूमि पर बारात घर पर सहमति

**चन्दौसी /कुढफतेगहगढ, अमृत विचार :** गांव धनुपुरा में सार्वजनिक भूमि में महापुरुषों की मूर्ति लगाने को लेकर विवाद के बीच मंगलवार को डीएम कार्यालय पहुंचकर ग्राम प्रधान बीकेश कुमार के नेतृत्व में दोनों पक्षों के लोगों बीच वार्ता हुई। जमीन पर सार्वजनिक बारात घर बनाने पर दोनों पक्षों द्वारा सहमति व्यक्त की गयी। तय किया गया कि महापुरुष की मूर्ति नहीं लगेगी।

### संभल में अतिक्रमण हटाने के कार्य की प्रशंसा

**संभल, अमृत विचार :** समाज कल्याण समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने अतिक्रमण हटाने की प्रशंसा की है। कहा है कि प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने का कार्य बेहतर है। अतिक्रमण हटने से बाजार में व्यवस्था बेहतर होगी। लोगों को भी सहूलियत मिलेगी।


### बेटे से परेशान पिता ने पुलिस से लगाई गुहार

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव पैंतिया निवासी राजपाल ने पुलिस को तहरीर दी कि उनका बेटा प्रकाश शराब पीकर अपनी पत्नी से मारपीट करता है। कहता है कि जहर खाकर तुम्हारे खिलाफ मुकदमा लिखवा दूंगा। राजपाल ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# मनुस्मृति मनुष्य जीवन के लिए संविधान की तरह: शंकराचार्य

## जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती ने कहा, जिन्होंने नहीं किया अध्ययन वही करते हैं मनुस्मृति की आलोचना

कार्यालय संवाददाता,संभल



ऐंचोड़ा कंबोह कल्कि धाम में संबोधन करते जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कल्कि धाम के गर्भगृह में कूर्म शिला स्थापना के बाद अपने संबोधन में श्रीमद् जगद्गुरु शंकराचार्य द्वारका शारदा पीठाधीश्वर स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज ने जहां धर्म का मर्म समझाया वहीं सनातन धर्म में वेदों की महत्ता पर भी चर्चा की। मनु स्मृति को लेकर दो टूक कहा कि जैसे देश को चलाने के लिए भारत सरकार के पास संविधान है उसी तरह मनुष्य मात्र के जीवन यापन के लिए मनुस्मृति हमारे लिए संविधान है, उसका सम्मान करना चाहिए।

जगद्गुरु शंकराचार्य ने कहा कि मनुस्मृति का वही लोग अपमान करते हैं जिन्होंने मनु स्मृति पढ़ी नहीं है। इसलिए पढ़ो समझो। बात समझ में नहीं आती है तो समझने वालों के पास जाओ उनसे समझो। शब्दों के बहुत अर्थ होते हैं इसलिए शब्द के सही अर्थ को समझने की जरूरत है। आपको संस्कृत नहीं आती है हिंदी के कठिन शब्दों का बोध नहीं है तो आपके पास शब्दकोश है। उससे भी नहीं समझ पाते हैं तो हम धर्माचार्य हैं हमारे पास आइये। मनुस्मृति का संदेश केवल हिंदू के लिए नहीं बल्कि संपूर्ण मानव के लिए है। मनुस्मृति में दिए गए धर्म के दस लक्षणों पर जाएंगे तो वह संपूर्ण प्राणी मात्र के लिए हैं। सत्य बोलना चाहिए, झूठ नहीं बोलना चाहिए, धर्म को धारण करना चाहिए, हिंसा नहीं करनी चाहिए, यह तो सभी के लिए है। चाहे वह ब्राह्मण हो क्षत्रिय हो, वैश्य हो, शूद्र हो चाहे दूसरे संप्रदाय का हो।

शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज ने आगाह करते हुए कहा कि सनातन धर्म,हिंदू धर्म और देश को निर्बल, दुर्बल करने के लिए अनेक प्रयास हो रहे हैं। सनातन धर्म में छिद्र करने का प्रयास हो रहा है। हमें मजबूती से

● **सनातन धर्म को कमजोर करने के किए जा रहे प्रयास,सभी लोग रहें एकजुट**

एकता का प्रदर्शन करना है। यह बात समझनी होगी कि आपके बालक क्या पढ़ रहे हैं, आपकी संस्कृति कहां जा रही है। लोग कहां ले जाना चाहते हैं। संवेदनशील और जागरूक होने की जरूरत है।

### संतान को जन्म देने से पहले धर्मग्रंथ पढ़ें महिलाएं: स्वामी बालकनाथ



**संभल, अमृत विचार :** आनंद पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी बालकनाथ महाराज ने कहा कि पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव से आने वाली पीढ़ी को बचाना जरूरी है। इसलिए महिलाएं गर्भ धारण की अवस्था में टेलीविजन देखने से बचें और धर्मग्रंथों का अध्ययन करें। कल्कि के रूप में भगवान के आने से कुछ वर्षों पूर्व कल्कि धाम का निर्माण हो रहा है। पूरे विश्व को एक संदेश कल्कि धाम देगा। उन्होंने कहा कि हमारा देश जगतगुरु था उसे फिर से स्थापित करने में कल्कि धाम महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### मंदिरों में वेदों का सम्मान करने वालों की लगें मूर्तियां

जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि हमारे मंदिरों में केवल उन्हीं महापुरुषों की मूर्तियां होनी चाहिए जिन्होंने हमारे वेदों का सम्मान किया है। यह शास्त्रीय व्यवस्था है उसे हमें स्वीकार करना चाहिए। हमें सबका सम्मान करना है किसी का अपमान हमें नहीं करना है। लेकिन हमारे मंदिरों में जो देवत्तव है वह वेद मन्त्रों से आता है। कहा कि गायत्री मंत्र का माइक पर उच्चारण यह शास्त्रीय निषेध है। प्रत्येक विधि और निषेध का पालन नहीं होगा तो हिंदू धर्म सुरक्षित नहीं रह सकता। इसीलिए व्यवस्था का पालन होना चाहिए।

## दिन निकलते ही शुरू हो गया अतिथियों व संतों का आगमन

**संभल, अमृत विचार:** कल्कि धाम ऐंचोड़ा कंबोह में शिला स्थापना समारोह में शिरकत के लिए बुधवार को सुबह से ही संतों व मेहमानों के पहुंचने का सिलसिला शुरु हो गया था।

प्रातः 8 बजे संभल जिले के पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई व जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया कल्कि धाम पहुंचे। शंकराचार्य का आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद दोनों अधिकारियों ने कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम से भेंट कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रातः 10 बजे रामपुर विधायक आकाश सक्सेना ने शिलाओं के दर्शन किए। उत्तराखंड के विधायक उमेश कुमार भी पहुंचे। 11 बजे हेलीकॉप्टर से शिवसेना के नेशनल कोर्डिनेटर डॉ. अभिषेक वर्मा का आगमन हुआ।



वेद प्रति देते विधायक आकाश सक्सेना।

# तालाब की जमीन पाटने के विवाद में पथराव-फायरिंग



गांव मालपुर उर्फ मल्लूपुरा में डरे सहमे एक परिवार के लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव मालपुर उर्फ मल्लूपुरा में तालाब नुमा करीब 39 बीघा जमीन वर्षों से खाली पड़ी है। जिसमें ग्रामीणों का कूड़ा कचरा व पानी जाता है।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगों ने तालाब को अपनी जमीन बताकर मुरादाबाद के किसी व्यक्ति को बेच दिया। बुधवार को सुबह वह लोग तालाब की जमीन पर डंपर से मिट्टी डलवाने लगे। जानकारी मिलने पर ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने डंपर चालकों को घेरते हुए दौड़ा लिया। इस बीच एक पक्ष की ओर से पथराव और दूसरे पक्ष की तरफ से फायरिंग की गई। मौके पर खलबली का माहौल बन गया। डंपर छोड़कर चालक भाग निकले। पुलिस ने आठ लोगों को हिरासत में ले लिया।

**दूल्हे के पिता को भी पकड़ा:** गांव मालपुर उर्फ मल्लूपुरा के नौशाद के बेटे आदिल की बरात रामपुर सदर क्षेत्र में जानी है। आदिल सहरा लगाकर तैयार था। पुलिस ने उसके पिता को हिरासत में ले लिया। जिस कारण शाम तक बरात भी रवाना नहीं हो सकी। इसके बाद महिलाओं ने कपड़े और सहरा उतरवा दिए।


## तीन अवैध ई रिक्शों सहित 7 वाहन सीज 35 बाइकों का चालान

**संभल, अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर एआरटीओ प्रशासन एवं प्रवर्तन डॉ.पीके सरोज और पीटीओ योगेंद्र यादव ने चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें 3 अपंजीकृत ई रिक्शों पर कार्रवाई करते हुए चौकी मंडी समिति संभल में सीज कराया। व्यावसायिक वाहनों के रूप में प्रयोग पर 2 निजी वाहनों, ओवरलोडिंग में 2 वाहनों को थाना हजरतनगर गढ़ी में सीज किया। चालकों द्वारा हेलमेट नियम का पालन नहीं करने पर 35 बाइकों का चालान किया।

एआरटीओ ने वाहन चालकों को नियमों का पाठ पढ़ाया। कहा कि वाहन चलाते वक्त हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग किया जाए। बिना रजिस्ट्रेशन के ई रिक्शा का संचालन न करें। कन्वर्जन के बाद ही निजी वाहन का प्रयोग व्यावसायिक वाहन के रूप में किया जाए। एआरटीओ ने बताया कि अभियान 15 जून तक चलेगा।

# विरोध के बीच ध्वस्त किए छज्जे और स्लैब

कार्यालय संवाददाता, संभल/सिरसी



सिरसी में अवैध अतिक्रमण तोड़ती जेसीबी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सिरसी में प्रशासन ने फिर से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। जेसीबी ने मकानों के छज्जे, स्लैब आदि अतिक्रमण को ध्वस्त किया। लोगों ने विरोध किया तो कहासुनी हुई। फिर भी बुलडोजर अतिक्रमण पर गरजता रहा।

बुधवार को नायब तहसीलदार बबलू कुमार, पीडब्ल्यूडी के एई विवेक कुमार बंसल, जेई अल्ताफ, राजस्व कर्मी और पुलिस बल ने संभल-मुरादाबाद मार्ग से अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरूआत की। जेसीबी ने नाली पर आ रहे स्लैब को तोड़ना शुरू किया। इस बीच लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। जेसीबी ने दुकानों पड़े टीनशेड को ध्वस्त किया जिसके बाद मकानों के छज्जे को तोड़ा। कुछ मकान मालिकों ने विरोध किया तो कहासुनी भी हुई लेकिन जेसीबी कार्रवाई करते हुए सिंघा तालाब तक गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल के साथ ही नगर पंचायत का स्टाफ रहा।

● **प्रशासन ने सिरसी में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान**



अतिक्रमण हटाओ अभियान को रोकने का अनुरोध करते लोग।

## सार-संक्षेप

### योग शारीरिक, मानसिक बीमारियों से करता है मुक्त



**चन्दौसी, अमृत विचार :** जायंट्स ग्रुप आफ वूमेन पावर एवं वूमेन प्राइड का 11 दिवसीय योग शिविर का आरंभ विंदल फार्म में किया गया। प्रशिक्षित ट्रैनर श्रुति अग्रवाल ने बताया कि विभिन्न प्रकार की बीमारियों को योग से सही किया जा सकता है। योग एक अद्भुत साधन है, जो न केवल शरीर को लचीला बनाता है, बल्कि मानसिक और आत्मिक शांति भी प्रदान करता है। शिविर में भुजंगासन,वज्रासन, पादहस्तासन आदि आसनों का अभ्यास करबाया । डॉ. सुधा चौधरी, फ़ेडरेशन अनु रस्तोगी, पदमा भार्गग, शुभा कागज़ी, अलका मंगल, शुभ्रा अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, शिवानी अग्रवाल ने सक्रिय सहभागिता की। शिविर में साधना, काव्या, प्रांसी, वंदना, नैना, नेहा, मानसी, मोनिका आदि ने भाग लिया। शिविर 21 जून को समाप्त होगा।

### पंचायत भवन में आग से डेढ़ लाख का सामान जला



**असमोली, अमृत विचार :** असमोली में स्थित पंचायत भवन में बुधवार को सुबह करीब 11 बजे शार्ट सर्किट से आग लग गई। प्रधानपति महावीर सिंह, पंचायत सहायक पुष्पराज आनंद मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के सहयोग से पानी डालकर आग पर काबू पाया। आग की घटना में फर्नीचर, कम्प्यूटर, एसी आदि जल गए। जिससे लगभग 1 .5 लाख रुपये का नुकसान हुआ।

### पानी न मिलने पर किया प्रदर्शन किया



**चन्दौसी, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में पानी की किल्लत को लेकर रघुवीर नगर डहरिया मोहल्ले के लोगों ने बाल्टियां लेकर नगर पालिका के जलकल विभाग के विरुद्ध जमकर प्रदर्शन किया। बताया कि 3– 4 दिन से पानी की सप्लाई नहीं है जिससे बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग इधर–उधर लगे हैंडपंप से पानी भरने को मजबूर है। नगर पालिका के जलकल विभाग के विरुद्ध बाल्टियां हाथों में लेकर प्रदर्शन किया।

### ज्येष्ठ पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने किया गंगा स्नान



**बबराला,अमृत विचार :** ज्येष्ठ पूर्णिमा बुधवार को भी मनाई गई। हजारों श्रद्धालुओं ने पतित पावनी गंगा में आस्था की डुबकी लगा पुण्य अर्जित किया। गंगा आरती पुरोहित सत्यम मिश्रा ने बताया कि पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ पूर्णिमा की तिथि 10 जून सुबह 11 बजकर 35 मिनट पर शुरू हुई और पूर्णिमा का समापन 11 जून दोपहर 1 बजकर 13 मिनट पर हुआ। उदयातिथि के अनुसार 11 जून, बुधवार को भी पूर्णिमा मानी गई है। लिहाज़ा स्नान करने तमाम श्रद्धालु गंगा घाट पहुंचे। बुधवार को राजघाट गंगा घाट पर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया और चंद्रमा को जल से अर्ध्य देकर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। जनपद के अन्य गंगा घाटों पर भी श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए उमड़े।

### पुलिस ने तीन चोर कपड़े , सामान बरामद किया

**संभल,अमृत विचार :**नखासा थाना पुलिस ने चोरी की योजना बनाते तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर स्टार्टर, ट्रांसफार्मर का तेल और तार बरामद किया है। पुलिस अधिकारियों के आदेश एवं कुशल नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक थाना नखासा रजनीश कुमार ने टीम के साथ सुरजीत, अर्जुन और सुरेंद्र निवासीगण गांव सुजातपुर थाना नखासा को चोरी की योजना बनाते हुए उपकरण एवं अवैध शस्त्र के साथ गिरफ्तार किया है। इतना ही नहीं, चोरी किया माल भी बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों से दो पिलास, दो चाकू, पेचकस, 2 फिट का एंगल, प्लास्टिक की टार्च, सबमर्सिबल के चार स्टार्टर, 5 मीटर की कॉपर लाल रंग की केबल, 8 लीटर ट्रांसफार्मर का तेल, 20 किलो कॉपर का तार आदि बरामद किया गया है। बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ 4–4 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों का चालान कर दिया है।

# कल्किधाम पूरे प्रदेश को अभय करेगा

कार्यालय संवाददाता,संभल



कार्यकर्ताओं के साथ विहिप अध्यक्ष आलोक कुमार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** संभल के ऐंचोड़ा कंबोह कल्कि धाम में शिला स्थापना समारोह में शामिल होने आये विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि कल्कि धाम से निकली हिन्दुत्व की धारा उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश को प्रभावित करेगी। उन्होंने नेजा मेला के आयोजन पर रोक को सही कदम बताते हुए कहा कि सोहेलदेव के नाम पर मेला आयोजित होगा तो गौरव जागृत होगा।

पत्रकारों से बातचीत में आलोक कुमार ने कहा कि कुछ धार्मिक कट्टरपंथी लोगों के द्वेष और अड़चनों के कारण कल्कि धाम निर्माण के कार्य को इतना लंबा समय हो गया। यह मंदिर पूरे प्रदेश को अभय प्रदान करेगा। यहां से हिंदुत्व की धारा चलेगी जो सारे देश को प्रभावित कर मानवता के लिए सुख और कल्याण का मार्ग प्रशस्त करेगी। उन्होंने संभल के जामा मस्जिद बनाम हरिहर मंदिर मामले को लेकर कहा कि न्यायालय के निर्णय का सबको सम्मान करना चाहिए। कोई असहमत है तो अपील करनी चाहिए, हिंसा उसका मार्ग नहीं है। मैं यहां के समुदाय को भी कहूंगा कि हमारा संविधान सभी को बराबरी का अधिकार देता है। मुसलमान को भी देता है, सम्मान से रहिए बराबरी से रहिए। विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी का विरोध करो तुम्हारा धर्म है, मगर अपने भारत की विजय का आनंद मनाओ। विरोध में अंधे होकर विपक्षी भारत का विरोध करने पर तुले हैं। आज पाकिस्तान उनका अभिनंदन करता है भारत नहीं।

● **विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने विपक्ष पर भी कसे तंज**

## नियमानुसार खर्च करें धनराशि, गांवों में कराएं कूड़ा कलेक्शन

**संभल/असमोली, अमृत विचार :** असमोली ब्लॉक में डीपीआरओ उपेंद्र कुमार पांडेय ने ग्राम पंचायत सचिवों के साथ समीक्षा बैठक की।

उन्होंने राज्य वित्त आयोग एवं केंद्रीय वित्त आयोग की धनराशि को जल्द ही नियमानुसार खर्च करने एवं ओडीएफ प्लस ग्राम पंचायतों में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन कराने के निर्देश दिए। कहा कि बरसात शुरू होने से पहले साफ सफाई और कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करा दिया जाए। एडीओ पंचायत सुनील कुमार सिंह, सीएम फैलो जरका अफरोज, एडीओ आईएसबी कुलदीप कुमार, सचिव सत्यपाल सिंह, रंजीत सिंह, कुनाल चौधरी, रमन कुमार, शैलेंद्र कुमार, कुलबंत सिंह, ओमवीर सिंह, नाजिम अली आदि रहे।

# भाकियू शंकर ने उठाए बिजली और अवैध वसूली के मुद्दे



मनोटा में पंचायत को संबोधित करते भाकियू शंकर के पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता,संभल/मनोटा

**अमृत विचार :** विकास खंड असमोली क्षेत्र की ग्राम पंचायत मनोटा में पुल पर भारतीय किसान यूनियन शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें क्षेत्र में बिजली समस्या को लेकर रोष व्यक्त किया गया।

कहा कि दो-दो घंटे की बिजली कटौती करके बिजली दी जा रही है जिससे फसलें सूख रही हैं। खतौनी में नाम गलत होने पर किसान तहसील में सही करने जाते हैं तो अवैध वसूली की जाती है। अवैध वसूली करने वालों पर कार्रवाई की जाए। किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कराने की मांग उठी। कहा कि संगठन के कार्यकर्ता आस मोहम्मद पर असगरीपुर के जेई नरेश सिंह ने फर्जी मुकदमा दर्ज कर दिया है, उसे वापस कराया जाए। जिसके बाद मांगों को लेकर डीएम को संबोधित ज्ञापन थाना असमोली के प्रभारी राजीव मलिक को सौंपा गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ओमवीर यादव, मोहम्मद फैज आदि रहे।

# ससुराल वालों पर लगाया महिला की हत्या का आरोप

संवाददाता,चन्दौसी

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव मौलागढ़ में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके वालों ने ससुरवालों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता की हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बरेली के थाना फतेहगंज के गांव सहसा निवासी आशाराम ने अपनी पुत्री नीरज का विवाह 3 वर्ष पहले कोतवाली क्षेत्र के गांव मौलागढ़ निवासी युवक से की थी। ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे और नीरज पर मायके से दहेज लाने को दबाव बनाकर प्रताड़ित करते थे। मायके वालों ने ससुराल वालों को कई बार समझाया। मंगलवार की रात ससुराल के पड़ोस वालों का फोन आया और बताया कि उसकी पुत्री की मौत हो गई। वे बेटी की ससुराल पहुंचे जहां दोनों पक्षों में काफी देर तक कहासुनी होती रही। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मायके वालों की ओर से ससुराल वालों के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर दी है।

## गैस सिलेंडर लीक होने पर लगी आग मां-बेटी झुलसे

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में रसोई में खाना बनाते वक्त गैस सिलेंडर लीक होने से लगी आग की चपेट में आकर मां-बेटी झुलस गईं। मोहल्ला मियां सराय निवासी उजमा पत्नी मोईन बुधवार को सुबह रसोई में खाना बना रही थी। अचानक गैस सिलेंडर लीक होने पर आग लग गई। उजमा ने शोर मचाया तो बेटी रिजा पहुंची। आग की चपेट में आकर उजमा और रिजा झुलस गईं। इस बीच परिजनों ने आग पर काबू पा लिया। परिजन उजमा और रिजा को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टर ने दोनों का उपचार शुरू किया।

# भारत को सशक्त बनाने में जुटी सरकार

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** विकसित भारत का अमृतकाल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल को लेकर हुई प्रेसवार्ता में भाजपा जिला प्रभारी हेमंत राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र को विकसित, आत्मनिर्भर बनाने के लिए संकल्प से सिद्धि सोच के साथ कार्य किया है। जिसके सकारात्मक परिणाम देश को देखने के लिए मिले हैं।

मुरादाबाद मार्ग पर एकता विहार में स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू की मौजूदगी में हुई प्रेसवार्ता में जिला प्रभारी ने कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों ने निर्दोष लोगों की हत्या की। सरकार ने आपरेशन सिंदूर के जरिये जो सबक सिखाया वह पाकिस्तान को याद रहेगा। भारत विश्व की चौथी अर्थ व्यवस्था बन चुका है। युवाओं को रोजगार के लिए अनेक योजनाएं चलाई गईं हैं। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक बिल पारित किए गए हैं। यूपीआई ट्रांजेक्शन में 48 प्रतिशत हिंदुस्तान में होते हैं। सरकार ने ब्लैक मार्केटिंग रोकने, फसल बीमा योजना के जरिये किसानों का सशक्तिकरण करने का काम किया गया।



भाजपा जिला कार्यालय पर सरकार की उपलब्धियों के पोस्टर देखते पदाधिकारी।

● **सरकार के 11 साल कार्यक्रम में बोले भाजपा जिला प्रभारी**

अप्रशस्तानि कार्याणि यो मोहादनुतिष्ठति।
स तेषां विपरिभ्रंशाद् भ्रंश्यते जीवितादपि ॥

जो मोह – माया में पड़कर अन्याय का साथ देता है,
वह अपने जीवन को नरक – तुल्य बना लेता है।

## संपादकीय

# नए सिरे से काम की जरूरत

भारी एवं मध्यम दुर्लभ खनिजों तथा इनसे जुड़े मैग्नेट के निर्यात पर पाबंदी लगाने की घोषणा से स्पष्ट है कि अमेरिका और चीन के बीच जारी व्यापार युद्ध का असर भारत पर भी पड़ रहा है। चीन से इन दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति बाधित होने पर भारतीय उद्योगों को दूसरे विकल्पों पर विचार करना होगा। ये खनिज वाहन, सोलर पैनल आदि के विनिर्माण में काफी महत्वपूर्ण हैं। साफ है कि चीन से तनातनी के बीच भी देश में खनिजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के सार्थक प्रयास नहीं किए गए। खनन में दीर्घकालीन योजना और प्रगतिशील सुधार की जरूरत को समझते हुए अब इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। खनिजों की दृष्टि से समृद्ध भारत में खनन क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद में 2.4 प्रतिशत का योगदान करता है। विकास के उच्च स्तर के बावजूद भारत में खनन क्षेत्र अपनी पूर्ण संभावनाएं हासिल नहीं कर पाया है। भारत के विनिर्माण क्षेत्र और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण 12 खनिजों में से 7 खनिजों के मामले में भारत शत प्रतिशत आयात पर निर्भर है। परंतु देश की खनिज संभावनाओं को खोलने के रास्ते में खोज-बीन को अभी ठीक ढंग से समझा नहीं गया है। खनिज मिशन की 'भारत के विनिर्माण क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण गैर-ईंधन खनिज संसाधनः 2030 के लिए लक्ष्य' रिपोर्ट में सिफारिश की गई है कि आने वाले वर्षों में भारत 2030 में देश के विनिर्माण क्षेत्र की सहायता के लिए इन महत्वपूर्ण खनिजों की भरोसेमंद आपूर्ति सुनिश्चित करने में वर्तमान वैश्विक प्रतिभागियों में शामिल हो जाएगा। जरूरत को देखते हुए, हम वैश्विक प्रतिभागियों की पहचान करने और उनके साथ सहयोग करने में सक्षम होंगे और साथ ही अपने अनुसंधान एवं विकास प्रयासों को अधिक आसानी से आगे बढ़ा सकेंगे।

ब्रुकिंग्स की रिपोर्ट में इस बात का भी ज़िक्र है कि भारत में कई तकनीकी खनिज हैं लेकिन उनकी खोजबीन या तो की नहीं गई है या फिर संभावना से बहुत कम की गई है। इन खनिजों की भविष्य में बहुत ज्यादा मांग होने की संभावना है क्योंकि भारत की जमीन के नीचे सबसे उम्दा खनिजों की खोज-बीन की संभावना बहुत ज्यादा है। महत्वपूर्ण खनिजों के प्रसंस्करण की दिशा में भारत जब तक युद्ध स्तर पर आगे नहीं बढ़ेगा तब तक आयात पर उसकी निर्भरता बनी रहेगी। लीथियम, दुर्लभ खनिजों, ग्रेफाइट और कोबाल्ट सहित कई खनिजों के प्रसंस्करण में भारत को एकदम नए सिरे से काम करना होगा। अर्थव्यवस्था के निर्माण के लिए भारत को महत्वपूर्ण खनिजों की जरूरत होगी। इसलिए खनन क्षेत्र की व्यापक संभावनाओं की अनदेखी नहीं की जा सकती।

# भारत-चीन अमेरिका भू राजनैतिक हित और नेपाल



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वैश्विक महाशक्ति के रूप में अमेरिका नहीं चाहता है कि चीन उसे चुनौती दे, इसलिए अपनी इंडो–पैसिफिक रणनीति के अंतर्गत नेपाल में अपनी पकड़ बनाकर चीन को नजदीक से नियंत्रित करना चाहता है, जिसे चीन भली–भांति समझता है।

हाल के भारत पाकिस्तान संघर्ष के पश्चात बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत के पड़ोसी देशों के साथ संबंधों की पुनर्समीक्षा आवश्यक प्रतीत होती है, जिसमें भू राजनैतिक दृष्टिकोण से सर्वाधिक महत्वपूर्ण अवस्थिति नेपाल की है। हिमालय की गोद में बसा नेपाल दो महाशक्तियों चीन और भारत के बीच एक बफर स्टेट के रूप में काम करता है। हाल के दिनों में नेपाल में बढ़ते चीनी प्रभुत्व और सक्रियता के कारण नेपाल में भारत के प्रति वैमनस्य बढ़ा है, वह चिंता का विषय है।

दक्षिण एशिया के बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य के साथ, नेपाल में चीनी हितों और उनकी नीतियों में भी बदलाव आया है। भारत चीन की विस्तारवादी नीति के दायरे में है और 1962 का युद्ध, अरुणाचल प्रदेश, डोकलाम, सिक्किम, उत्तराखंड में लगातार उसके द्वारा किए जा रहे हस्तक्षेप इसके उदाहरण हैं। उधर तिब्बत पर कब्जा कर लेने के बाद से चीन को लगता है कि नेपाल के रास्ते भारत या अन्य सामरिक शक्तियां जैसे अमेरिका उसमें घुसपैठ कर सकता है। इसके लिए वह नेपाल को सुरक्षित रखना चाहता है। इसके अतिरिक्त नेपाल में बसे लगभग लगभग बीस हजार तिब्बतियों की चीन विरोधी गतिविधियों पर नज़र रखने, नेपाल के साथ भारत के पारंपरिक संबंध को कमज़ोर करने और नेपाल में एक चीन समर्थक राजनीतिक वर्ग तैयार करने के उद्देश्य से चीन निरंतर नेपाल में अपनी गतिविधियां बढ़ा रहा है। चीन नेपाल में भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के समग्र प्रभाव को तिब्बत में स्थिरता के लिए चुनौती और बीजिंग की क्षेत्रीय शक्ति गतिशीलता पर खतरे के रूप में देखता है। तिब्बती क्षेत्र में चीन द्वारा किये जा रहे मानवाधिकार उल्लंघनों भारत और अमेरिका द्वारा निरंतर आलोचना की जाती रही है, यह चीन को मंजूर नहीं है। दूसरी तरफ भारत के लिए नेपाल जल, आंतरिक सुरक्षा, बाह्य सुरक्षा और व्यापारिक हितों को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण देश है। हालांकि भारत-चीन के बीच हिमालय एक प्राकृतिक दीवार है परंतु चीन इसे लांघकर इस पार नेपाल में अपना एक आधार क्षेत्र बनाने की दिशा में अग्रसर है, जो भारत की सुरक्षा के लिए ख़तरा है। चीनी प्रभाव मे नेपाल में सक्रिय हो रहे भारत विरोधी गतिविधियों से भारत का चिंतित होना स्वाभाविक है। भारत नेपाल के संबंधों में नेपाल के अनुसार वर्ष 1975,1983 और 2015 की व्यापारिक नाकेबंदी, कालापानी-लिपुलेख सीमा विवाद, बड़े भाई की भूमिका में समान अवसर न देना, असमान राजनयिक समझौते हैं, जिसकारण नेपाल को लगता है कि भारत अपने महाशक्ति होने का नाजायज़ फायदा उठा रहा है और इसलिए वह इसके प्रतिरोध में चीन की ओर झुक रहा है। पहले नेपाली नदियों पर जल विद्युत परियोजनाओं में भारतीय सहभागिता प्रमुख हुआ करती थी, परंतु हालिया समय मे भारत और नेपाल के बीच बढ़ते अविश्वास और उन पर चीनी कंपनियों की उपस्थिति ने स्थिति गंभीर बना दिया है।

राजा वीरेंद्र के समय तक भारत के साथ नेपाल के काफी मधुर संबंध रहे हैं लेकिन राजा ज्ञानेंद्र ने ढाका में दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन के तेरहवें शिखर सम्मेलन के दौरान चीन का खुलकर समर्थन करके नेपाल की चीन के साथ निकटता को मजबूत किया।

चीन की "वन बेल्ट वन रोड" परियोजना भारतीय सामरिक दृष्टिकोण से चिंताजनक है और यह चीन की पहुंच भारतीय सीमा तक बनाती है। इससे भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिये ख़तरा उत्पन्न हो सकता है। नेपाल के रास्ते माओवादी गतिविधियां, ड्रग्स, अवैध हथियारों की आवागमन से पहले से ही भारत परेशान रहा है। इस परियोजना के बाद नेपाल के रास्ते चीन अरुणाचल प्रदेश व सिक्किम में अपनी सक्रियता बढ़ा सकता है। वस्तुत नेपाल के बुनियादी ढांचे, ऊर्जा और व्यापार प्रवाह में चीन की बढ़ती पैठ और क्षेत्र की घरेलू राजनीति में उसकी हिस्सेदारी भारतीय चिंता का विषय है। नेपाल में चीन के बढ़ते प्रभाव को काउंटर करने तथा चीन के पास अपनी स्थलीय उपस्थिति बनाने के दृष्टिगत संयुक्त राज्य अमेरिका की भी नेपाल में सक्रियता बढ़ी है। वैश्विक गरीबी उन्मूलन, आर्थिक विकास और कनेक्टिविटी की दिशा में काम करने वाली अमेरिकी विदेशी सहायता एजेंसी ने नेपाल के साथ 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर के मिलेनियम चैलेंज कारपोरेशन (एमसीसी) पर हस्ताक्षर किया है जिसका उद्देश्य "सड़क की गुणवत्ता बनाए रखना, बिजली की उपलब्धता और विश्वसनीयता बढ़ाना और नेपाल और भारत के बीच सीमा पार बिजली व्यापार को सुविधाजनक बनाना-निवेश को बढ़ावा देने, आर्थिक विकास में तेजी लाने और गरीबी को कम करने में मदद करना" है। चीन इसे नेपाल में बीआरआई के विरोध के रूप में देखता है।

वैश्विक महाशक्ति के रूप में अमेरिका नहीं चाहता है कि चीन उसे चुनौती दे, इसलिए अपनी इंडो-पैसिफिक रणनीति के अंतर्गत नेपाल में अपनी पकड़ बनाकर चीन को नजदीक से नियंत्रित करना चाहता है, जिसे चीन भली-भांति समझता है। हाल के वर्षों में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल और अधिकारियों का नेपाल दौरा बढ़ा है जिसमें भारत की मौन स्वीकृति शामिल हैं और यह "भारत प्लस वन" दृष्टिकोण का हिस्सा है। इसका उद्देश्य विभिन्न मोर्चों पर नेपाल की सहायता करना एवं चीन द्वारा उत्पन्न चुनौतियों का सामना करना है। यहां ध्यान देने योग्य बात यह है कि भारत या अमेरिका नेपाल को विकास के लिए जो भी धनराशि दे रहा है वो विदेशी सहायता के रूप में है, लेकिन चीन का अधिकांश धन विदेशी कर्ज के रूप में है, इस तथ्य को नेपालियों को समझना होगा।

राजा वीरेंद्र के समय तक भारत के साथ नेपाल के काफी मधुर संबंध रहे हैं लेकिन राजा ज्ञानेंद्र ने ढाका में दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन के तेरहवें शिखर सम्मेलन के दौरान चीन का खुलकर समर्थन करके नेपाल की चीन के साथ निकटता को मजबूत किया। नेपाल में राजशाही के उन्मूलन के बाद, नेपाली राजनीतिक दलों ने अपने-अपने अनुसार भारत और चीन के संबंधो को निभाया है मसलन नेपाली कांग्रेस परंपरागत रुप से भारतीय सहयोग के साथ रहती है जबकि कम्युनिस्ट दल चीन के साथ। नेपाल सेना और चीन के बीच पहला संयुक्त अभ्यास, "सागरमाथा मैत्री" वर्ष 2017 में हुआ था। चीन ने अक्टूबर 2019 में राष्ट्रपति शी जिनपिंग की पहली नेपाल यात्रा की। आजकल नेपाल में राजशाही की पुनर्स्थापना के लिए चल रहे आंदोलन के पीछे चीनी हाथ होना स्वाभाविक है क्योंकि राजा ज्ञानेन्द्र अभी चाहते हैं कि चीनी सहायता से वह वापस सत्ता में आ जाएं और चीन भी यही चाहता है। लोकतांत्रिक देश होने के नाते भारत और अमेरिका ऐसा नहीं चाहेगा।

प्रधानमंत्री बनने के पश्चात ओली ने नेपाली प्रधानमंत्रियों द्वारा पहले नई दिल्ली का दौरा करने की लंबे समय से चली आ रही परंपरा का अंत कर दिया। वर्ष 2017 में नेपाल के चीनी बीआरआई में शामिल होने के बाद तिब्बत से नेपाली सीमा तक रेल संपर्क बढ़ाने की चीन की कोशिश के जवाब में भारत ने सीमा पर नेपाल तक अपने रेल संपर्क बढ़ाने की योजना तैयार की है। शुरुआती चरण में चीनी सहायता नेपाल में बुनियादी ढांचे के निर्माण के साथ-साथ उद्योगों को बढ़ावा देने पर केंद्रित थी, ताकि इसके सहायता कार्यक्रम पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से भारत पर इसकी आर्थिक निर्भरता कम हो सके। सितंबर 2015 के व्यापारिक नाकेबंदी के समय चीनी बंदरगाहों तक नेपाल को पहुंचने की बात की गई परंतु दस साल बाद भी नेपाल के लिए एक भी शिपमेंट चीनी बंदरगाहों से नहीं गुजरा है, लेकिन इससे नेपालियों में यह भावना जरुर उभरी कि चीन भारत के विरुद्ध उसका सहयोग करेगा। भू राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि नेपाल अपनी अवस्थिति के कारण तीन महाशक्तियों अमेरिका-चीन-भारत के बीच फंस गया है। वस्तुत इनके नेपाल वर्चस्व की लड़ाई में फंसा है।

## प्रसंगवश

# रक्षा क्षेत्र में ऊंचाई पर पहुंचा भारत

पिछले 11 वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में प्रगति की है। खासकर रक्षा क्षेत्र में जो ऐतिहासिक परिवर्तन आए हैं, वे देश की सुरक्षा को मजबूत करने के साथ-साथ भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को भी नई ऊंचाइयों पर ले गए हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता संभालने के बाद से ही पिछले कुछ सालों में भारत ने अपनी सेना और हथियारों को काफी मजबूत किया है। अब 65 प्रतिशत से ज्यादा रक्षा खरीद स्वदेशी है। इससे भारत की सैन्य ताकत और आत्मविश्वास दोनों बढ़े हैं। 11 साल में रक्षा बजट में लगातार वृद्धि के साथ-साथ बेहतर प्रबंधन भी मोदी सरकार की खास उपलब्धि है। 2014-15 में रक्षा बजट लगभग 2.29 लाख करोड़ रुपये था, जो 2025-26 में बढ़कर लगभग 6.81 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इस बजट का उपयोग नई तकनीकों के विकास, हथियारों की खरीद, सैनिकों के वेतन और कल्याण, और सीमा सुरक्षा को मजबूत करने में किया जा रहा है। पहले रक्षा खरीद प्रक्रिया लंबी और जटिल होती थी, जिससे हथियारों की आपूर्ति में देरी होती थी। मौजूदा सरकार ने इसे सरल, पारदर्शी और तेज बनाया है। 'मेक इन इंडिया' को प्राथमिकता दी गई है, जिससे घरेलू उद्योगों को बढ़ावा मिला है। डिफेंस एक्सपोर्ट प्रमोशन योजना, ई-प्रोक्योरमेंट और फास्ट ट्रैक खरीद जैसी नीतियों ने रक्षा खरीद प्रक्रिया को आधुनिक बनाया है। इससे सेना को समय पर आवश्यक उपकरण और हथियार मिल रहे हैं।



डॉ. ओ. पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

इसके साथ ही, भारत अब लगभग 80 से 100 देशों को सैन्य उपकरणों का निर्यात करता है। भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2014-15 में 1,941 करोड़ रुपये से वित्त वर्ष 2024-25 में 23,662 करोड़ रुपये तक 1,100 प्रतिशत से अधिक बढ़ गया है। यह भारत की तकनीकी श्रेष्ठता और आत्मनिर्भरता का प्रमाण है। रक्षा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कई नीतिगत सुधार किए हैं, जिससे भारत वैश्विक हथियार बाजार में अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है।

इस दौरान सरकार ने रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा दिया, जिससे न केवल उत्पादन में तेजी आई बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा हुए। रक्षा उत्पादन का लक्ष्य 2029 तक 3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, जो भारत को वैश्विक रक्षा बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी बनाएगा।

सरकार ने रक्षा क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। रक्षा क्षेत्र में अब 74 प्रतिशत तक विदेशी निवेश की अनुमति दी गई है, जिससे विदेशी कंपनियां भारत में तकनीकी सहयोग और निवेश कर रही हैं। निजी कंपनियों को बड़े रक्षा परियोजनाओं में शामिल किया गया है, जैसे कि अडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट, स्वदेशी पनडुब्बी निर्माण, और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली। इससे तकनीकी विकास में तेजी आई है और उत्पादन क्षमता में वृद्धि हुई है। भारत ने कई स्वदेशी हथियार प्रणालियों का सफल विकास किया है, जिनमें एस-400 ट्रायम्फ मिसाइल सिस्टम, बराक-8 मिसाइल, आकाश मिसाइल, तेजस हल्का लड़ाकू विमान, और काउंटर-यूएवी तकनीक शामिल हैं। इन हथियार प्रणालियों ने भारत की सैन्य ताकत को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। वहीं भारत ने अमेरिका, रूस, फ्रांस, इजराइल, जापान, ऑस्ट्रेलिया और कई अन्य देशों के साथ गहरी रक्षा साझेदारी स्थापित की है। इन साझेदारियों के तहत तकनीकी सहयोग, हथियारों की खरीद, संयुक्त सैन्य अभ्यास, और रणनीतिक संवाद बढ़े हैं। मोदी सरकार ने सेना में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा दिया है। भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा, हाइपरसोनिक हथियारों, क्वांटम कंप्यूटिंग और अंतरिक्ष तकनीक में तेजी से काम कर रहा है। रक्षा उपग्रहों की मदद से सेना की निगरानी और संचार प्रणाली को बेहतर बनाया गया है। गगनयान मिशन और स्वदेशी स्पेस स्टेशन विकसित करने की योजना से भारत की रक्षा प्रणाली और अधिक सक्षम बनेगी। यह भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में भारत को सक्षम बनाएगा।

# दुनिया में पर्यावरण शरणार्थियों की बढ़ती समस्या



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

विशेषज्ञों का मानना है कि 2050 तक दुनिया भर में 25 करोड़ लोगों को अपने मूल निवास स्थलों से पलायन को मजबूर होना पड़ सकता है।

दुनिया में प्राकृतिक आपदाओं के कारण पिछले एक दशक 2015 से 2024 के दौरान आंतरिक विस्थापन के कारण पर्यावरण शरणार्थियों की संख्या में बढ़ी वृद्धि दर्ज की गई है। इस कारण कुछ क्षेत्रों में अपेक्षाकृत अनेक बार प्राकृतिक आपदा के तीव्र और व्यापक खतरे उत्पन्न हुए। परिणामस्वरूप 210 देशों में 26.48 करोड़ लोगों को आंतरिक विस्थापन झेलना पड़ा है। जो न केवल एक रिकॉर्ड के रूप में सर्वाधिक है, बल्कि 2.65 करोड़ के दशकीय औसत से कहीं अधिक है। इस मामले में पूर्व और दक्षिण एशिया सबसे अधिक प्रभावी क्षेत्र रहे। देशों के स्तर पर बीते एक दशक में चीन, फिलीपींस, भारत, बांग्लादेश और अमेरिका में दर्ज विस्थापन के आंकड़े सबसे ज्यादा हैं। चीन में 4.69 और फिलीपींस में 4.61 करोड़ लोगों को अपने ही देश में विस्थापन का दर्द झेलना पड़ा है। इसी कालखंड में भारत में बाढ़, तूफान और भू-स्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं के चलते 3.23 करोड़ लोगों को आंतरिक विस्थापन का संकट उठाना पड़ा है। किसी देश के अंदर विस्थापित होने वाले लोगों की संख्या के लिहाज से चीन और फिलीपींस के बाद भारत विश्व में तीसरे स्थान पर हैं। जिनेवा स्थित आंतरिक विस्थापन निगरानी केंद्र (आईडीएमसी) की एक नई रपट में यह दावा किया गया है।

रपट के मुताबिक वैश्विक स्तर पर 90 फीसदी आपदा जनित विस्थापन बाढ़ और तूफान का परिणाम रहा है। सबसे ज्यादा तूफान के कारण 12.09 करोड़ लोगों को विस्थापन की परेशानी उठानी पड़ी है। इसी अवधि में बाढ़ के कारण 11.48 करोड़ लोगों का विस्थापन हुआ। वर्ष 2020 में वैष्विक स्तर पर समुद्री तूफान से हुए लोगों के विस्थापन में 'अंफान' सहित अन्य चक्रवातों की हिस्सेदारी 92 प्रतिशत रही। इस रिपोर्ट के अनुसार गरीब और निर्बल सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। उन्हें बार-बार और लंबे समय तक पलायन के लिए मजबूर होना पड़ा है। सामाजिक असमानता और आर्थिक विसंगति के कारण इन लोगों को इन प्राकृतिक आपदाओं का भीषण संकट झेलना पड़ा है। जलवायु परिवर्तन के कारण दुनियाभर में हर साल औसतन 3 करोड़ लोगों को समुद्र और नदी तटीय बाढ़, सूखा और चक्रवती तूफानों के चलते भविष्य में भी ऐसी आपदाओं से विस्थापन का संकट झेलना होगा। यानी पर्यावरण शरणार्थियों की संख्या भविश्य में और विकराल रूप में पेश आएगी।

जलवायु विषेशज्ञों का मानना है कि इस विराट व भयानक संकट के चलते यूरोप, एशिया और अफ्रीका का एक बड़ा भूभाग इंसानों के लिए रहने लायक ही नहीं रह जाएगा। तब लोगों को अपने मूल निवास स्थलों से जिस पैमाने पर विस्थापन या पलायन करना होगा, वह मानव इतिहास में अभूतपूर्व होगा। इस व्यापक परिवर्तन के चलते खाद्यान्न उत्पादन में भारी कमी आएगी। अकेले एशिया में कृषि को बहाल करने के लिए हर साल पांच अरब डॉलर का अतिरिक्त खर्च उठाना होगा। बावजूद इसके दुनिया के करोड़ों लोगों को भूख का अभिशाप झेलना होगा। विज्ञान पत्रिका 'साइंस' में प्रकाशित अध्ययन में कहा गया है कि यदि वैश्विक तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होती है तो हिंदू कुश हिमालय के हिमखंडों की बर्फ इस सदी के अंत तक 75 प्रतिशत तक पिघल जाएगी। हिंदू कुश पर्वत के ये ग्लेशियर कई नदियों के उद्गम स्थल हैं और ये नदियां 2 अरब लोगों की आजीविका का साधन बनती हैं। यदि इस सदी के अंत तक दुनिया 2.60 डिग्री सेल्सियस गर्म होती है तो वैश्विक स्तर पर ग्लेशियर की बर्फ का केवल एक चौथाई हिस्सा ही बचेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि 2050 तक दुनिया भर में 25 करोड़ लोगों को अपने मूल निवास स्थलों से पलायन को मजबूर होना पड़ सकता है। जलवायु परिवर्तन की मार मालदीव और प्रशांत महासागर क्षेत्र के कई द्वीपों के वजूद को पूरी तरह लील होगी। इन्हीं आशंकाओं के चलते मालदीव की सरकार ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए चर्चा के लिए समुद्र की गहराई में बैठकर औद्योगिक देशों का ध्यान अपनी ओर खींचा था ताकि ये देश कार्बन उत्सर्जन में जरूरी कटौती कर दुनिया को बचाने के लिए आगे आएं। इस व्यापक बदलाव का असर कृषि पर दिखाई देगा। खाद्यान्न उत्पादन में भारी कमी आएगी। उभरते जलवायु संकट और बढ़ते पर्यावरण शरणार्थियों के चलते इतने शरणार्थियों को अनाज उत्पादन के लिए कृशि लायक भूमि उपलब्ध कराना असंभव होगा। अतएव पर्यावरण शरणार्थियों के इस संकट से निपटना तब और मुश्किल होगा, जब अमेरिका जैसे पूंजीपति देश राहत कोष घटाकर इन शरणार्थियों को भगवान भरोसे छोड़ देने का काम कर रहे हैं।

## सोशल फोरम

# भीड़ है लेकिन आदमी अकेला

व्यक्ति स्वातन्त्र्य के नाम पर विश्व बाजार समाज को तोड़ रहा है, भीड़ है लेकिन आदमी अकेला है। बाजार की शक्ति समष्टि पर प्रहार करती है, एकता पर प्रहार करती है, और उसे विच्छिन्न करती है ।समन्वय की प्रणालियों के विरुद्ध वहां तक चली जाती है, जहां तक वह जा सकती है।

बाजारवाद का मतलब है-प्रकृति के शक्ति सिद्धान्त का न्याय, अर्थात् बड़ी मछली छोटी मछली को निगलेगी, जंगल का राजा शेर है। जिसके पास परमाणु बम अधिक होंगे, धरती पर उसी का राज होगा। बाजारवाद का अर्थ हैः राजसत्ता और अर्थसत्ता का गठजोड़। जिसके पास पैसा है, उसी की राजसत्ता है। विश्व बाजार विश्व की सरकारों का नियमन कर रहा है। बाजारवाद सिखाता है कि गरीब आदमी और प्रकृति कच्चा माल है और अमीर-आदमी उपभोक्ता है। भौतिक विकास को जीवन का परम सत्य माना जाने लगा है और इस चक्कर में जीवन यांत्रिक होकर रह गया है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

व्यक्ति स्वातन्त्र्य के नाम पर विश्व बाजार समाज को तोड़ रहा है, भीड़ है लेकिन आदमी अकेला है। बाजार की शक्ति समष्टि पर प्रहार करती है, एकता पर प्रहार करती है, और उसे विच्छिन्न करती है। समन्वय की प्रणालियों के विरुद्ध वहां तक चली जाती है, जहां तक वह जा सकती है।

बाजारवाद का मतलब है-पैसा और पैसा। मनुष्य का मनुष्य से कोई नाता है तो पैसे के कारण और प्रकृति से नाता है तो पैसे के लिए। सबल और धनवान का हित ही सर्वोपरि होता जा रहा है। गरीब और निर्बल की गर्दन पर सबल और धनवान का पंजा कसता चला जा रहा है! गरीब और निर्बल तिनका के सहारे हैं, विवश हैं! आज हम जो कुछ अपने चारों ओर देख-सुन रहे हैं, वह तृष्णा का हाहाकार है। बाजारवाद अनेक प्रकार के मिथ्या-सिद्धांतों का प्रचार करता है, खंडित दृष्टि से मनुष्य को और जीवन को देखता है। बाजारवाद स्वच्छंद-भोग का समर्थन करता है, तृष्णा के पक्ष में तर्क देता है।

-फेसबुक वॉल से

# समुद्र पर मंडराता प्लास्टिक छर्रों का खतरा



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

प्लास्टिक कचरे की हाल के बाद उस इलाके से पकड़ी गई मछलियों के खरीदार नहीं मिल रहे और इस तरह पहले से गिरावट का शिकार मछली पालन उद्योग घुटनों पर आ जाएगा।

बीते 26 मई को कोच्चि के पास जलमग्न हो गए लाएबेरिया के जहाज से फिलहाल तेल के फैलाव और उसमें भरे रसायनों की पानी से क्रिया से उपजने वाले संभावित प्रदूषण का खतरा सामने नहीं आया है। लेकिन जहाज में लदे कुछ कंटेनर के टूटने के बाद उसमें भरे अनगिनत प्लास्टिक की छोटी-छोटी गेंद के आकार के छर्रे जिन्हें नर्डल्स भी कहा जाता है, का फैलाव अब कन्याकुमारी तक हो गया है और यह न केवल समुद्री त्यात पर बल्कि व्यापक रूप से जल-जीवन के लिए बड़ा संकट बन गया है। उल्लेखनीय है कि समुद्री कंटेनर में भारी सामान को सुरक्षित रखने के लिए इस तरह के छर्रे भरे जाते हैं।

तमिलनाडु के कन्याकुमारी जिले के 42 तटीय गांवों में से 36 के समुद्र तटों पर यह सफेद जहरीले कंकड़ बढ़ते जा रहे हैं। इस प्रदूषण के चलते विशेष रूप से किलियूर तालुक के तटीय आवासीय क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुए हैं जहां के सभी 16 गांव प्रभावित हुए हैं। कलकुलम और अगस्तीस्वरम तालुकों में भी क्रमशः 13 तटीय बस्तियों में से 10-10 में नर्डल्स देखे गए हैं। प्लास्टिक के ये टुकड़े मंगलवार को कन्याकुमारी शहर के निकट मणाकुड़ी नामक तटीय गांव तक पहुंच चुके हैं। फिलहाल तो इस प्लास्टिक कचरे को बंदरगाहों में रखा गया है हालांकि ये छर्रे विषैले तो नहीं होते, लेकिन इनसे उपजा प्रदूषण लंबे समय तक जहर से कम नहीं होता। इनके अल्पकालिक और दीर्घकालिक प्रभावों में आवासीय पर्यावरण का प्रदूषण, इनके माइक्रो और नैनो प्लास्टिक में टूटना और खाद्य श्रृंखला में प्रवेश करना शामिल है। किनारे लग गए प्लास्टिक को तलाशना और उसे एकत्र करना हालांकि दूभर कार्य है लेकिन यह संभव तो है लेकिन जो प्लास्टिक कण समुद्र में ही रह गए। उनके दुष्प्रभावों से निजात का कोई तरीका ही नहीं हैं। समुद्र रातों-रात ठीक नहीं होता। विज्ञान, इतिहास और अनुभव हमें बताते हैं कि अरब सागर को फिर से सामान्य होने में कितना समय लग सकता है-और क्यों इस समय लंबी अवधि की सोच जरूरी है, न कि केवल तात्कालिक सफाई। मैंग्रोव, प्रवाल भित्तियां, और कीचड़ वाले तट जैसे तटीय पारिस्थितिकी तंत्र विशेष रूप से संवेदनशील होते हैं। प्लास्टिक के कण जड़ों को ढक सकता है और ऑक्सीजन के आदान-प्रदान को रोक सकता है, जिससे पारिस्थितिकविद "पारिस्थितिक मृत" क्षेत्र कहते हैं- ऐसे क्षेत्र जहां जीवन वापस आने के लिए संघर्ष करता है। समुद्री जीव जैसे व्हेल, मछलियां और कछुए प्लास्टिक के कचरे को अपना शिकार समझकर खा लेते हैं। पेट में प्लास्टिक भरे होने की वजह से वे अंदरूनी चोटों का शिकार होते हैं और उनके तैरने की क्षमता भी कम हो जाती है। प्लास्टिक एक ऐसी चीज़ है जो ख़त्म नहीं होती, प्लास्टिक का कचरा छोटे-छोटे हिस्सों में टूट जाता है जो माइक्रोप्लास्टिक कहलाता है और यह इतना महीन होता है कि हम इसे देख भी नहीं पाते। यह माइक्रोप्लास्टिक जलीय जीवों के अंदर जाता है और फिर जलीय जीवों के ज़रिए यह हमारी फूड चैन का हिस्सा भी बन जाता है। आर्ट जिस जीव के शरीर मे यह सूक्ष्म कण समय गए हैं, यदि उन्हे कोई इंसान खाएगा तो वही प्लास्टिक उसके अंगों में भी घर बना लेगी।

हाल में मुंबई के समुद्री तट, श्रीलंका को छूती हिन्द महासागर की सीमा पर प्लास्टिक नरडल्स का आतंक देखा जा चुका है और बहुत सी तकनीक इसके समुद्र में गहरे तक कुप्रभाव को रोक नहीं पाई। इस खतरे को देखते हुए केरल और तमिलनाडु सरकार ने कंटेन्ट के आसपास के इलाकों में मछली पालन पर रोक लगा दी है और यह एक बड़ा आर्थिक-सामाजिक तनाव का कारण बन रहा है। फिलहाल भारत के दक्षिणी समुद्री तट पर मंडरा रहा यह संकट पर्यावरण के साथ-साथ लाखों लोगों की रोजी रोटी से भी जुड़ा है। केरल में मत्स्य पालन क्षेत्र राज्य की कुल आबादी के लगभग 2.98 प्रतिशत को आजीविका प्रदान करता है। इसमें से 77 प्रतिशत समुद्री क्षेत्र में 8 लाख मछुआरे मछली पकड़ते हैं। राज्य में मछली उत्पादों की वार्षिक घरेलू बिक्री लगभग 600 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। प्लास्टिक कचरे की हाल के बाद उस इलाके से पकड़ी गई मछलियों के खरीदार नहीं मिल रहे और इस तरह पहले से गिरावट का शिकार मछली पालन उद्योग घुटनों पर आ जाएगा। विदित हो केरल में 2022-23 में कुल समुद्री उत्पादन 6.90 लाख टन था, जो 2023-24 में घटकर 5.8 लाख टन हो गया। इस कमी के बावजूद, केरल अभी भी समुद्री मछली पकड़ने में देश में दूसरे स्थान पर है। यह मछली प्रजनन का चरम काल है और इस समय प्लास्टिक का प्रदूषण इस पर बुरा असर डालता है। केरल के तट पर हुई इस दुर्घटना के बाद समय आ गया है कि भारत विश्व समुदाय के सामने समुद्री जहाज में इस जहरीले नरडल्स के परिवहन पर रोक और इसके विकल्प के बारे में स्वर उठाए।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## महिला आयोग की सदस्य पहुंचीं थाना नौगांवा सादात

**अमरोहा, अमृत विचार :** महिला आयोग की सदस्य संगीता बुधवार को थाना नौगांवा सादात पहुंची। महिलाओं की शिकायत पर कार्रवाई न होने को लेकर नाराजगी जताई। कहा कि प्राथमिकता के साथ महिलाओं की शिकायतों का निस्तारण किया जाए। कस्बा नौगांवा सादात के मोहल्ला हटा वाला में अली अख्तर की पत्नी हसीन फातिमा ने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए कहा कि 9 जून को उनका बेटा होटल से खाना लेकर आ रहा था। रास्ते में देवर सहित अन्य लोगों ने उनके घर पर आकर मारपीट की। थाने आकर तहरीर दी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। उसकी शिकायत पर जांच करने के लिए राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता थाना नौगांवा सादात पहुंची। आरोपियों के खिलाफ करवाई करने के लिए थाना प्रभारी सुनील कुमार और कस्बा इंचार्ज संजीव बालियान से वार्ता की। थाना प्रभारी ने आरोपियों के खिलाफ जल्द से जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

# पुलिस ने चड्डी गैंग के तीन बदमाश दबोचे

## गैंग लीडर फरार, बदमाश डंडा लेकर और चड्डी पहनकर करते हैं लूटपाट की घटना

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा


जानकारी देते एसपी अमित कुमार आंनद, गिरफ्त में तीन बदमाश। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पुलिस ने चड्डी कलंदर गैंग का भंडाफोड़ कर तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाश डकैती की योजना बना रहे थे। गैंग का लीडर फरार हो गया। बदमाशों ने गांव सैदपुर इम्मा में एक परिवार को बंधक बनाकर लूटपाट की थी। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से लूटे गये सोने व चांदी के आभूषण व नगदी बरामद की है।

बुधवार को एसपी अमित कुमार आनंद ने पुलिस कार्यालय में घटना का खुलासा किया। एसपी के मुताबिक मंगलवार को नौगांवा सादात पुलिस क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इस दौरान सूचना मिली कि गांव सुल्तानपुर में मास्टर फतियाब के आम के बाग में कुछ लोग डकैती की योजना बना रहे हैं। पुलिस ने छापेमार कर गिरोह के तीन बदमाशों नाजिम उर्फ टाईगर पुत्र समीर, दानिश उर्फ चच्चा पुत्र सलीम निवासी तुर्तीपुरा थाना

● **25 मई को बदमाशों ने गांव सैदपुरइम्मा में परिवार को बंधक बनाकर की थी लूटपाट**

नखासा, जनपद सम्भल, डॉलर उर्फ अहमद पुत्र गय्यूर निवासी आदमपुर थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। जबकि इनके साथी ताहिर पुत्र मुस्लिम, शोएब उर्फ लम्बू, जोन पुत्र मुर्सलिन निवासी ग्राम रानी नागल थाना भोजपुर, मुरादाबाद अंधेरे का लाभ लेकर फरार हो गये। पुलिस ने बदमाशों पर डकैती की योजना बनाने का मुकदमा भी दर्ज कर लिया। बदमाश नाजिम उर्फ टाइगर पर 6 मुकदमे दर्ज हैं जबकि बदमाश डॉलर उर्फ अहमद पर 9 मुकदमे दर्ज हैं। दोनों की शातिर किस्म के अपराधी हैं।

एसपी ने बताया कि 25 मई को बदमाशों ने अपने 3 फरार साथियों तथा एक अन्य साथी रोजन पुत्र चांद खां के साथ मिलकर गांव सैदपुर इम्मा में बाहर खेत में बने एक मकान में मारपीट व लूट की घटना की थी। बदमाशों के कब्जे से पीली धातु की चपटी डली, पीली धातु की एक कैप्सूल नुमा डली, एक जोड़ी पचांगला व एक जोड़ी पैरो की पाजेब व 2 कड़े सफेद धातु जिनकी कीमत करीब एक लाख 20 हजार रुपये व 13,510 की नगदी बरामद की है। एसपी ने बताया कि तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। वहीं खुलासा करने वाली टीम को नगद 25 हजार रुपये का इनाम दिया गया है।

### लूटपाट के बाद चड्डी गैंग की दहशत में थे लोग

गांव सैदपुर इम्मा में 25 मई को चड्डी गैंग ने परिवार को बंधक बनाकर उनके साथ मारपीट व लूटपाट की थी। तभी से क्षेत्र के लोगों में चड्डी गैंग को लेकर लोगों में दहशत थी। एसपी अमित आंनद ने बताया कि यह बदमाश चड्डी पहनकर हाथों में लाठी डंडे लेकर घटना को अंजाम देते थे। सभी बदमाश घूमन्तू जाति के है जिनका गैंग लीडर ताहिर पुत्र मुर्सलीन नि0 ग्राम रानी नंगला थाना भोजपुर जिला मुरादाबाद है। ये सभी लोग अलग-अलग जगहों पर रात में चोरी, लूटपाट की घटनाएं करते हैं। दिन में फेरी लगाकर रात को लूट करते हैं।

### गैंगलीडर ताहिर ने बनाई थी लूट की योजना

एसपी ने बताया कि गैंग का लीडर ताहिर अभी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। ताहिर ने ही गांव सैदपुर इम्मा में लूट की योजना बनाई थी। उसने बदमाशों को शहर के मौहल्ला लकडा में बुलाकर योजना समझा दी थी। अंधेरा होने पर ये सभी लोग टेंपो से भट्ठों के पास उतरकर पैदल खेतो में बने मकान पर पंहुचे। रास्ते में बंद पडे कोल्हू से कुछ बांस के डंडे व कुछ लिपटिस के डंडे उठा लिये थे। मकान में घुसकर लूटपाट की। इसके बाद घरवालों को मारपीट कर घायल कर दिया और भाग गये थे।

## जमीन के विवाद में की गई मारपीट, तीन लोग घायल

संवाददाता हसनपुर


मारपीट में घायल।

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में आवासीय भूमि को लेकर चल रही पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान तीन लोग घायल हो गए। तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की।

हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव रखेडा निवासी कपिल पुत्र झंगीर बुधवार को अपने भाई के साथ आवासीय भूमि में निर्माण कार्य करा रहा था। पड़ोस में रहने वाले दबंग लोगों ने उनके साथ गाली गलौज करनी शुरू कर दी और जबरदस्ती भूमि में घुस आए और निर्माणधीन दीवार को गिरा दिया। कपिल उसके भाई राजेंद्र एवं मां ज्वाला के साथ मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। घायल

● **मारपीट के पीड़ितों ने पुलिस को दी तहरीर**

अपने परिवार के साथ कोतवाली पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। वहीं घायल कपिल द्वारा कोतवाली पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप भी लगाया गया। हल्का इंचार्ज अरविंद कुमार का कहना है कि दो पक्षों में मारपीट हुई है तहरीर प्राप्त हो गई है जांच कर कर कार्रवाई की जाएगी।

## बरात में गाली-गलौज के बाद मारपीट, चार पर रिपोर्ट दर्ज

**सैदनगली, अमृत विचार:** सैदनगली थाना क्षेत्र के कस्बा उझारी में एक शादी समारोह में उस वक्त हंगामा हो गया जब खाना खाने के मामूली विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। घटना में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

10 जून को रहरा थाना क्षेत्र के गांव छपना से उझारी में आई बरात में बुलंदशहर के गांव लालगड़ी थाना छतारी का एक रिश्तेदार भी मौजूद था। पीड़ित का आरोप है कि जैसे ही वह खाने के पंडाल में पहुंचा, अमित फतेहपुर खादर, शोभित बहापुर, सीटू और जयदेव छपना ने उसे देखते ही गालियां देना शुरू कर दिया। उसने गाली का विरोध किया, तो आरोपियों ने उस पर जमकर लात-घूंसे डंडे बरसाए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने सैदनगली में तहरीर दी। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

संवाददाता, हसनपुर


घटना के बारे में जानकारी करती पुलिस। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में अलीगढ़ मार्ग पर तेज रफ्तार खरबूजे से लदी मैक्स ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक मैक्स को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लिया है।


मृतक श्रीपाल।

आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव नगला खादर निवासी शिवराज सिंह का 28 वर्षीय बेटा श्रीपाल गजरौला के एक होटल पर कार्य करता था। बुधवार की सुबह वह होटल पर काम कर अपने घर लौट रहा था। इस दौरान जैसे ही उसकी बाइक कोतवाली क्षेत्र के अलीगढ़ मार्ग पर हथियाखेड़ा गांव के नजदीक पहुंची तो रहरा की दिशा से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित खरबूजे से लदी मैक्स ने उसकी बाइक में दूसरी साइड जाकर जोरदार टक्कर मार दी जिससे 28 वर्षीय श्रीपाल की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मैक्स चालक वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गया।

घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। रोते-बिलखते परिजन मोर्चरी पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि मृतक दो भाई दो बहनों में सबसे बड़ा था। करीब 4 साल पूर्व उसकी पत्नी की भी मौत हो चुकी है। कोतवाल वरुण कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। वाहन को कब्जे में लिया गया है।

## ब्रजघाट व तिगरी गंगा में श्रद्धालुओं ने किया स्नान

संवाददाता, गजरौला


बृजघाट में गंगा स्नान करते बड़ी संख्या में श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** ज्येष्ठ पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने बृजघाट व तिगरी गंगा धाम स्थित गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर बृजघाट व तिगरी गंगा तट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने मां गंगा से अपने परिवार और समाज में सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की। स्नान का सिलसिला दोपहर बाद तक चलता रहा।

बुधवार को ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर तड़के से ही स्नान शुरू हो गया था। सुबह आठ बजते-बजते ब्रजघाट व तिगरी गंगा घाट पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुट गई थी। श्रद्धालुओं ने हर-हर गंगे के उद्घोष के संग गंगा स्नान किया। पूर्णिमा पर स्नान के लिए बहुत से श्रद्धालुओं ने तो मंगलवार रात ही ब्रजघाट व तिगरी पहुंचकर धर्मशालाओं व होटलों में ठहरकर रात काटी और सुबह भोर की पहली किरण

● **ज्येष्ठ पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने स्नान कर दी दान-दक्षिणा**

के साथ स्नान करके वापसी चले गए।

दोनों स्थानों पर न केवल अमरोहा बल्कि आसपास के जनपद जैसे रामपुर, मुरादाबाद, संभल, बिजनौर, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर आदि जिलों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भी गंगा स्नान किया। दोनों स्थानों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस मुस्तैद रही। वहीं रेलवे स्टेशन के निकट ज्योतिष केन्द्र संचालक पंडित दयानंद शर्मा ने बताया कि ज्येष्ठ पूर्णिमा पर भारी संख्या में श्रद्धालु स्नान करने के लिए आते हैं। इस दिन स्नान करने से श्रद्धालुओं के जीवन में उल्लास, उनके घरों में सुख व स्मृद्धि आती है। वहीं लोगों ने श्रद्धालुओं को भीषण गर्मी के चलते शर्बत वितरण भी किया।

## छात्रा के अश्लील वीडियो वायरल कर की खुदकुशी

संवाददाता, रहरा

**अमृत विचार :** धनौरा थाना क्षेत्र के एक युवक ने पहले छात्रा की स्वयं के साथ आपत्तिजनक स्थिति में दर्जनों अश्लील वीडियो बनाईं। सभी वीडियो वायरल कर दीं। इसके बाद युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का रहरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पोस्ट ग्रेजुएशन की छात्रा के साथ काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवक रिश्ते में छात्रा की बहन का देवर बताया जा रहा है। करीब चार महीने पहले छात्रा के परिवार वालों को दोनों के प्रेम प्रसंग का पता चलने पर मतभेद हो गए थे।

दो दिन पूर्व युवक ने छात्रा के साथ स्वयं के अश्लील वीडियो उसी की फेसबुक आईडी से

● **छात्रा की बेवफाई को माना जा रहा घटना का कारण**

अपलोड कर दिया। छात्रा के परिजनों को पता चल गया। इसके बाद मंगलवार रात युवक ने फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली।

बताया जा रहा कि करीब एक महीने से छात्रा बिजनौर जनपद के किसी दूसरे युवक से फोन पर बात करती थी। युवक को कुछ ही दिन पहले इस बात का पता लगा था। इसके बाद दोनों में विवाद भी हुआ था। गुस्से में युवक ने आपत्तिजनक वीडियो वायरल कर खुदकुशी कर ली। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि मृतक युवक के भाई द्वारा केवल शव का पोस्टमार्टम कराने के संबंध में तहरीर दी गई है। दूसरी तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## किसानों, मजदूरों, नौजवानों की आवाज थे राजेश पायलट


राजेश पायलट के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेश पायलट की पुण्यतिथि को प्रेरणा दिवस के रुप में मनाकर पुष्पांजलि अर्पित की।

जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने कहा कि राजेश पायलट ने हमेशा किसानों, मजदूरों ,नौजवानों के हितों की लिए संघर्ष किया। वह कहते थे जब तक किसानों के मजदूरों के बच्चे पढ़ लिखकर उन कुर्सियों पर नहीं बैठेंगे जहां से भारत के विकास के लिए नीतियां बनाई जाती हैं तब तक सही मायनों में भारत का विकास नहीं होगा। सरकार राजेश पायलट को भारत रत्न से सम्मानित करे। आसिम हुसैन साबरी, पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी सुखराज सिंह, तारीख मोहम्मद खान, मोहम्मद शाहिद सिद्दीकी, डॉ मेराज हुसैन, जयपाल सिंह, विनोद कुमार, अनवर हुसैन, मयंक कुमार आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**अव्यवस्था** जरूरी कामों क लिए भटकते रहते हैं ग्रामीण, अफसरों को सुध नहीं

## पंचायत सचिवालयों में लटके रहते हैं ताले

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायतों में सचिवालयों की स्थिति बदतर बनी है। पंचायत सचिव और अन्य कर्मियों से काम को लेकर मिलने के लिए ग्रामीणों को मशक्कत करनी पड़ती है। अफसर भी इस अव्यवस्था को लेकर गंभीर नहीं हैं।

क्षेत्र के गांव रहीमपुर में पंचायत सचिवालय में कंप्यूटर आपरेटर की तैनाती भी है। इसके साथ ही नियम है कि ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव व कम्प्यूटर आपरेटर रोजाना सचिवालय में बैठकर लोगों के जरूरी कार्यों को निपटाएं। यहां सचिवालय का ताला नहीं खुलता है। आपरेटर से लेकर ग्राम प्रधान और सचिव से मिलने के लिए ग्रामीणों को मशक्कत करनी पड़ती है। ग्राम प्रधान तो जहां ग्रामीणों को मिल जाते हैं, लेकिन सचिव और आपरेटर ढूंढे नहीं मिलते। हालात तब है जबकि सरकार ने ग्राम पंचायत सचिवालयों को हाईटेक बनाने के लिए खासा बजट भी खर्च किया है। जरूरत के अनुसार कम्प्यूटर, कुर्सी, प्रिंटर आदि संसाधनों की व्यवस्था भी की है। पेंशन, आवास योजना, आय-जाति तथा निवास प्रमाण पत्र आदि के आवेदन गांव में ही करने की सहूलियत के लिए कम्प्यूटर आपरेटर की तैनाती भी बेनतीजा साबित हो रही है। मंगलवार को भी गांव रहीमपुर में पंचायत सचिवालय बंद पड़ा मिला। ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बीडीओ अश्वनी कुमार ने मामला संज्ञान में नहीं होने की बात कही। सचिवालय के बंद मिलने पर लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही।



गांव रहीमपुर में पंचायत सचिवालय पर पड़ा ताला।



गांव नसीरपुर शुमाली के पंचायत भवन पर लटका ताला।

● **ढूंढे नहीं मिलते सचिव और कंप्यूटर आपरेटर**

## सार-संक्षेप

### बिजली अव्यवस्था को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**हसनपुर, अमृत विचार :** बुधवार को राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं आरटीआई परिषद के पदाधिकारियों ने उप जिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपकर हसनपुर नगर की चरमराई विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ कराने की मांग की है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष यदुवंशी दीनदयाल यादव एडवोकेट ने बताया कि हसनपुर के लोग तीन दिन से बिजली नहीं आने से परेशान है। पेयजल संकट खड़ा हो गया। विभाग के अधिकारी फोन नहीं उठाते हैं। अनुपम त्यागी, प्रमोद कुमार शर्मा, मोहित त्यागी, अरुण नागर, टेकचंद सिंह एडवोकेट, नरेंद्र कुमार यादव एडवोकेट, प्रवीण अग्रवाल, अरूण त्यागी आदि मौजूद रहे।

### ब्लॉक प्रमुख ने तालाब की खुदाई का कार्य किया प्रारंभ



**हसनपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव चकफेरी के ग्रामीणों की जल समस्या के निस्तारण हेतु गंगेश्वरी ब्लाक प्रमुख द्वारा गांव में तालाब खुदवाने का कार्य प्रारंभ किया। ग्रामीणों द्वारा ब्लाक प्रमुख का फूल माला बनाकर स्वागत भी किया गया। पप्पू भैया, नन्नू ठेकेदार, किशोरी, मंगली, खेमचंद, अमित भगत जी, धीरज सिंह, महेंद्र, राधेश्याम, शिवदत्त, भोजराम, खानचंद, विजयपाल, कलुआ, सुरेश, मलखान, हरिचंद, इंद्रपाल व समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

### महिलाओं की शिकायतों को गंभीरता से लें



**अमरोहा, अमृत विचार :** महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन ने महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने हेतु एक दिवसीय जन सुनवाई जागरुकता कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने महिलाओं की शिकायतों को सुनकर उनके निस्तारण के निर्देश दिए। बुधवार को विकास भवन सभागार में तीन महिलाओं ने समस्याओं को रखा। संगीता जैन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई महिला अगर शिकायत लेकर थाने में जाती है, तो पूरी गंभीरता से आवश्यक कार्यवाही की जाए। घरेलू हिंसा से सम्बन्धित जितने भी प्रकरण लम्बित हैं उसमें दोनों पक्षों को बुलाकर उनकी वार्ता करायी जाये। सुलह-समझौते के आधार पर अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण कराया जाये। शिथिलता या लापरवाही न बरती जाए। महिला आयोग महिलाओं की सुरक्षा व उनको न्याय दिलाने को लेकर पूरी तरह से संवेदनशील है। उन्होंने वन स्टॉप सेन्टर व जिला संयुक्त चिकित्सालय अमरोहा का निरीक्षण किया गया। सेन्टर मैनेजर एवं मनौवैज्ञानिक परामर्शदाता से केसो की जानकारी ली। समीक्षा बैठक ली।सीएमओ डा. सत्यपाल सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी राकेश सिंह, सीओ अंजली कटारिया, जिला विकास अधिकारी आदि मौजूद रहे।

### सीएम युवा विकास योजना में लापरवाही से डीएम नाराज



**अमरोहा, अमृत विचार :** डीएम निधि गुप्ता ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय बैंकर्स डीएलआरसी की बैठक आयोजित की। सभी बैंकर्स के लक्ष्य के सापेक्ष सीडी रेसीओ की जानकारी ली। बैंकों का सीडी रेसीओ ठीक न होने पर नाराजगी जताकर कड़ी फटकार लगाई। कहा कि कोई भी कार्य बैंकर्स द्वारा नहीं किया जा रहा है। लगातार लापरवाही की जा रही है। कोई भी प्लान नहीं बनाया गया है। एक सप्ताह में सुधार किये जाने की हिदायत दी। जिलाधिकारी ने सीएम युवा उद्मी विकास अभियान योजना के प्रगति की समीक्षा भी की। लक्ष्य के सापेक्ष ठीक प्रगति न होने, बड़ी संख्या में एप्लीकेशन रिजेक्ट किये जाने, कई महीने तक एप्लीकेशन लंबित रहने, जैसे प्रकरणों पर बैंक प्रबंधकों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त कर फटकार लगाई। मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र, परियोजना निदेशक अमरेन्द्र प्रताप, उपायुक्त उद्योग आदि रहे।

### सैदनगली महोत्सव में देहाती प्रोग्राम देख लगे ठहाके



**सैदनगली, अमृत विचार :** सैदनगली महोत्सव में मंगलवार को युटुबर बन्धु संतोष, सरोज, सावित्री, गौरव बाहुबली, ब्रिजेश, पदम् सिंह एंड पार्टी द्वारा देहाती प्रोग्राम दिखाए गए। जनता ठहाके मारने लगी। नगर स्वच्छता प्रेरक अभिनव कौशिक ने बताया कि 20 जून तक महोत्सव का आयोजन होगा। गुरुवार को शेखचिल्ली का कार्यक्रम आयेजित किया जाएगा। सभासद निकेश कुमार राघव, सभासद, अमित प्रजापति, सभासद भगवत खड़कवंशी, सभासद नीरज कुमार कश्यप, सभासद अमित भाटी, सभासद मेहरबान, नीटू भाटी, सभासद राशिद अली, अवनीश शर्मा, नरेश सैनी, सत्यम गुप्ता, प्रेम शर्मा, कुलदीप प्रधान, जगपाल सिंह, दयानंद चौधरी, दीपक त्यागी आदि लोग उपस्थित रहे।

### आग से बर्बाद पीड़ितों को बांटी खाद्य सामग्री



**ढबारसी, अमृत विचार :** आदमपुर थाना क्षेत्र के मलकपुर गांव में आग लगने से बर्बाद हुए 17 घरों के पीड़ितों के घरों में बुधवार को भी चूल्हे नहीं जले। जिला पंचायत सदस्य व समाजसेवी कुंवरपाल खड़गवंशी ने खाद्य सामग्री का वितरण किया। एसडीएम हसनपुर विभा श्रीवास्तव के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने पीड़ित परिवारों के नुकसान का आंकलन किया है तथा संभावित नुकसान का आंकलन कर पीड़ितों की मदद के लिए उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेज दी है।

### गेस्ट हाउस में पकड़े गए चार जोड़े

**गजरौला, अमृत विचार :** एसडीएम चंद्रकांता व पुलिस टीम ने बुधवार दोपहर एक गेस्ट हाउस पर छापा मारा। गेस्ट हाउस के अलग-अलग कमरों से पुलिस ने चार जोड़ों को दबोचा। गेस्ट हाउस संचालक से भी अफसरों ने पूछताछ की। युवक-युवतियों को पुलिस थाने ले आई। पूछताछ के बाद सभी को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस मौके पर कोई अनैतिक कार्य होने से इनकार कर रही है। एसडीएम ने बताया कि गेस्ट हाउस का सराय एक्ट के तहत पंजीकरण नहीं था। गेस्ट हाउस को सील कर दिया गया है।

## एक नजर

### नशा मुक्ति केंद्र में दौरा पड़ने से युवक की मौत

संभल/सिरसी, अमृत विचार :नखता थाना क्षेत्र के गांव खग्गूपुर निवासी 25 वर्षीय राहुल को परिजनों ने मंगलवार को सिरसी के नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया था। बुधवार को राहुल को दौरा पड़ा। उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### खेत में चोर दिखाई देने पर ग्रामीणों ने किया शोर

गजरौला,अमृत विचार : क्षेत्र के गांव वारसाबाद निवासी राहुल चौहान के खेत में मंगलवार की रात चोर दिखाई देने पर ग्रामीणों ने शोर मचा दिया। डायल 112 पुलिस ने घटना की जानकारी ग्रामीणों से ली। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बाइक सवार बदमाशों ने सर्राफ और उसकी भाभी से 10 लाख के जेवर लूटे

## कुढ़फतेगहगढ़ से दुकान बंद करके अपनी भाभी के साथ चन्दौसी लौट रहा था व्यापारी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- घटना असालतपुर जारई स्थित वाटर पार्क के पास हुई, पीड़ित व्यापारी ने कोतवाली में दी तहरीर

अमृत विचारः दुकान बंद कर भाभी के साथ बाइक से लौट रहे सर्राफा व्यापारी को दो बाइक पर सवार पांच बदमाशों ने लूट लिया। व्यापारी के पास से दो बैगों में करीब 10 लाख रुपये के जेवर व 50 हजार रुपये की नगदी थी। पीडित व्यापारी ने कोतवाली में तहरीर दी है।


व्यापारी अनोज कुमार।

थाना कुढफतेगहढ के गांव बेरनी निवासी अनोज कुमार चन्दौसी के सीकरी गेट में रहते हैं। वह बड़े भाई आवास-विकास निवासी सोनू कुमार रस्तोगी के साथ कुढफतेहगढ में सर्राफे की दुकान करते हैं। बुधवार को वह सुबह दुकान पर गए। जबकि भाई अपनी पत्नी मोनिका के साथ दुकान पर पहुंचे थे। दोपहर में सोनू को चन्दौसी में कोई काम था जिसके चलते वह पत्नी को छोड़कर आ गए। शाम को अनोज कुमार दुकान बंद कर भाभी के साथ बाइक से चन्दौसी आ रहे थे। मोनिका के हाथ में दो बैगों में जेवर व 50 हजार रुपये थे। अनोज कोतवाली क्षेत्र के गांव असालतपुर जारई गांव स्थित वाटर पार्क पर पहुंचे तो पीछे से आ रही दो बाइक सवारों ने उसकी बाइक को ओवरटेक कर रोक लिया। दोनों बाइकों पर 5 लोग सवार थे जिनमें तीन लोग नकाबपोश थे। तीनों नकापपोश उतरे और तमंचा दिखाकर अनोज की भाभी मोनिका से दोनों बैग छीन लिए। इसके बाद दोनों बाइकों पर सवार चन्दौसी की ओर निकल गए। पीड़ित व्यापारी ने कोतवाली में तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली चंदौसी मोहित चौधरी ने कहा कि तहरीर मिल गई है जांच पड़ताल की जा रही है।

## गर्मी से तप रहे बदन रात में भी हवा गर्म

बबराला, अमृत विचार : नौतपा गुजरने के बाद भी गर्मी के ताप से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। सूरज के तल्ख तेवरों से लोग बेहाल हैं। दोपहर में आसमान से आग बरस रही है। दिन में लू के थपेड़ों की चुभन तो रात में भी गरम हवा चैन की सांस नहीं लेने दे रही।

सूर्य ने 25 मई को जब रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश किया तब नौ दिनों तक भीषण गर्मी पड़ी। 2 जून को नौतपा गुजर जाने के आठ दिन बाद भी मौसम के गरम तेवरों से हर कोई बेहाल है। गर्म हवाएं और भीषण उमस ने आम जनजीवन पर गहरा असर डाला है। इन दिनों आसमान से बरस रही गर्मी ने नौतपा को भी मात दे दी है। ऊपर से पुरवा हवा लोगों को पसीने से नहला रही है।

# बिस्मिल व कबीर दास की जयंती मनाई

- महापुरुष स्मारक समिति व सर्वसमाज जागरुकता अभियान ने किया कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी


दोनों महापुरुषों पर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते लोग। ● अमृत विचार

अमृत विचारः महापुरुष स्मारक समिति व सर्वसमाज जागरुकता अभियान की ओर से स्वतंत्रता सेनानी रामप्रसाद बिस्मिल व संत कबीर दास की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई।

मुख्य अतिथि व अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा रामप्रसाद बिस्मिल ने ब्रिटिश शासन से देश को आजाद कराने में अपने प्राणों की आहुति दे दी है। इन्होंने मातृ वेदी संस्था बनाई, इसके बाद 1924 में हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन पार्टी बनाई। जिसमें अशफाक उल्ला खां, चंद्र शेखर आजाद, भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, राजेंद्र नाथ लाहिड़ी, सचिंद्र नाथ आदि क्रांति सदस्य थे। बिस्मिल को फांसी के बाद चंद्रशेखर आजाद ने सभी संगठनों को मिलाकर हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन बनाई थी।

कहा कि संत कबीर दास जनसामान्य के कवि थे। उनके काव्य में समाज सुधार की भावना स्पष्ट रूप से दिखाती देती है। उन्होंने समाज की विसंगतियों एवं विषमताओं पर करारा प्रहार किया। इस दौरान डॉ. महेश गुप्ता, डॉ. अरविंद गुप्ता, डॉ. निशा गुप्ता, डॉ. नितिक कौशिक, शाजिया शाहीन, अंकित वार्ष्णेय, पंकज वार्ष्णेय, हिमांशु यादव, अवधेश कुमार, किशन पाल मौर्य, अनमोल मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## दो कारों की भिड़ंत में महिला की मौत

अफजलगढ़, अमृत विचारः अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के गांव भागीजोत निवासी रोहित सैनी पुत्र स्वर्गीय हिम्मत सिंह बुधवार की शाम कार से हरिद्वार से आ रहा था। हरेवली बिरला फार्म मार्ग पर विपरीत दिशा से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार के सामने अचानक गाय आ जाने से दोनों कारों में भिड़ंत हो गई।

स्विफ्ट डिजायर में प्रदीप कुमार व उसकी मां गंगा देवी निवासी गांव भागीजोत थाना अफजलगढ़ मामूली रूप से चोटिल हो गए। जबकि कार में पीछे बैठी बबीता पत्नी महेश निवासी गांव टांडा सिपाहियों वाला थाना स्योहारा गंभीर रूप से घायल हो गई। हायर सेंटर ले जाते समय बबीता की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों कारों को कब्जे में ले लिया।

## रथयात्रा को लेकर एसडीएम से मिले मेला समिति के पदाधिकारी


एसडीएम विनय कुमार मिश्रा से मिलते मेला कमेटी के पदाधिकारी।

चन्दौसी, अमृत विचारः गणेश चतुर्थी मेले का आयोजन 25 अगस्त से 14 सितंबर तक किया जाएगा। गजानन की रथयात्रा 27 अगस्त को निकाली जाएगी। मेले व रथयात्रा को लेकर मेला कमेटी के पदाधिकारी सहअध्यक्ष व एसडीएम विनय कुमार मिश्रा से मिले।

इससे पहले बैठक में सभी निर्देशकों ने अपनी-अपनी झांकी के संबंध में प्रस्ताव रखे जिसको मेला समिति ने स्वीकार किया। उपाध्यक्ष विनय सर्राफ, निर्देशक ललित किशोर गुप्ता, रविंद्र कुमार, मनोज कुमार गुप्ता, डॉ. राजीव गुप्ता, लोकेंद्र शर्मा, शशिकांत गुप्ता, प्रजीत लालू, सत्येंद्र कुमार, ज्योति चंद्र वार्ष्णेय व अन्य मौजूद रहे।

# खून से लथपथ मिला सिपाही का शव, पत्नी और बेटी गायब

बरेली,अमृत विचार : सुभाषनगर थाना क्षेत्र के मढ़ीनाथ में एक किराये के मकान में कमरे में सिपाही मुकेश कुमार त्यागी का शव खून से लथपथ शव मिला है। सिपाही के सिर में चोट लगी हुई थी। मौके से सिपाही की पत्नी और बेटी गायब हैं।

सुभाषनगर इंस्पेक्टर अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार दोपहर 3:30 बजे सूचना मिली कि मढ़ीनाथ चौकी के पास वीरेंद्र पाठक के मकान में किराये पर रहे 38 वर्षीय सिपाही मुकेश कुमार त्यागी संभल जिले के चंदौसी कस्बे के मारवाड़ी कैंथल गेट के निवासी थे। पुलिस के अनुसार अत्यधिक शराब पीने और कार्य के प्रति लापरवाही बरतने पर उन्हें कुछ महीने पहले एसएसपी ने निलंबित किया था। कमरे में उनका शव मिलने पर एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी मानुष पारीक, सीओ द्वितीय अजय कुमार और फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल पर पहुंच कर साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने सिपाही की पत्नी को फोन से संपर्क करने का प्रयास किया तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। बताया गया कि परिजन तहरीर देते हैं तो उसी आधार पर पुलिस कार्रवाई करेगी।

## मुरादाबाद गेहूं खरीद में दूसरे नंबर पर

बरेली, अमृत विचार : शासन से आवंटित गेहूं खरीद का लक्ष्य भले ही पूरा नहीं हुआ हो, लेकिन खरीद में बरेली मंडल यूपी में पहले और मुरादाबाद दूसरे नंबर पर है।

गेहूं खरीद के लिए बरेली मंडल के चारों जिलों में पीयीयू, पीसीएफ समेत पांच एजेंसियों के 576 क्रय केंद्र खोले गए। खरीद 15 जून तक होनी है। विभागीय आंकड़ों में 10 जून तक मंडल में 17,581 किसानों से 4,23,500 मीट्रिक टन लक्ष्य के सापेक्ष 1,44,127 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया है। 99 फीसदी किसानों का भुगतान हो चुका है। वहीं मुरादाबाद मंडल में 366 केंद्रों पर 12,132 किसानों से 89,588 एमटी खरीद हुई है।

# केंद्र सरकार ने सभी वर्गों का किया विकास

कार्यालय संवाददा0ता, चन्दौसी


कार्यक्रम में विचार रखते पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी। ● अमृत विचार

- केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन का किया गया आयोजन

अमृत विचारः भारतीय जनता पार्टी क प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में मुख्य अतिथि जिला प्रभारी व बृज क्षेत्र के महामंत्री हेमंत राजपूत ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने भारत की राजनीति की संस्कृति को बदल दिया है। देश में 11 साल पहले, तुष्टिकरण व समाज को खंडित करके अपनी कुर्सी को सुरक्षित रखना राजनीतिक संस्कृति का तरीका बन गया था। लेकिन 2014 के बाद प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली जिम्मेदार व जवाबदेही सरकार आई है।

जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि सरकार ने महिलाओं पर आधारित विकास की योजनाओं को आगे बढ़ाया है। महिलाओं और एससी-एसटी व ओबीसी सभी को समाज की मुख्यधारा से जोड़ा गया। परमेश्वर लाल सैनी ने कहा कि देश में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। अति गरीबी में 80 प्रतिशत की कमी आई है। स्वास्थ्य के नजरिए से देखे तो भी हमें स्वच्छ भारत अभियान का सीधा फायदा मिला है। प्रोफेसर एनके अग्रवाल, सुधीर मल्होत्रा, मनोज दिवाकर, राजेश शंकर राजू, योगेंद्र त्यागी, चंद्रपाल सिंह, मंजू दिलेर, साध्वी गीता प्रधान, मनोज कठेरिया, अंकित जैन, डॉ. टीएस पाल, सतीश अरोरा, अंकुर अग्रवाल, शिव कुमार सैनी, अमन कोरी, निशांत शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### शेरकोट में नर्सरी मैदान से मिला युवक का शव


मृतक सलीम

बिजनौर ,अमृत विचार : खो बेराज के नर्सरी मैदान से एक युवक का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान मोहल्ला मनिहारान निवासी सलीम (35) के रूप में हुई है। वह अब्दुल हमीद का पुत्र था। सलीम मंगलवार दोपहर दो बजे घर से निकला था। उसके बाद वह घर नहीं लौटा। परिजन उसे कई जगह तलाश कर रहे थे। बुधवार सुबह करीब 6 बजे नर्सरी मैदान में शव पड़ा देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सलीम शराब का आदी था और घर वालों से शराब पीने के लिए पैसे मांगता रहता था। इसी कारण उसकी पत्नी ने तलाक लेकर घर छोड़ दिया था। थाना प्रभारी शेरकोट पुष्पेंद्र सिंह ने बताया किमामले की जांच की जा रही है।

### शोरूम कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत


मृतक नौमान।

बिजनौर, अमृत विचार : रेहड़ गांधी आश्रम के शोरूम के काम रहे रहे सीरवासुचद थाना अफजलगढ निवासी 22 वर्षीय नौमान पुत्र इसरार मंगलवार शाम करीब साढ़े छह बजे शोरूम की दूसरी मंजिल पर गया। लंबे समय तक वापस नहीं लौटने पर शोरूम मालिक कुनाल ने उसकी तलाश की। कुनाल को नौमान का शव तीसरी मंजिल पर रस्सी से लटका मिला। सीओ राजेश सोलंकी और रेहड़ थाने की पुलिस टीम ने शव को नीचे उतरवाया। परिजनों ने नौमान की मौत को हत्या बताया है। उन्होंने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

### राहगीरों को वितरित किया ठंडा शरबत, जलजीरा



चन्दौसी, अमृत विचार : जन कल्याण सेवा समिति के पदाधिकारियों ने भीषण गर्मी में मौलागढ़ की पुलिया स्थित 15 दिन से माल गोदाम रोड प्याऊ लगाई गई। जिसमें ठंडे शरबत का वितरण किया जा रहा है। कोषाध्यक्ष आशा गोस्वामी, रेखा रस्तोगी,भावना गुप्ता, रेखा रस्तोगी, अंशु वार्ष्णेय, मीनू कुमारी, पूनम वार्ष्णेय, पूर्णिमा वार्ष्णेय, कांता अदलखा, रीता गौड़, आभा रानी, सोनी रस्तोगी, मधु तोमर, सारिका, अनुराधा आदि मौजूद रही। वहीं सम्राट हॉस्पिटल की ओर से ठंडे शरबत का वितरण किया गया। डॉ. शेखर वार्ष्णेय, रविंद्र कुमार, सचिन बंसल, अभिषेक मिश्रा, प्रतीक कुमार, सोहन लाल कश्यप, पवन, गजेंद्र, सौरभ आदि मौजूद रहे।

### गिनाईं केंद्र सरकार की उपलब्धियां



अमरोहा,अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी अमरोहा की ओर से विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन गरीब कल्याण की 11 साल बेमिसाल पार्टी प्रोफेशनल मीट में मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में विकास किया गया है। लोकल फोर वोकल स्वदेशी का सम्मान विदेशी का बहिष्कार करने का आवाहन किया। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा फोन निर्माता है। जिला प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने कहा कि गरीब कल्याण 4 करोड़ से ज्यादा पक्का मकान दिया गया है। मिडिल क्लास को नई ताकत रुपए 12 लाख तक की आय पर कोई टैक्स नहीं साथ ही नए आईआईटी 8 नए आईआईएम और 16 नए एम्स बने हैं। मेट्रो ट्रेनों का अभूतपूर्व विस्तार किया गया है। इसके बाद प्रदर्शनी का फीता काट कर उद्घाटन किया।

### भाकियू ने की जर्जर तारों को बदलवाने की मांग

रहरा, अमृत विचार : गंगेशवरी ब्लाक परिसर में बुधवार को भाकियू की मासिक पंचायत में ब्लाक अध्यक्ष टीटू त्यागी ने कहा कि दढियाल फीडर की जर्जर तारों से बनी लाइन पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। तारों को जल्द से जल्द बदलवाया जाए। 33/11 केवीए विद्युत उपकेंद्र चचौरा का निर्माण अति शीघ्र कराया जाए। तहसील अध्यक्ष ढाकुर महेश सिंह ने कहा कि बेसहारा गोवंशीय पशुओं को कपड़वाया जाए। साथ ही मलकपुर में आग से जलकर राख हुए किसानों की मदद करने का अनुरोध किया। अध्यक्षता हरदयाल सिंह तथा संचालन ब्लाक अध्यक्ष टीटू त्यागी ने किया। पंचायत में मुख्य रूप से महेश पहलवान,प्रकाश सिंह, आलोक कुमार,दिनेश शर्मा, जाकिर चौधरी आदि किसान उपस्थित रहे।

### अलग-अलग जगहों पर तीन व्यक्तियों के शव मिले

बिजनौर, अमृत विचार : अलग- अलग जगहों पर बुधवार को तीन शव मिलने से हड़कंप मच गया।नजीबाबाद के समीपुर नहर में एक अज्ञात की लाश नहर में तैरती मिली। शव की पहचान का प्रयास किया गया पंचनामा की कारवाई कर पोस्टमार्टम कि लिए भेजने की तैयारी की जा रही है। दूसरा शव नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर मिला। मृतक की उम्र लगभग 25 से 26 वर्ष बताई जा रही है। तीसरा शव बुधवार की शाम अरविंद पुत्र संजीव उम्र 32 वर्ष निवासी हरचंदपुर का शव सड़क किनारे नांगल चंदक मार्ग पर मिला।

## स्वच्छ व शुद्ध पर्यावरण स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक


जायन्ट्स ग्रुप ऑफ वेस्ट की गोष्ठी में पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- जायन्ट्स ग्रुप ऑफ वेस्ट की विश्व पर्यावरण दिवस पर गोष्ठी

चन्दौसी,अमृत विचारः जायन्ट्स ग्रुप ऑफ वेस्ट की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर गोष्ठी में विवेक चौधरी ने कहा कि स्वच्छ एवं शुद्ध पर्यावरण हमारे स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक है। मानव द्वारा वन क्षेत्रों में की जा रही अंधाधुंध कटाई पर्यावरण के संतुलन को नष्ट कर रही हैं।

प्रवीन अग्रवाल ने कहा कि पर्यावरण के असंतुलन से जलवायु परिवर्तन और मौसम की अनियमितताओं की वजहों से हमारे जीवन के लिए गंभीर खतरे उत्पन्न हो रहे हैं। हम सभी का दायित्व है कि पर्यावरण बचाने के लिए पौधारोपण करें और उनका संरक्षण करें। संजीव गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए प्लास्टिक और पेस्टीसाइड का उपयोग नहीं करें। डॉ. गिरिराज किशोर गुप्ता ने ग्लोबल वर्मिंग पर चिंता जाहिर की। डॉ. मनीष गुप्ता ने अधिक पौधारोपण की अपील की। भुवनेश कुमार वार्ष्णेय, अनुराग भार्गव, भुवनेश वार्ष्णेय, संजय गोयल, पीसी राय, मोहित वार्ष्णेय, मुनीश जिंदल, विनेश वार्ष्णेय, रितु गोयल, कृष्णौतार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
▪ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
▪ BRIT (Intake-80 Seats)
▪ BPT (Intake-40 Seats)
▪ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
▪ BOTT (Intake-40 Seats)
▪ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
▪ MPT (Intake-20 Seats)
▪ MMLS (Intake-20 Seats)
Admission Open
Session 2025-26
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
▪ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
▪ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
▪ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
▪ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
▪ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
▪ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
▪ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
▪ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
▪ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## एक नजर

### हाईस्कूल व इंटर परीक्षा के टॉपर्स का होगा सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को लोक भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में विभिन्न बोर्डों के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित करेंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में 166 मेधावी विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री एक-एक लाख रुपये, टैबलेट, प्रशस्ति-पत्र और मेडल देकर सम्मानित करेंगे। इनमें यूपी बोर्ड, संस्कृत शिक्षा परिषद, सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के टॉप 10-10 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। इसी क्रम में सभी 75 जिलों में भी जिला स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे। जहां 1508 विद्यार्थियों (758 हाईस्कूल व 750 इंटरमीडिएट) को 21-21 हजार रुपये, टैबलेट, प्रशस्ति-पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधियों व जिलाधिकारियों द्वारा दिए जाएंगे।

### होमस्टे नीति में पर्यटकों को मिलेंगी सुविधाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्यटन विभाग द्वारा लागू उप्र. बेड एंड ब्रेकफास्ट (बी एंड बी) एवं होमस्टे नीति-2025 में प्रदेश के सभी होमस्टे रूरल होमस्टे इकाइयों के स्वामियों को पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। पंजीयन प्रक्रिया को पूर्ण किये जाने के लिए एक वर्ष माह का समय प्रदान किया जायेगा। इसमें विभिन्न लाभों को उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था की गई है। यह योजना उप्र. के सम्पूर्ण ग्रामीण परिक्षेत्र में लागू होगी। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि आवेदकों को इस योजना में पंजीकरण कराने के लिए पर्यटन विभाग के ऑनलाइन पोर्टल up-tourismportal.in पर जाना होगा। शहरी क्षेत्रों में आवासीय इकाइयों में देशी-विदेशी पर्यटकों को किफायती दरों पर आवास एवं नास्ता, भोजन आदि उपलब्ध कराये जाने के लिए पंजीकरण कराना होगा।

# इनोवेटिव खेती से हर मौसम में मिलेंगी सभी सब्जियां

## 24 जिलों में 37 ग्रीन हाउस पैदावार के लिए तैयार, 20 जिलों में 29 निर्माणाधीन, योगी सरकार ने बदली क्रॉप प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के किसान अब इनोवेटिव खेती करेंगे, ताकि वे हर मौसम में सभी प्रकार की सब्जियां आमजन तक पहुंचा सकें। इसके लिए राज्य के 24 जिलों में 37 ग्रीन हाउस पैदावार के लिए तैयार हैं, जबकि 20 जिलों में 29 निर्माणाधीन हैं। दरअसल, राज्य सरकार ने समय के साथ क्रॉप प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी बदली है। ऐसे में लखनऊ, बहराइच, सुल्तानपुर, बाराबंकी, सीतापुर, अमेठी समेत 44 जिलों में 66 पॉली हाउस-ग्रीन हाउस स्थापित कर किसानों को खेती में नवाचार को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

इस परियोजना के पीछे राज्य सरकार की मंशा किसानों की आय को दोगुना करने की है। ऐसे में अब ग्रीन हाउस और पॉली हाउस जैसी तकनीकों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे किसान ऑफ सीजन में भी पौष्टिक सब्जियां और अनाज की फसलें उगा सकें। इसके साथ ही एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के अंतर्गत इस पर सब्सिडी भी दी जा रही है।



इस आधुनिक खेती में मौसम की मार से फसलों को सुरक्षा मिलती है। किसान अब सर्दी, गर्मी और बरसात हर मौसम में टमाटर, मिर्च, शिमला मिर्च, खीरा, बींस जैसी पौष्टिक सब्जियां और अनाज की खेती कर सकते हैं। इससे न केवल उत्पाद की गुणवत्ता बेहतर होती है, बल्कि बाजार मूल्य भी अधिक मिलता है। योजना के अंतर्गत 50 किसानों प्रतिशत तक की सब्सिडी व सरकारी अनुदान दिया जा रहा है।

इससे खेती अब पारंपरिक से हटकर व्यावसायिक रूप ले रही है। योगी सरकार की यह पहल न केवल खेती को आधुनिक बना रही है, बल्कि किसानों की आय को भी स्थायी और सुनिश्चित कर रही है। इस नवाचार से प्रदेश की कृषि व्यवस्था में व्यापक बदलाव देखने को मिल रहा है।

### यहां ग्रीन हाउस बनकर तैयार

लखनऊ में 3, बागपत 4, सहारनपुर 3, मेरठ 3, बहराइच 2, शामली 1, एटा 1, बरेली 2, कासगंज 2, कौशांबी 1, हरदोई 2, मिर्जापुर 1, उन्नाव 1, अलीगढ़ 1, शाहजहांपुर 1, सुल्तानपुर 1, कानपुर नगर 1, बाराबंकी 1, मुजफ्फरनगर 1, खीरी 1, सीतापुर 1, अमेठी 1, आगरा 1, गाजीपुर 1 ग्रीन हाउस बनकर तैयार है।

### इन जिलों में हो रहा निर्माण

उन्नाव में 2, पीलीभीत 3, मुरादाबाद 2, हापुड़ 1, लखनऊ 2, चंदौली 2, शाहजहांपुर 1, बरेली 1, श्रावस्ती 1, सहारनपुर 2, मेरठ 1, मुजफ्फरनगर 1, बाराबंकी 2, शामली 2, बुलंदशहर 1, हमीरपुर 1, अलीगढ़ 1, गाजीपुर 1, कानपुर नगर 1, कन्नौज में 1 ग्रीन हाउस का निर्माण तेजी से किया जा रहा है।

## इटावा के मत्स्य निरीक्षक निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन ने लापरवाही और गैर जिम्मेदाराना रवैये को लेकर इटावा जिले के मत्स्य निरीक्षक हिमांशु यादव को निलंबित कर दिया है। बीते दिनों विभागीय समीक्षा बैठक में हिमांशु यादव अनुपस्थित रहे, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है। प्रमुख सचिव पशुपालन अमित कुमार घोष की अध्यक्षता में आयोजित मत्स्य और दुग्ध विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में हिमांशु यादव की गैरमौजूदगी को उन्होंने गंभीर अनुशासनहीनता माना और उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्देश दिया।

## अंबर इंटरप्राइजेज करेगा 6000 करोड़ का निवेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. में अम्बर इंटरप्राइजेज 6000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। कंपनी इलेक्ट्रॉनिक्स तथा प्रोडक्शन कंट्रोल बोर्ड (पीसीबी) की इकाई की स्थापना में यह निवेश करेगी। यह जानकारी कंपनी के प्रमोटर जसबीर सिंह ने बुधवार को यहां प्रदेश के अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नन्दी से मुलाकात के दौरान दी।

औद्योगिक विकास मंत्री ने बताया कि, अम्बर इंटरप्राइजेज के प्रमोटर जसबीर सिंह के साथ प्रदेश में निवेश को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने प्रदेश में 6000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की, जो प्रदेश में विकास और समृद्धि के नए द्वार खोलेगा। मंत्री नन्दी ने कहा कि इससे प्रदेश के विकास के साथ ही युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर मिलेंगे।

# प्रबंधन की विफलता निजीकरण का आधार नहीं बन सकती : समिति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने ऊर्जा मंत्री के वक्तव्य पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री का विकसित भारत का लक्ष्य बिजली को सार्वजनिक क्षेत्र में बनाए रखते हुए ही पूरा किया जा सकता है। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली आपूर्ति का रोज नया कीर्तिमान सार्वजनिक क्षेत्र में ही बिजली कर्मी बना रहे हैं। अगर कोई विफलता है तो प्रबंधन की है और प्रबंधन की विफलता निजीकरण का आधार नहीं बन सकती। इस बीच, निजीकरण के विरोध में 196वें दिन प्रदेश भर में बिजली कर्मियों का आंदोलन जारी रहा।

संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने कहा कि किसानों, उपभोक्ताओं व बिजली कर्मियों की 22 जून को लखनऊ में होने वाली बिजली महापंचायत में 'प्रधानमंत्री के विकसित भारत का लक्ष्य और सार्वजनिक क्षेत्र में बिजली' महत्वपूर्ण विषय होगा।

निजी क्षेत्र के पास बेहतर तकनीक व प्रबंध कौशल बताये जाने पर संघर्ष समिति ने कहा कि प्रबंध कौशल में कोई कमी है तो वह प्रबंधन की है। प्रबंधन की कमी के आधार पर प्रदेश के बेहद गरीब 42 जिलों पर बिजली का निजीकरण क्यों थोपा जा रहा है।

### उपभोक्ता परिषद ने आयोग में दाखिल की याचिका

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्र सरकार की बिजली आपूर्ति सुधार की योजनाओं की रकम को खर्च कर बिजली कंपनियों को निजी घरानों को बेचा जा रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की ओर से बुधवार को राज्य विद्युत नियामक आयोग में दाखिल याचिका में यह आरोप लगाया गया। परिषद ने आयोग ने निजीकरण प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की। उपभोक्ता परिषद ने कहा कि बिजली कंपनियों में हर स्तर पर सुधार व कंपनियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए धन खर्च किया जा रहा है। इसमें दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम में लगभग 7434 करोड़, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम में 13,539 करोड़, पश्चिमांचल निगम में 12,695 करोड़, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में 9,481 करोड़ व केस्को में 943 करोड़ के सुधार कार्य चल रहे हैं। इसी बीच, दो बिजली कंपनियों को बेचने का निर्णय ले लिया गया। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि निजीकरण के विरोध में राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को पत्र भेजा गया है, जिसमें प्रकरण की सीबीआई से जांच कराने की मांग की गई है।

## स्वामी प्रसाद ने बनाया लोक मोर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कई दलों के साथ मिलकर लोक मोर्चा का गठन किया है। माना जा रहा है कि यह मोर्चा पंचायत चुनाव और डेढ़ साल बाद होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए किया गया है।



लोक मोर्चा का गठन करने के बाद स्वामी प्रसाद मौर्य ने विधानसभा चुनाव फिर से लड़ने का निर्णय लिया है। पूर्व मंत्री के निजी सचिव सज्जाद अली ने बताया कि लोक मोर्चा में सर्वसम्मति से स्वामी प्रसाद मौर्य को विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री पद का चेहरा सर्वसम्मति से घोषित किया गया है। वहीं लोक मोर्चा की आगामी रणनीति के बारे में स्वामी प्रसाद मौर्य गुरुवार को जानकारी साझा करेंगे।

# 23 पीसीएस अफसर होंगे प्रोन्नत, बनेंगे आईएएस

- 22 पीपीएस अफसर भी जल्द बनेंगे आईपीएस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** नई दिल्ली में बुधवार को डीपीसी (विभागीय पदोन्नति समिति) की बैठक हो जाने के बाद अब उप्र. को शीघ्र ही 23 आईएएस अफसर मिलने वाले हैं। इनमें से सभी पीसीएस अधिकारी प्रोन्नत होकर आईएएस बनेंगे। इसके अलावा 22 पीपीएस अफसर भी आईपीएस के लिए प्रोन्नत होंगे।

इन पीसीएस अधिकारियों में भानु प्रताप यादव, विधान जयसवाल, राजेश कुमार सिंह, बलराम सिंह, रणविजय सिंह, शैलेन्द्र भाटिया, गुलाब चंद्र, जयनाथ यादव, राम सुरेश वर्मा, दयानंद प्रसाद, विनोद कुमार गौड़, आलोक वर्मा, देवी प्रसाद पाल, अंजूलता, आलोक कुमार, सचिन कुमार सिंह, विवेक कुमार श्रीवास्तव, बसन्त अग्रवाल, वन्दिता श्रीवास्तव, महेंद्र कुमार सिंह, विनय कुमार सिंह, योगेंद्र कुमार, राजेश कुमार शामिल हैं। इस सूची में कुछ अन्य अधिकारियों के नाम और शामिल होने की संभावना है।

वहीं उप्र. को आईएएस के अलावा नए आईपीएस भी मिल सकते हैं। दरअसल, 22 पीपीएस (प्रांतीय पुलिस सेवा) अधिकारी शीघ्र ही आईपीएस बनने वाले हैं। गृह विभाग ने 1996, 1997, 1998 बैच के अधिकारियों के प्रस्ताव संघ लोक सेवा आयोग को भेज दिया है। स्वीकृति मिलते ही डीपीसी बैठक के बाद अधिकारियों को प्रोन्नति मिलेगी।

# भीषण गर्मी : 1-2 दिन में बारिश की संभावना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में भीषण गर्मी कहर बरपा रही है। हालांकि अगले 48 घंटों के दौरान पूर्वी उप्र. में कहीं-कहीं पर बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। इसके बाद धीरे-धीरे 3-5 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हो सकती है। न्यूनतम तापमान में भी 2-4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने की संभावना है। वहीं, 12-13 जून से राज्य के ज्यादातर जिलों में बारिश का दौर शुरू होने का अनुमान है। इस दौरान मेघगर्जन के साथ वज्रपात और 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी।

दरअसल, केरल में समय से 10 दिन पहले दक्षिण पश्चिम मानसून की दस्तक देने के बाद उप्र. में अगले 5-10 दिनों के अंदर मानसून के पहुंचने का अनुमान है। संभावना है कि 15 से 20 जून के बीच कभी भी मानसून प्रदेश में प्रवेश कर सकता है। सामान्य रूप से उत्तर प्रदेश में मानसून के 15 -20 जून को आता है, लेकिन इस बार समय से पहले मानसून के दस्तक देने की उम्मीद है। इस बार उप्र. में सामान्य से अच्छी बारिश होने की संभावना है।



लखनऊ में कहर बरपा रही गर्मी से बचने को लेना पड़ रहा दुपट्टे का सहारा। अमृत विचार

## भाजपा विस चुनाव में पैदा करना चाहती है अराजकता : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा का चरित्र अलोकतांत्रिक है। इसका आचरण अधिनायकवादी है। भाजपा के नेता और कार्यकर्ता खुद अराजकता पर उतारू है। भाजपा भारतीय संविधान के लिए चुनौती बन गयी है। भाजपा उप्र. विधानसभा चुनाव में अराजकता पैदा करना चाहती है।

सपा प्रमुख बुधवार को पार्टी मुख्यालय में विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं और नेताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सपा सरकार ने यूपी को विकास का विजन दिया है। प्रदेश में एक्सप्रेस-वे बनाए, शहरों में मेट्रो रेल चलाई। अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम और पार्क बनाएं, महिला सुरक्षा के लिए वीमेन पावर लाइन 1090 सेवा शुरू की। बिजली उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए पावर प्लांट लगाए। आज प्रदेश में बिजली की मांग 32 हजार मेगावाट तक पहुंच गयी है। बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है लेकिन भाजपा सरकार ने आठ साल के कार्यकाल में एक भी यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं बढ़ाया। भाजपा नकारात्मक राजनीति करती है। विपक्षी नेताओं की छवि खराब करने के लिए अभियान चलाती है।

# 11 जिलों में 15 नए एमएसएमई औद्योगिक क्षेत्रों की होगी स्थापना

- अलीगढ़, एटा, फिरोजाबाद कानपुर देहात, ललितपुर आदि जिलों में होगी स्थापना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश की उद्यमिता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को भी प्रश्रय देने के लिए एमएसएमई एस्टेट्स की स्थापना हो रही है। प्रदेश के 11 जिलों में 15 नए औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना के कार्य को गति देने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

इसके लिए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग ने खाका तैयार किया है, जिसके अनुसार प्रदेश के विभिन्न जिलों में फैले इन एस्टेट्स की कुल 764.31 एकड़ क्षेत्र में स्थापना की जाएगी। यहां 872 प्लॉट्स निवेशकों के लिए अपना उद्यम स्थापित करने के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

इसी कवायद के तहत 11 जिलों में 15 एमएसएमई एस्टेट्स की स्थापना के लिए भी लैंड बैंक उपलब्ध कराए जाने की प्रक्रिया पर कार्य हो रहा है।

इनके अंतर्गत, अलीगढ़ के गभाना में 116 एकड़, एटा के जलेसर में 6.8 एकड़, फिरोजाबाद के टूंडला में 19 एकड़, सिरसागंज में 10 एकड़, कानपुर देहात के अकबरपुर (कुंभी) में 59 तथा दुवारी में 172 एकड़, ललितपुर के बीघाखेत में 9.8 एकड़, पुलवारा में 44 एकड़, झरर में 8.6 एकड़ तथा महोबा में 37 एकड़ क्षेत्र में एमएसएमई औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना होगी।

इसी तरह, प्रयागराज के सदर में 8 एकड़, प्रगापगढ़ के रानीगंज में 39.7 एकड़, मीरजापुर के चुनार में 35 एकड़, मऊ के सदर में 84 एकड़ तथा रायबरेली सदर में 58 एकड़ क्षेत्र में एमएमएसई औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना की जाएगी।

# दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए वितरित हो रही सुगम्य वर्कशीट्स

- यूनिसेफ के सहयोग से विकसित किया गया है सुगम्य वर्कशीट्स
- दिव्यांग बच्चों को भी शिक्षा में बराबरी का अधिकार दे रही योगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** योगी सरकार राज्य के लगभग 2.96 लाख विशिष्ट आवश्यकता वाले (दिव्यांग) विद्यार्थियों को यूनिसेफ के सहयोग से 'सुगम्य वर्कशीट्स' का विकास और वितरण करा रही है। ये वर्कशीट्स न केवल उनकी मूलभूत शैक्षिक दक्षताओं को मजबूत करेंगी, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और स्वाभिमान के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देंगी।

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह का कहना है कि योगी सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी बच्चा पीछे न छूटे, चाहे वह किसी भी सामाजिक, आर्थिक या शारीरिक परिस्थिति में क्यों न हो। 'सुगम्य वर्कशीट्स' से दिव्यांग बच्चे भी शिक्षा के हर स्तर पर बराबरी कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इन वर्कशीट्स को कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों के लिए हिन्दी और गणित विषयों पर केंद्रित किया गया है। कक्षा एक से पांच के लिए कुल 1300 वर्कशीट्स तैयार किये गये हैं तो कक्षा छह से आठ के लिए 600 वर्कशीट्स। इस तरह इनके लिए कुल 1900 वर्कशीट्स तैयार हैं। इन वर्कशीट्स को पूर्ण दृष्टि दिव्यांग छात्रों को छोड़कर अन्य सभी श्रेणियों के दिव्यांग बच्चों के लिए इस प्रकार डिज़ाइन किया गया है कि वे रंगीन, आकर्षक और सरल भाषा में हों, ताकि वे रुचिपूर्वक और सहजता से सीख सकें।

**कक्षा में उपयोग की योजना** : बेसिक शिक्षा मंत्री ने बताया कि वर्कशीट्स की छपाई पूर्ण हो चुकी है और सभी जिलों में उनकी आपूर्ति कर दी गई है। चरणबद्ध तरीके से ब्लॉक और विद्यालय स्तर पर वितरण किया जा रहा है। पहले सेट के अभ्यास और शिक्षक मूल्यांकन के बाद ही अगला सेट दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिक्षकों को बच्चों से वर्कशीट्स पर कार्य कराने के निर्देश दिए गए हैं। मूल्यांकन के बाद विद्यार्थियों को वर्कशीट्स घर ले जाने की अनुमति दी गई है, ताकि वे दोबारा अभ्यास कर सकें।

### स्पेशल एजुकेटर्स दूर करेंगे कठिनाइयां

संदीप सिंह ने बताया कि स्पेशल एजुकेटर्स को विद्यालयों में भ्रमण कर न केवल वर्कशीट्स की उपलब्धता करानी है, बल्कि बच्चों को आने वाली कठिनाइयों को समझकर समाधान भी देना है। इतना ही नहीं, उनकी मासिक रिपोर्ट की समीक्षा जिला समन्वयक करेंगे तथा उसी के अनुरूप फीडबैक व मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा।


## वर्ग पहेली- 459

**बाएं से दाएं**

1. 1. समय की लघुतम इकाई, दम 2. एक क्षण (चौबीस सेकंड का समय) 3. चार कर्ष की एक प्राचीन तौल।
2. घास-पात से निर्मित कुटी, पर्णकुटी, झोपड़ी।
4. 1. जवान स्त्री 2. हल्दी 3. सोनजुही 4. प्रियंगुलता।
5. 1. अपनी इंद्रियों को वश में रखने वाला, संयमी 2. वश में किया हुआ, अधीन।
7. 1. आंच, ताप 2. पीड़ा, दुख, क्लेश।
8. दहकने की क्रिया या भाव, दहक, धधक, लपट।
9. 1. दरज़ा 2. पद का क्रम।

**ऊपर से नीचे**

1. वह मतवाद जो पशु को देवी या देवता मानने में विश्वास रखता है।
2. जल्दबाज़ी, हड़बड़ी।
3. 1. संसार, जगत, दुनिया, विश्व 2. चैतन्य सृष्टि, संसृति 3. दुनिया के लोग 4. पानी भरने का लंबा पात्र।, जाग्रत।
6. 1. कपटी, दुष्ट 2. जालसाज, बईमान।
7. 1. जो लकड़ी की तरह सूखकर ऐंठ गया हो 2. सूखा, शुष्क।



### वर्ग पहेली -458 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 का | म | का | 2 जी | ■ | 3 ठु |
| ज | ■ | ■ | 4 व | सी | म |
| ■ | 5 गा | 6 ट | र | ■ | की |
| ■ | ■ | 7 म | सा | नी | ■ |
| 8 चुं | 9 ब | की | य | ■ | 10 सं |
| ■ | ढ़ | ■ | न | ■ | घा |
| 11 वि | त | त | ■ | 12 सृ | त |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 जून, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा-14 .27 तक तत्पश्चात द्वितीया।

**मेष** – आज आपके व्यवहार की लोग प्रशंसा करेंगे। आपको बोलते समय वचनों पर नियंत्रण रखना चाहिए। छात्र पढ़ाई को लेकर काफी गंभीर रहेंगे। आप सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। अपनी व्यावसायिक नीतियों में बदलाव ला सकते हैं।

**वृष** – आज उच्च अधिकारी आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ा सकते हैं। लेकिन आप चतुराई से अपना काम निकाल लेंगे। छात्रों को पढ़ाई में अधिक ध्यान रखने की आवश्यकता है। असंतुलित खानपान के कारण गैस और पेटदर्द की समस्या हो सकती है।

**मिथुन** – आज आपके जनसंपर्क का दायरा विस्तृत होगा। घर में मेहमानों की आवाजाही हो सकती है। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। संपत्ति को लेकर रुके हुए प्रोजेक्ट पुन: प्रारम्भ हो सकते हैं। योग और मेडिटेशन को अपनी दैनिक दिनचर्या में सम्मिलित करें।

**कर्क** – आज आपको मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। संतान को लेकर गौरव का अनुभव कर सकते हैं। अपने प्रेमी से मन की बातें अवश्य करें। आज सभी कार्यों को एकाग्र होकर करें। मित्रों की सहायता से आपके सभी काम आसानी से पूर्ण हो जायेंगे।

**सिंह** – आज कारोबार को लेकर आपको बड़े परिवर्तन करने से बचना चाहिए। माता के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। जोड़ों और कूल्हों में दर्द को लेकर थोड़ी समस्या हो सकती है। गलतफहमी को लेकर प्रेम संबंधों में अनबन हो सकती है।

**कन्या** – आज सोशल मीडिया पर संभलकर प्रतिक्रिया दें। घर के किसी सदस्य के विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है। सर्वाइकल के दर्द से जूझना पड़ सकता है। पड़ोसियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। युवाओं को अपने करियर की चिंता रहेगी। किसी दोस्त के घर मिलने जा सकते हैं।

**तुला** – आज अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। आपको अपनी प्रतिष्ठा की काफी चिंता रहेगी। व्यवसाय में लाभ तो होगा लेकिन तनाव भी बढ़ेगा। कानूनी मामलों में लापरवाही न करें। अजनबी लोगों पर अधिक विश्वास नहीं करना चाहिए।

**वृश्चिक** – आज आपके द्वारा लिए गए निर्णयों की प्रशंसा होगी। प्रतिद्वन्दी आपके सामने कमजोर पड़ते दिखाई देंगे। धार्मिक कार्यों में आप अधिक रुचि ले सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों से उत्तम सहयोग प्राप्त होगा। आपके कार्यों की प्रशंसा होगी।


**धनु** – आज जीवनसाथी की सलाह आपके लिए अत्यधिक लाभप्रद सिद्ध होने वाली है। राजनीति से जुड़े लोगों को महत्वपूर्ण कार्यभार मिल सकता है। व्यापार में आपको पार्टनरशिप करनी पड़ सकती है। दिखावे के चक्कर में आपको नुकसान झेलना पड़ सकता है।

**मकर** – आज व्यवसाय में हुए नुकसान की भरपायी कर सकते हैं। कोई बड़ा कार्य करने से पहले आपको उसकी प्लानिंग अच्छी तरह से कर लेनी चाहिए। सोशल मीडिया में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। धन की उधारी करने से बचना चाहिए।

**कुंभ** – आज आपको अपेक्षा के अनुसार व्यवसाय में परिणाम मिलने में कठिनाई होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धन संबंधित मामलों को लेकर चिंता हो सकती है। अनजान लोगों को धन उधार देने से बचें।

**मीन** – आज कार्यक्षेत्र में आपकी योजना सफल होगी। वैवाहिक संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। जॉब में आपको मान-सम्मान प्राप्त होगा। आज यदि किसी इन्टरव्यू में सम्मिलित हो रहे हैं तो आपको शानदार सफलता मिल सकती है। विदेश में रह रहे अप्रवासियों के लिए दिन शानदार है।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- दक्षिण। **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मूल 09 .57 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढा।

## सुडोकू -6

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | | 2 | 9 | | |
| 7 | | 8 | | | 3 | | | |
| | 1 | | 7 | | 4 | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | | 3 | |
| | 5 | | | | | | 1 | |
| | 4 | | 2 | 8 | | | | 7 |
| 3 | 2 | | 9 | | 8 | | 6 | |
| | | | 5 | | | 2 | | 1 |
| | | 4 | 1 | | | | 8 | |

### सुडोकू - 5 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 5 | 6 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 |
| 3 | 6 | 9 | 2 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 |
| 2 | 1 | 7 | 8 | 4 | 5 | 6 | 9 | 3 |
| 1 | 7 | 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 5 | 8 |
| 6 | 5 | 8 | 3 | 1 | 2 | 4 | 7 | 9 |
| 9 | 2 | 4 | 5 | 8 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 8 | 3 | 6 | 1 |
| 8 | 3 | 1 | 7 | 6 | 4 | 9 | 2 | 5 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 8 | 4 | 7 |

## एक नजर

### एलआईसी के सीईओ, एमडी पद के लिए नाम की सिफारिश

**नई दिल्ली।** सरकारी बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के निदेशकों की तलाश करने वाली संस्था एफएसआईबी ने बुधवार को बीमा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी एलआईसी के सीईओ एवं एमडी पद के लिए आर दुरईस्वामी के नाम की अनुशंसा की। वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो ने एक बयान में कहा कि एलआईसी के इन पदों के लिए चार उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया गया।


### यूनियन बैंक ने ऋण पर ब्याज दर में 0.50% की कटौती की

**नई दिल्ली।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने ऋण की ब्याज दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती की है। आरबीआई के प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कटौती के बाद बैंक ने यह कदम उठाया है। यूनियन बैंक ने कहा कि बाह्य मानक आधारित ब्याज दर (ईबीएलआर) और रेपो आधारित ब्याज दर (आरएलएलआर) में 0.5 प्रतिशत की कटौती की है।

# वित्त वर्ष में 825 अरब डॉलर से अधिक होगा निर्यात

## उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा- गंभीर भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच भारत विजेता के रूप में उभरा

**बर्न (स्विट्जरलैंड), एजेंसी**



उद्योग मंत्री पीयूष गोयल स्वीडन में बैठक के दौरान चर्चा करते हुए।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि विश्व व्यापार गंभीर भू-राजनीतिक चुनौतियों का सामना कर रहा है, लेकिन भारत ऐसे समय में लगातार विजेता के रूप में उभरा है और देश का वस्तुओं एवं सेवाओं का निर्यात निश्चित रूप से 2025-26 में 825 अरब डॉलर को पार कर जाएगा।

रूस-यूक्रेन संघर्ष, इज़राइल-हमास युद्ध और लाल सागर संकट के कारण वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद देश का समग्र निर्यात 2023-24 में 778 अरब अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 2024-25 में 825 अरब अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। गोयल ने कहा कि कुछ बहुपक्षीय निकायों के अनुमान के अनुसार, वैश्विक व्यापार में संकुचन होगा। उन्होंने कहा, दुनिया गंभीर भू-राजनीतिक चुनौतियों से गुजर रही है... इसलिए यह चुनौतीपूर्ण समय है, लेकिन भारत हमेशा चुनौतीपूर्ण समय में विजेता के रूप में उभरा है। हमने 2024-25 में रिकॉर्ड 825 अरब डॉलर का निर्यात किया। इस साल हमें और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। गत वित्त वर्ष के आंकड़े पार करने की संभावना संबंधी सवाल पर उन्होंने कहा, हम निश्चित रूप से इसे पार करने में सक्षम होंगे। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अनुमान के अनुसार, देश के समग्र वस्तु एवं सेवा निर्यात के 2025-26 में सालाना आधार पर 21 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 1000 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। फियो के अध्यक्ष एस. सी. रल्हन ने कहा कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय खरीदारों द्वारा अपने स्रोतों में विविधता लाने की चाहत के कारण यह अच्छी वृद्धि संभव हो सकी है।

यूएई, ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) जैसे देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते भी आने वाले महीनों में निर्यात को बढ़ावा देने में मदद करेंगे। भारत-ईएफटीए व्यापार समझौता इस साल एक अक्टूबर से लागू होने की उम्मीद है। गोयल ने कहा कि कांग्रेस के समय में किए गए एफटीए अच्छे नहीं थे और इनका असर घरेलू कंपनियों पर पड़ा। मंत्री ने कहा कि उन्होंने आसियान जैसे देशों के साथ एफटीए पर हस्ताक्षर किए, जो भारत के प्रतिस्पर्धी हैं। इसके अलावा वे संतुलित नहीं थे। भारत ने उन देशों के लिए और अधिक बाजार खोले.. हालांकि उसके बदले में हमें अच्छे सौदे नहीं मिले।

### राष्ट्रीय ई-कॉमर्स, खुदरा व्यापार नीतियों पर चर्चा जारी

बर्न। पीयूष गोयल ने कहा कि प्रस्तावित राष्ट्रीय ई-कॉमर्स और खुदरा व्यापार नीतियों पर चर्चा जारी है क्योंकि दोनों एक-दूसरे से परस्पर जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि चूंकि ई-कॉमर्स क्षेत्र एक उभरता हुआ और तेजी से बदलता हुआ विषय है इसलिए हमने कुछ विचार सामने रखे हैं, लेकिन मुझे लगता है कि इसे और अधिक समसामयिक बनाने के लिए हमें नीति में संशोधन करना होगा जिस पर चर्चा जारी है। खुदरा व्यापार नीति पर भी चर्चा जारी है, क्योंकि ये दोनों एक-दूसरे से परस्पर जुड़ी हैं। डीपीआईआईटी ने राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड से राष्ट्रीय खुदरा व्यापार नीति तैयार करने के लिए सुझाव देने को कहा है।

# भारत में प्राकृतिक गैस की खपत 2040 तक दोगुनी से अधिक होगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड की अध्ययन रिपोर्ट

भारत में प्राकृतिक गैस की खपत 2030 तक करीब 60 प्रतिशत बढ़ेगी और 2040 तक यह दोगुनी से अधिक हो जाएगी। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) के एक अध्ययन के अनुसार, वाहनों, खाना पकाने और औद्योगिक उद्देश्यों में प्राकृतिक गैस का ईंधन के उपयोग बढ़ना इसकी मुख्य वजह होगी।

अध्ययन में कहा गया कि प्राकृतिक गैस की खपत 2023-24 में 18.7 करोड़ मानक घनमीटर प्रति दिन से बढ़कर 2030 तक 29.7 करोड़ मानक घन मीटर प्रति दिन पर पहुंचने का अनुमान है। इसका इस्तेमाल बिजली उत्पादन, उर्वरक उत्पादन या मोटर वाहन के लिए सीएनजी में परिवर्तित करने और खाना पकाने के लिए पाइप वाली रसोई गैस (पीएनजी) के लिए होता है। 'गुड-टू-गो' परिदृश्य में मौजूदा रुझानों और प्रतिबद्धताओं के आधार पर मध्यम वृद्धि और विकास की बात कही गई है। इसी परिदृश्य के तहत 2040 तक प्राकृतिक गैस की खपत बढ़कर 49.6 करोड़ मानक घन मीटर प्रति दिन पर पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। 'गुड-टू-बेस्ट' परिदृश्य के अंतर्गत 2030 तक खपत 36.5 करोड़ मानक घन मीटर प्रति दिन और 2040 तक 63 करोड़ मानक घन मीटर प्रति दिन तक बढ़ सकती है। 'गुड-टू-गो' परिदृश्य नरम वृद्धि की बात करता है जबकि 'गुड-टू-बेस्ट' में तेज वृद्धि को ध्यान में रखा जाता है। इसमें कहा गया, भारत की ऊर्जा मांग में वृद्धि जारी रहने के आसार हैं। प्राकृतिक गैस अन्य जीवाश्म ईंधनों की तुलना में सुविधाजनक, स्वच्छ एवं सस्ता (विकल्प) है।

# एआई से गन्ना उत्पादन में 30 प्रतिशत वृद्धि होने की संभावना

**संभाजीनगर (महाराष्ट्र), एजेंसी**

- महाराष्ट्र राज्य सहकारी चीनी कारखाना संघ लिमिटेड के निदेशक जयप्रकाश ने दी जानकारी

गन्ने की खेती में कृत्रिम मेधा (एआई) के इस्तेमाल से पानी की जरूरत के 50 प्रतिशत तक कम होने और प्रति एकड़ उत्पादन में करीब 30 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है। इस क्षेत्र के एक विशेषज्ञ ने बुधवार को यह बात कही।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में पुणे में महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार और पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री शरद पवार की उपस्थिति में एक बैठक हुई थी, जिसमें गन्ने की खेती में एआई के उपयोग पर चर्चा की गई थी। महाराष्ट्र राज्य सहकारी चीनी कारखाना संघ लिमिटेड के निदेशक जयप्रकाश दांडेगांवकर ने कहा, माइक्रोसॉफ्ट ने गन्ने की खेती के लिए एआई के इस्तेमाल पर लंबे समय से काम किया है और गन्ने के उत्पादन में 30 प्रतिशत की वृद्धि और पानी के इस्तेमाल (इसकी खेती में) को आधे तक कम करने का आश्वासन दिया है।

# भारत में बढ़ा सामाजिक सुरक्षा दायरा, 64.3 % पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन के 113वें सत्र में श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने दिया बयान
- कहा- यह दुनिया भर में सामाजिक सुरक्षा दायरे में सबसे तेज विस्तार

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने कहा है कि भारत में सामाजिक सुरक्षा दायरे में आने वाले लोगों की संख्या बढ़ी है। 2025 में यह कुल आबादी के 64.3 प्रतिशत तक पहुंच गई, जबकि 2015 में यह आंकड़ा 19 प्रतिशत था। आईएलओ के आंकड़ों के अनुसार, भारत वर्तमान में 94 करोड़ नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करता है।

इसके साथ लाभार्थियों की संख्या के मामले में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर है। आईएलओ के अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन के 113वें सत्र में भाग लेने के लिए जिनेवा गये श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने बयान में कहा, यह दुनिया भर में सामाजिक सुरक्षा दायरे में सबसे तेज विस्तार है। यह 'अंत्योदय' यानी अंतिम छोड़ पर खड़े व्यक्ति को सशक्त बनाने और किसी को भी पीछे न छोड़ने के वादे को पूरा करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### भारत का एआई बाजार 2027 तक 17 अरब अमेरिकी डॉलर होगा

**नई दिल्ली।** भारत के कृत्रिम मेधा (एआई) बाजार के उसके वर्तमान आकार से तीन गुना होकर 2027 तक 17 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो जाने की उम्मीद है। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) के अनुसार, ऐसा उद्यम प्रौद्योगिकी में बढ़ते निवेश, एक समृद्ध डिजिटल परिवेश और कुशल पेशेवरों के दम पर मुमकिन होगा। बीसीजी ने अपनी रिपोर्ट 'भारत की एआई छलांग : उभरती चुनौतियों पर बीसीजी परिप्रेक्ष्य' में कहा कि भारत में 6,00,000 से अधिक एआई पेशेवरों, 70 करोड़ इंटरनेट उपयोगकर्ताओं और पिछले तीन वर्ष में 2,000 से अधिक एआई स्टार्टअप के साथ एक संपन्न एआई परिवेश है।

# सेबी ने पंजीकृत मध्यस्थों के लिए अनिवार्य की नई यूपीआई भुगतान व्यवस्था

**मुंबई।** बाजार नियामक सेबी ने कहा कि उसने प्रतिभूति बाजार के भीतर वित्तीय लेनदेन की सुरक्षा और पहुंच में सुधार के लिए निवेशकों से धन एकत्र करने वाले सभी पंजीकृत मध्यस्थों के लिए नई यूपीआई भुगतान व्यवस्था को अनिवार्य कर दिया है। पंजीकृत मध्यस्थों में शेयर ब्रोकर, मर्चेंट बैंकर, डिपॉजिटरी, निवेश सलाहकार और पोर्टफोलियो प्रबंधक शामिल हैं। ये मध्यस्थ वित्तीय बाजारों में निवेशकों और विभिन्न इकाइयों के बीच कड़ी की तरह काम करते हैं। सेबी के प्रमुख तुहिन कांत पांडेय ने बताया कि यह यूपीआई भुगतान व्यवस्था एक अक्टूबर, 2025 से सक्रिय हो जाएगी।

# एसबीआई ने ग्राहक अनुभव बेहतर बनाने के लिए 13,455 नियुक्ति की

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने देशभर में अपनी शाखाओं में ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न पदों पर 13,455 लोगों को नियुक्त किया है। एसबीआई ने बयान में कहा, इस भर्ती का उद्देश्य 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में रिक्त पदों को भरना है।

इसमें कहा गया, चयन प्रक्रिया फरवरी एवं मार्च 2025 में प्रारंभिक परीक्षाओं और अप्रैल, 2025 में मुख्य परीक्षाओं के साथ शुरू हुई। कठोर एवं पारदर्शी मूल्यांकन के बाद 13,455 अभ्यर्थियों को नियुक्ति के लिए चुना गया है। एसबीआई के चेयरमैन सी. एस. शेट्टी ने कहा कि बैंक के विभिन्न पदों पर करीब 18,000 लोगों की भर्ती की गई। इनमें से करीब 13,500 लिपिक, 3,000 परिवीक्षाधीन अधिकारी और स्थानीय स्तर के अधिकारी हैं। बयान के अनुसार 2,36,000 से अधिक कर्मचारियों को रोजगार देने वाला एसबीआई सार्थक रोजगार सृजन एवं बैंकिंग पेशेवरों की अगली पीढ़ी को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## राष्ट्रीय

# अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम

## उपराज्यपाल सिन्हा ने श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए आने की अपील की

**श्रीनगर, एजेंसी**



उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पवित्र अमरनाथ गुफा में प्रथम पूजा की, जो वार्षिक अमरनाथ यात्रा की औपचारिक शुरुआत का प्रतीक है।

जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को कहा कि आगामी वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए हैं। सिन्हा ने श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए आने की अपील की। सिन्हा ने पवित्र गुफा में प्रथम पूजा कर इस वर्ष की वार्षिक अमरनाथ यात्रा की औपचारिक शुरुआत की। सिन्हा ने कहा, प्रथम पूजा संपन्न हो गई।

मैं श्रद्धालुओं से अनुरोध करता हूं कि वे बड़ी संख्या में यात्रा के लिए आएं। यह यात्रा तीन जुलाई से शुरू होगी और नौ अगस्त को रक्षा बंधन के दिन समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि श्राइन बोर्ड और प्रशासन ने इस वर्ष तीर्थयात्रियों के लिए सुविधाओं में सुधार किया है। सिन्हा ने कहा, जम्मू कश्मीर पुलिस, सेना, सीआरपीएफ और अन्य सीएपीएफ ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। इसलिए मुझे लगता है कि किसी को कुछ भी सोचने की जरूरत नहीं है, उन्हें आना चाहिए और बाबा का आशीर्वाद लेना चाहिए। उपराज्यपाल ने बाद में 'एक्स' पर कहा, हर हर महादेव! मैंने बाबा बर्फानी को नमन किया और पवित्र गुफा में प्रथम पूजा की, जिसके साथ वार्षिक श्री अमरनाथ जी यात्रा की औपचारिक शुरुआत हुई। बाबा अमरनाथ जी हम सभी पर अपना दिव्य आशीर्वाद बनाए रखें। उन्होंनें कहा कि जम्मू कश्मीर प्रशासन, श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड, सेना, बीआरओ, सीएपीएफ, जम्मू कश्मीर पुलिस और सभी हितधारक पूरी निष्ठा, समर्पण, आपसी सहयोग और स्पष्ट उद्देश्यों के साथ कार्य कर रहे हैं, ताकि श्रद्धालुओं की यात्रा निर्बाध, सुरक्षित और सुगम रहे। उन्होंने कहा, जम्मू कश्मीर की जनता, नागरिक समाज और सभी सेवा प्रदाताओं का अमूल्य योगदान हमेशा से अत्यंत सराहनीय रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस वर्ष सुविधाओं और सेवाओं में किए गए महत्वपूर्ण सुधारों से यह यात्रा सभी श्रद्धालुओं के लिए यादगार और आध्यात्मिक रूप से अत्यंत संतोषजनक सिद्ध होगी।

### कठुआ में श्रद्धालुओं के लिए 36 निवास केंद्र बनाए

जम्मू। वार्षिक अमरनाथ यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में करीब तीन दर्जन निवास केंद्र और छह रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) पंजीकरण काउंटर स्थापित किये जा रहे हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस वर्ष 38 दिनों तक चलने वाली वार्षिक यात्रा तीन जुलाई को दो मार्गों -अनंतनाग जिले में 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले में 14 किलोमीटर लंबे छोटे लेकिन अधिक खड़ी चढ़ाई वाले बालटाल मार्ग- से शुरू होगी। कठुआ के जिला उपायुक्त राकेश मिन्हास ने बताया, हमारा लक्ष्य लखनपुर को बहु-सुविधा केन्द्र में तब्दील करना है।

# छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ एक नक्सली कमांडर समेत दो नक्सली ढेर

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में बुधवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के कुकानार थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुसगुन्ना गांव के करीब जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक महिला नक्सली समेत दो नक्सलियों को मार गिराया है। उन्होंने बताया कि मारे गए नक्सलियों में से एक की पहचान पेदारास एलओएस (लोकल ऑर्गनाइजेशन स्क्वाड) कमांडर बमन के रूप में हुई है। बमन के ऊपर पांच लाख रुपये का इनाम है। अधिकारियों ने बताया कि कुकानार क्षेत्र में नक्सली गतिविधि की खुफिया सूचना के आधार पर बुधवार को कुकानार थाने के पुलिसकर्मी और सुकमा जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था।

# अवसंरचना नेटवर्क जीवन सुगमता को दे रहा बढ़ावा

**नई दिल्ली, एजेंसी**


- प्रधानमंत्री ने कहा- 11 साल में बुनियादी ढांचे में हुए बड़े बदलाव



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि बुनियादी ढांचे में क्रांति के 11 साल हो गए हैं और भारत का तेजी से विस्तार ले रहा बुनियादी ढांचा नेटवर्क 'जीवन सुगमता' को बढ़ावा देने के साथ समृद्धि को बढ़ा रहा है। मोदी ने 'एक्स' पर कहा, बुनियादी ढांचे में क्रांति के 11 साल हो गए। बेहतरीन अवसंरचना निर्माण के साथ भारत की विकास यात्रा आगे बढ़ी है।

उन्होंने कहा कि रेलवे से लेकर राजमार्गों, बंदरगाहों से लेकर हवाई अड्डों तक, भारत का तेजी से फैल रहा बुनियादी ढांचा नेटवर्क 'जीवन सुगमता' को गति प्रदान कर रहा है और समृद्धि को बढ़ा रहा है। मोदी ने सरकार के नागरिक सहभागिता मंच से एक 'थ्रेड' साझा किया, जिसमें पिछले 11 वर्षों में नए भारत के बुनियादी ढांचे के विकास पर प्रकाश डाला गया। 'माईजीओवीइंडिया' पर एक पोस्ट में लिखा गया, स्मार्ट सिटी। सुरक्षित सड़कें। सुगम आवागमन- नए भारत के बुनियादी ढांचे का वादा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का बुनियादी ढांचा भविष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

### पर्यटकों को आमंत्रण




श्रीनगर : पहलगाम आतंकी हमले के एक महीने से अधिक समय बाद, घाटी में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए श्रीनगर की डल झील में आयोजित शिकारा दौड़ में शिकारा वाले हिस्सा लेते हुए। एजेंसी

## एक नजर

### दिल्ली में बच्चों के झगड़े में व्यक्ति की चाकू घोंपकर हत्या

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके में बच्चों के बीच हुए झगड़े के बाद 35 वर्षीय एक व्यक्ति की उसके पड़ोसियों ने कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी। एक अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान सुल्तानपुरी इलाके के झुग्गी निवासी मुन्ना सिंह के रूप में हुई है। जांच से पता चला कि बच्चों के बीच झगड़ा हुआ था, जिसके बाद पड़ोसियों में विवाद बढ़ गया। हाथापाई के दौरान, आरोपियों में से एक ने उस पर चाकू से हमला किया। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### योग दिवस को बढ़ावा देने के लिए हस्तियां आगे आईं

**नई दिल्ली।** आयुष मंत्रालय ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के नजदीक आने के साथ ही फिल्म, संगीत और सार्वजनिक सेवा से जुड़े जाने-पहचाने चेहरे इस आंदोलन में शामिल हो रहे हैं, जिससे दैनिक जीवन में योग के स्थान को मजबूती मिल रही है। पुडुचेरी की पूर्व उपराज्यपाल और सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी किरण बेदी ने अपने समर्थन संदेश में कहा, योग आत्म-देखभाल और सामाजिक देखभाल का दूसरा नाम है।

# असम में 'हिंदू विरोधी' पोस्ट करने के आरोप में दो और गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम में हिंदू विरोधी तत्व होने के आरोप में दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अप्रैल में पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद इस तरह के आरोप में अब तक 92 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि पुलिस ने सोशल मीडिया पर कथित तौर पर सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील पोस्ट करने के आरोप में लखीमपुर से सबिकुल इस्लाम और भगवान कृष्ण एवं रुक्मिणी पर अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में दुलाल बोरा को गिरफ्तार किया है।

# ईडी ने कांग्रेस सांसद व 3 विधायकों के खिलाफ तलाशी अभियान चलाया

**बेंगलुरु।** ईडी ने कथित वाल्मीकि घोटाले के संबंध में धन शोधन जांच के तहत बुधवार को कर्नाटक के बेल्लारी से कांग्रेस सांसद ई. तुकाराम और पार्टी के तीन विधायकों के खिलाफ तलाशी अभियान चलाया।

सूत्रों ने बताया कि तुकाराम और तीनों विधायकों के परिसरों पर पीएमएलए के प्रावधानों के तहत तलाशी की जा रही है। इनमें तुकाराम और विधायक नारा भरत रेड्डी (बेल्लारी शहर), जे. एन. गणेश (कांपली) और एन. टी. श्रीनिवास (कुडलिगी) से संबंधित आवास शामिल हैं। यह तलाशी अभियान कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि एसटी विकास निगम (केएमवीएसटीडीसी) के खातों से करोड़ों रुपये की धनराशि को फर्जी खातों में भेजने तथा फर्जी संस्थाओं के माध्यम से काले धन को सफेद में बदलकर चुनाव खर्च में इस्तेमाल के आरोपों के संबंध में सबूत जुटाने के उद्देश्य से चलाया गया।

# भगवान जगन्नाथ के स्नान अनुष्ठान को देखने के लिए पुरी में लाखों लोग उमड़े

**पुरी, एजेंसी**



ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों सहित लाखों श्रद्धालु बुधवार को 12वीं सदी के प्रसिद्ध श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर में एक खुले पंडाल में आयोजित भगवान जगन्नाथ के पारंपरिक स्नान अनुष्ठान को देखने के लिए यहां एकत्र हुए।

श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा को पारंपरिक पहंडी (शोभायात्रा) के साथ 'स्नान मंडप' (स्नान वेदी) में लाया गया। उन्होंने बताया कि तीनों को (भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा को) स्नान मंडप पर स्नान कराया जाता है, जो ग्रांड रोड के सामने स्थित एक ऊंचा स्थान है, जहां भक्तों को स्नान अनुष्ठान देखने का अवसर मिलता है। एक अधिकारी ने बताया, सबसे पहले श्री सुदर्शन को मंदिर से बाहर लाया गया और सुबह पौने छह बजे स्नान मंडप पर ले जाया गया। इसके बाद भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ की मूर्तियों को स्नान मंडप पर ले जाया गया। पहंडी अनुष्ठान सुबह आठ बजकर 55 मिनट पर संपन्न हो गया। पुरी के सांसद संबित पात्रा के साथ मुख्यमंत्री ने उत्तर द्वार से मंदिर में प्रवेश किया और सुबह की प्रार्थना तथा पारंपरिक शोभायात्रा देखी।

# कांग्रेस ने दिग्विजय सिंह के भाई को पार्टी से निष्कासित किया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह को छह साल की अवधि के लिए निष्कासित कर दिया है। लक्ष्मण सिंह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के छोटे भाई हैं।

उन्होंने पिछले दिनों पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां की थीं। पार्टी की अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति के सदस्य सचिव तारिक अनवर की ओर से बुधवार को जारी विज्ञप्ति में उनके निष्कासन की जानकारी दी गई।

# न्यायिक आयोग के सामने पेश हुए पूर्व सीएम केसीआर

**हैदराबाद, एजेंसी**

- कालेश्वरम परियोजना में अनियमितताओं की जांच तेज

बीआरएस के अध्यक्ष और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव बुधवार को कालेश्वरम परियोजना में कथित अनियमितताओं की जांच कर रहे न्यायिक आयोग के समक्ष पेश हुए। यह सिंचाई परियोजना पिछली बीआरएस सरकार के दौरान बनाई गई थी।

चंद्रशेखर राव पूर्वाह्न करीब 11 बजे आयोग के कार्यालय पहुंचे और अपना बयान दर्ज कराने के बाद अपराह्न एक बजे वहां से चले गए। एक सदस्यीय न्यायिक आयोग का नेतृत्व उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश पी सी घोष कर रहे हैं। केसीआर की मौजूदगी के मद्देनजर बीआरएस के कई नेता और कार्यकर्ता यहां बीआरएस भवन के पास स्थित आयोग के कार्यालय के बाहर एकत्र हो गए। पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। आयोग ने अपनी जांच शुरू होने के बाद से पिछले एक वर्ष में कई इंजीनियरों और अन्य अधिकारियों, विशेषकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों से पूछताछ की है।

# महिला केयरटेकर ने रि. प्रोफेसर को वृद्धाश्रम भेज 6 करोड़ की संपत्ति हड़पी

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने 82 वर्षीय एक सेवानिवृत्त आईआईटी प्रोफेसर की सभी संपत्ति को अपने नाम करवाकर उन्हें वृद्धाश्रम भेजने के आरोप एक महिला के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। महिला ने प्रोफेसर की देखभाल करने की आड़ में उनके तीन फ्लैट समेत पूरी संपत्ति अपने नाम कर ली। इन फ्लैटों सहित संपत्तियों की कुल कीमत छह करोड़ रुपये है। घटना उस समय सामने आई जब आईआईटी के सेवानिवृत्त प्रोफेसर का बेटा पिछले महीने पिता से मिलने मुंबई आया लेकिन उसने पाया कि उसके पिता घर पर नहीं हैं।

## एक नजर

### इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को टी20 श्रृंखला में 3-0 से हराया

**साउथम्पटन :** वेस्टइंडीज को तीसरे टी20 मैच में 37 रन से हराकर इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से जीत ली। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर इंग्लैंड ने तीन विकेट पर 248 रन बनाए। बेन डकेट ने 46 गेंद में 84 रन बनाए और पहले विकेट के लिए जैमी स्मिथ के साथ 120 रन की साझेदारी की। स्मिथ ने 26 गेंद में पांच छक्कों की मदद से 60 रन बनाये। दस ओवर के बाद इंग्लैंड का स्कोर एक विकेट पर 135 रन था। कप्तान हैरी ब्रूक (35) और जैकब बेथेल (36) ने 5.1 ओवर में 70 रन जोड़े। वेस्टइंडीज की टीम आठ विकेट पर 211 रन ही बना सकी। रोवमैन पॉवेल ने 45 गेंद में नाबाद 79 रन बनाये जबकि शाइ होप ने 27 गेंद में 45 रन जोड़े। इंग्लैंड ने वनडे श्रृंखला भी 3-0 से जीती थी।

### काउंटी चैंपियनशिप में हैंपशर के लिए खेलेंगे तिलक

**हैदराबाद :** हैदराबाद क्रिकेट संघ (एचसीए) ने बुधवार को कहा कि बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा काउंटी चैंपियनशिप में हैंपशर का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं। हैदराबाद के रहने वाले और इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व करने वाले 22 वर्षीय तिलक ने भारत के लिए 25 टी20 और चार एकदिवसीय मैच में क्रमश: 749 और 68 रन बनाए हैं। एचसीए ने एक विज्ञप्ति में कहा हैदराबाद क्रिकेट संघ को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हैदराबाद के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एन ठाकुर तिलक वर्मा से ब्रिटेन काउंटी चैंपियनशिप लीग में खेलने के लिए हैंपशर काउंटी टीम ने संपर्क किया है।

### अभिजीत ने गरीबयान को हराकर एकल बढ़त हासिल की

**नई दिल्ली :** भारतीय ग्रैंडमास्टर अभिजीत गुप्ता ने उलटफेर करते हुए आर्मेनिया के ग्रैंडमास्टर ममीकोन गरीबयान को पराजित करके दिल्ली इंटरनेशनल ओपन शतरंज टूर्नामेंट में एकल बढ़त हासिल कर ली। इस जीत से अभिजीत के 6.5 अंक हो गए हैं। पिछले दौर तक शीर्ष पर चल रहे ग्रैंडमास्टर एस एल नारायणन और ग्रैंडमास्टर बोरिस सावचेंको के बीच शीर्ष बोर्ड पर मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ। इससे दोनों के छह अंक हो गए। इन तीनों के अलावा कई अन्य खिलाड़ियों ने भी सातवें दौर में अनुकूल परिणाम हासिल करके खुद को खिताब की दौड़ में बनाए रखा।

### टी20 मुंबई फाइनल में मुंबई फाल्कंस का सामना मराठा से

**मुंबई :** श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली सोबो मुंबई फाल्कंस का सामना टी20 मुंबई लीग के फाइनल में बृहस्पतिवार को मराठा रॉयल्स मुंबई साउथ सेंट्रल से होगा। अय्यर की कप्तानी वाली टीम ने पांच में से चार मैच जीते हैं। सेमीफाइनल में इसने नमो बांद्रा ब्लास्टर्स को पांच विकेट से हराया। अय्यर सेमीफाइनल में एक ही रन बना सके लेकिन फाइनल में इस गलती को सुधारना चाहेंगे। कुछ रोज पहले ही आईपीएल फाइनल हारने वाले पंजाब किंग्स के कप्तान अय्यर खिताब जीतने को बेताब होंगे।

# कगिसो रबाडा और मार्को यानसन ने ऑस्ट्रेलिया को 212 रन पर रोका

## विश्व टेस्ट चैंपियनशिप : स्टीव स्मिथ और बो वेबस्टर ने ऑस्ट्रेलिया को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया

**लाड्‌र्स, एजेंसी**

कगिसो रबाडा (पांच विकेट) और मार्को यानसन (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डबल्यूटीसी) 2025 के फाइनल में बल्लेबाजी कर रही ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 212 रन के स्कोर पर रोक दिया। भोजनकाल के बाद स्टीव स्मिथ और बो वेबस्टर ने ऑस्ट्रेलिया पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट लिए 79 रनों की साझेदारी हुई। 42वें ओवर में एडन मारक्रम ने स्टीव स्मिथ को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा।

स्टीव स्मिथ ने 10 चौकों की मदद से 66 रनों की पारी खेली। इसके बाद एलेक्स कैरी (23) रन बनाकर केशव महाराज को शिकार बने। इसके बाद रबाडा और यानसन ने ऑस्ट्रेलिया पारी को समेटने में देर नहीं लगाई। बो वेब्स्टर ने 11 चौकों की मदद से (72) रनों की पारी खेली। उन्हें रबाडा ने आउट किया। कप्तान पैट कमिंस (एक) और मिचेल स्टार्क (एक) को रबाडा ने बोल्ड आउट किया। नेथन लायन (शून्य) को मार्को यानसन बोल्ड किया। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया की टीम को 56.4 ओवर में 212 के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया। इससे पहले आज यहां लॉड्‌र्स के मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही और उसने सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा (शून्य) का विकेट 12रन के स्कोर पर गवां दिया। उन्हें कगिसो रबाडा ने बेडिंघम के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कैमरन ग्रीन (चार) को भी रबाड़ा ने आउट किया। जमने का प्रयास कर रहे मार्नस लाबुशेन (17) को 18वें ओवर में मार्को यानसन ने आउटकर ऑस्ट्रेलिया को तीसरा झटका दिया। इसके बाद ट्रैविस हेड (11) भी मार्को यानसन का शिकार बने। यानसन के आउट होते भोजनकाल की घोषणा कर दी गई। दक्षिण अफ्रीका ने भोजनकाल तक ऑस्ट्रेलिया के 23.2 ओवर में 67 रन चार विकेट झटकर मैच में अपना दबदबा बना लिया था।


ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ को आउट करने के बाद जश्न मनाते दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी। • एजेंसी

# टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में तिलक पहुंचे तीसरे स्थान पर

**दुबई, एजेंसी**

- 804 रेटिंग अंक के साथ एक स्थान के फायदे में रहे तिलक वर्मा
- ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड हैं बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर

भारत के तिलक वर्मा बुधवार को जारी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से तीसरे स्थान पर हैं जबकि स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और रवि बिश्नोई गेंदबाजी रैंकिंग में क्रमशः तीसरे और सातवें स्थान पर बने हुए हैं।

तिलक के 804 रेटिंग अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर मौजूद हमवतन अभिषेक शर्मा से पीछे हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार हैं। भारत के सूर्यकुमार यादव एक स्थान के नुकसान से छठे स्थान के साथ शीर्ष 10 में शामिल हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में चक्रवर्ती (706) और बिश्नोई (674) के अलावा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह (653) भी शीर्ष 10 में शामिल भारतीय गेंदबाज हैं।

हार्दिक पंड्या 252 रेटिंग अंक के साथ ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष पर हैं। इंग्लैंड के आदिल राशिद गेंदबाजी रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से दूसरे पायदान पर हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज पर इंग्लैंड की 3-0 की जीत के दौरान चार विकेट चटकाए। राशिद के 710 अंक हैं और वह शीर्ष पर चल रहे न्यूजीलैंड के जैकब डफी (723) से सिर्फ 13 अंक पीछे हैं। राशिद के टीम के साथी ब्राइडन कार्स दो मैच में दो विकेट की बदौलत 16 स्थान की छलांग लगाकर 52वें स्थान पर पहुंच गए। अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय में 46 गेंद में 84 रन की तूफानी पारी खेलने वाले इंग्लैंड के बल्लेबाज बेन डकेट 48 स्थान के फायदे से 16वें पायदान पर हैं। श्रृंखला में नाबाद 35 और 34 रन की पारी खेलने वाले हैरी ब्रूक छठ स्थान के फायदे से संयुक्त 38वें स्थान पर हैं।

वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप दो बार 40 रन से अधिक की पारियां खेलने के बाद 14 स्थान की छलांग लगाकर 15वें स्थान पर हैं। अंतिम मैच में 45 गेंद में नाबार 79 रन की पारी खेलने वाले रोवमैन पावेल शीर्ष 20 बल्लेबाजों में शामिल हो गए हैं।

# पुरुष हॉकी टीम की प्रो लीग में लगातार तीसरी हार

**एम्सटेलवीन (नीदरलैंड), एजेंसी**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा तथा उसे खराब डिफेंस के कारण बुधवार को यहां एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में अर्जेंटीना के खिलाफ 3-4 से हार का सामना करना पड़ा, जो उसकी लगातार तीसरी हार है।

भारत को इससे पहले यहां ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड के खिलाफ 1-2 और 2-3 से हार का सामना करना पड़ा था। अर्जेंटीना ने अपने शानदार खेल से भारतीय रक्षापंक्ति की कमजोरी का खुलकर खुलासा किया। उसकी तरफ से कप्तान मटियास रे (तीसरे मिनट), लुकास मार्टिनेज (17वें मिनट), सैंटियागो तराज़ोना (34वें मिनट) और लुसियो मेंडेज़ (46वें मिनट) ने गोल करके जीत सुनिश्चित की। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह (12वें और 33वें मिनट) और अभिषेक (42वें मिनट) ने गोल किए।

नीदरलैंड के खिलाफ लगातार दो हार के बाद भारतीय टीम ने सकारात्मक शुरुआत की और पहले क्वार्टर में गेंद पर अधिकतर समय कब्जा बनाए रखा। लेकिन अर्जेंटीना ने तीसरे मिनट में कप्तान मटियास रे के गोल की मदद से बढ़त बना ली, जो भारतीय डिफेंडर अमित रोहिदास की गलती का नतीजा था। हालांकि, पिछड़ने के बाद भारत ने शेष क्वार्टर में अपना दबदबा बनाए रखा।

# जूनियर महिला टीम ने बेल्जियम को 2-1 से हराया

**एंटवर्प :** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम को 2-1 से हराकर यूरोप दौरे पर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। लालथांटलुआंगी (35वां मिनट) और गीता यादव (50वां मिनट) ने भारत के लिये गोल किए। पहला हाफ गोलरहित रहा। भारत के लिए पहला गोल लालथांटलुआंगी ने पेनल्टी स्ट्रोक पर किया। बेल्जियम के लिए आखिरी क्वार्टर में वान हेलेमोंट (48वां मिनट) ने बराबरी का गोल दागा। इसके दो मिनट बाद ही हालांकि गीता ने विजयी फील्ड गोल किया। इसके बाद भारत ने आखिरी दस मिनट बेल्जियम के हमलों का जमकर सामना किया और गोल नहीं होने दिया। पहले मैच में भारत ने बेल्जियम को 3-2 से मात दी थी।

# एलओसी के गठन में बीसीसीआई कर रहा देरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**महिला वनडे विश्व कप**

- मार्च में बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की बैठक में नहीं हो सका था फैसला
- 30 सितंबर से दो नवंबर तक पांच स्थानों पर खेले जाने की हो चुकी घोषणा

महिला वनडे विश्व कप के आयोजन में अब ज्यादा समय नहीं बचा है लेकिन मेजबान भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अभी तक आईसीसी की इस प्रतियोगिता के सुचारू संचालन के लिए स्थानीय आयोजन समिति (एलओसी) का गठन नहीं किया है। मार्च में हुई बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की बैठक में एलओसी गठन का मुद्दा एजेंडे में था लेकिन उस समय कोई निर्णय नहीं लिया गया था।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इस महीने के शुरू में 30 सितंबर से दो नवंबर तक पांच स्थानों पर खेले जाने वाले टूर्नामेंट के शुरुआती कार्यक्रम की घोषणा की थी। आईसीसी की 2027 तक होने वाली सभी प्रतियोगिताओं के लिए बीसीसीआई, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और आईसीसी की सहमति से हाइब्रिड मॉडल के अनुसार कोलंबो पाकिस्तान की भागीदारी वाले मैचों के लिए तटस्थ स्थल होगा।

बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारी तीन जून तक आईपीएल के आयोजन में व्यस्त थे और शीर्ष परिषद की जल्द ही बैठक होने की उम्मीद है, जिसके बाद एलओसी का गठन हो सकता है।

बीसीसीआई के एक सूत्र में पीटीआई से कहा एलओसी गठित करने के लिए कोई समय सीमा नहीं है, लेकिन अगर ये चीजें पहले ही कर ली जाती तो बेहतर होता। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में आमतौर पर आयोजन से एक साल पहले एलओसी का गठन कर लिया जाता है। यहां तक कि कार्यक्रम भी पहले से ही घोषित कर दिया जाता है ताकि प्रशंसक योजना बना सकें। उन्होंने कहा जहां तक टूर्नामेंट के आयोजन की बात है तो एलओसी मुख्य निकाय है जो भाग लेने वाली टीमों के लिए व्यवस्था करने के लिए जिम्मेदार है।

कहने की जरूरत नहीं है कि इसकी भूमिका बहुत बड़ी है। भारत 2016 के बाद पहली बार किसी महिला आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। तब उसने पुरुषों के टूर्नामेंट के साथ महिला टी20 विश्व कप का भी आयोजन किया था।

उल्लेखनीय है कि भारत में खेले गए 2023 पुरुष वनडे विश्व कप के कार्यक्रम की घोषणा को लेकर काफी देरी हुई थी। एकदिवसीय महिला विश्व कप का आयोजन चार स्थानों बेंगलुरु, गुवाहाटी, विशाखापट्टनम और इंदौर में किया जाएगा। भारत ने इससे पहले 2013 में महिला वनडे विश्व कप की मेजबानी की थी।

# भूटिया ने भारतीय फुटबॉल में आमूलचूल बदलाव की मांग की

**कोलकाता, एजेंसी**


- एशियाई कप क्वालीफायर के मुकाबलों में भारत की खराब स्थिति पर भड़के भूटिया और अन्य पूर्व खिलाड़ी

फुटबॉल के मैदान पर भारत के गिरते प्रदर्शन से नाराज करिश्माई पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया ने राष्ट्रीय महासंघ पर खेल को नष्ट करने का आरोप लगाया है। उन्होंने मौजूदा प्रणाली को 'सड़ी हुई' और 'अहंकार' से भरी बताया। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) और उसके अध्यक्ष कल्याण चौबे पर भूटिया का तीखा हमला एएफसी के तीसरे दौर में निचली रैंकिंग वाली हांगकांग के खिलाफ 0-1 की चौंकाने वाली हार के एक दिन बाद आया है।


भूटिया ने पीटीआई से कहा यह देखना बहुत दुखद है कि हम अब एशिया कप के लिए भी क्वालीफाई करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं जिसके लिए हम नियमित रूप से क्वालीफाई करते रहे हैं। उज्बेकिस्तान, इंडोनेशिया और जोर्डन जैसे देश विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं और हम अब भी एशिया कप के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। मंगलवार को मिली हार से भारत की 2027 एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को झटका लगा है जबकि टीम इससे पहले लगातार दो एशियाई कप में खेली थी। पूर्व भारतीय कप्तान ने चौबे के इस्तीफे और भारतीय फुटबॉल में संरचनात्मक बदलाव की मांग की। उन्होंने मैदान पर लचर प्रदर्शन और मैदान के बाहर की अराजकता को गहरी सड़न के लक्षण बताया। मौजूदा भारतीय मुख्य कोच मनोलो मारक्वेज इंडियन सुपर लीग की टीम एफसी गोवा के भी कोच हैं। उन्होंने पिछले साल जुलाई में क्रोएशियाई दिग्गज इगोर स्टिमक की जगह पदभार संभाला था। गुवाहाटी में विश्व कप क्वालीफायर में अफगानिस्तान से हार सहित कई निराशाजनक परिणामों के बाद स्टिमक को बर्खास्त कर दिया गया था।

मंगलवार हुए अहम मैच से पहले भारत ने कोलकाता में करीब तीन सप्ताह तक अभ्यास किया था लेकिन उसे विश्व रैंकिंग में अपने से 26 पायदान नीचे की टीम (भारतः 127, हांगकांगः 153) से हार का सामना करना पड़ा। इस हार से फीफा रैंकिंग में देश के 133वें स्थान पर खिसकने की संभावना है। भूटिया को सितंबर 2022 में एआईएफएफ के अध्यक्ष पद के चुनाव में चौबे ने हराया था। उन्होंने मौजूदा नेतृत्व पर निशाना साधते हुए कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और मनोलो की नियुक्ति सहित अहम निर्णयों में प्रमुख फुटबॉल समितियों को दरकिनार करने का आरोप लगाया।

भूटिया ने कहाकल्याण चौबे ने भारतीय फुटबॉल को बर्बाद कर दिया है। चौबे को इस्तीफा देकर चले जाना चाहिए। इसे पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है। ढाई साल में तीन महासचिव - पूरी संरचना, व्यवस्था को बदलना होगा।

### ड्रेसिंग रूम का माहौल अंतिम संस्कार की जगह जैसा : कोच मनोलो

हांगकांग : हांगकांग के खिलाफ 0-1 की हार के बाद भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच मनोलो मारक्वेज ने कहा कि ड्रेसिंग रूम का माहौल अंतिम संस्कार के स्थल की तरह है। वह हालांकि 2027 एएफसी एशियाई कप के लिए टीम के क्वालीफाई करने की संभावनाओं को लेकर आशावादी हैं। मंगलवार को भारत ने इंजरी टाइम के पांचवें मिनट में गोल खाया, जिससे उसे हार का समना करना पड़ा। भारतीय टीम लगातार दूसरे मैच में गोल करने में नाकाम रही। इस हार से भारत की एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने की संभावनाओं को झटका लगा है। टीम के भविष्य से जुड़े सवाल पर मनोलो ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा हम बहुत खुश नहीं हैं। हम दुखी हैं। ड्रेसिंग रूम का माहौल व्यावहारिक रूप से अंतिम संस्कार के स्थल जैसा है। लेकिन मुझे अब भी लगता है कि भारत के पास क्वालीफाई करने का मौका है। क्वालीफायर के ग्रुप विजेताओं को ही सऊदी अरब में होने वाले 2027 एएफसी एशियाई कप में जगह मिलेगी इसलिए भारत की आगे की राह आसान नहीं होने वाली। भारत के पास ग्रुप सी में दो मैच में से सिर्फ एक अंक है। मनोलो ने कहा हम अच्छे दौर में नहीं हैं। स्कोर के मामले में, हमारे लिए गोल करना मुश्किल हो रहा है। लेकिन यह सच है कि टीम ने अन्य मुकाबलों की तुलना में अधिक व्यवस्थित तरीके से खेला। यह सच है। लेकिन दुर्भाग्य से, हम यहां कोई अंक नहीं ले पाए।



# पूरन न्यूयॉर्क टीम के कप्तान बने

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले वेस्टइंडीज के स्टार बल्लेबाज निकोलस पूरन को मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के आगामी सत्र के लिए एमआई न्यूयॉर्क का कप्तान बनाया गया है। 29 वर्ष के पूरन ने मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ली थी। एमएलसी का पहला सत्र जीतने वाली टीम ने एक्स पर लिखा हमारी टीम का नया कमांडर होगा कप्तान निकोलस पूरन। आईपीएल में मुंबई इंडियंस की मालिक रिलायंस इंडस्ट्रीज की टीम ने लिखा बायें हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज दुनिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में से है। अपने कैरियर के शिखर पर बैठे पूरन टीम को अपनी कप्तानी से नयी ऊंचाइयों तक ले जायेंगे। पूरन ने 2023 एमएलसी सत्र में 388 रन बनाये थे। तीसरा सत्र बृहस्पतिवार से शुरू होगा। एमआई न्यूयॉर्क में क्विंटोन डिकॉक, कीरान पोलार्ड और राशिद खान जैसे सितारे भी हैं। वेस्टइंडीज के लिए 106 टी20 मैच खेल चुके पूरन ने 136.39 की स्ट्राइक रेट से 2275 रन बनाये हैं। उन्होंने 61 वनडे खेलकर 99.15 की स्ट्राइक रेट से 1983 रन बनाये हैं। पूरन ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के लिये इंडियन प्रीमियर लीग का पूरा सत्र खेलने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिये खुद को कैरेबियाई टीम में चयन से बाहर रखा था। विश्व कप 2023 क्वालीफायर से वेस्टइंडीज के बाहर होने के बाद से उन्होने वनडे क्रिकेट नहीं खेला है। वेस्टइंडीज के लिए उन्होंने आखिरी मैच दिसंबर 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था।


निकोलस पूरन। • एजेंसी

# और खिलाड़ी ले सकते हैं पूरन जैसा संन्यास : सैमी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी का मानना है कि निकोलस पूरन का अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से अचा न क संन्यास लेना खिलाड़ियों को अपनी राष्ट्रीय टीमों का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रेरित रखने की बढ़ती चुनौती को रेखांकित करता है और उन्होंने चेतावनी दी कि और भी खिलाड़ी ऐसा कर सकते हैं।



पूरन ने 29 साल की उम्र में टी20 विश्व कप से ठीक आठ महीने पहले सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। यह आक्रामक विकेटकीपर-बल्लेबाज ना केवल वेस्टइंडीज का टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे सफल बल्लेबाज है बल्कि फ्रेंचाइजी क्रिकेट में बेहद लोकप्रिय खिलाड़ी भी है। सैमी ने कहा कि उन्होंने इस क्रिकेटर और उनके एजेंट के साथ पहले हुई बातचीत के बाद पूरन के बिना योजना बनाना शुरू कर दिया था। सैमी ने कहा, आदर्श रूप से ऐसी प्रतिभा को मैं टीम में रखना पसंद करूंगा।

# आस्ट्रेलिया ने विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

**मेलबर्न :** कोनोर मेटकाफे ने आस्ट्रेलिया के लिए पहला गोल किया और सउदी अरब पर 2-1 से जीत के साथ टीम को लगातार छठी बार विश्व कप में जगह दिलवाने में सूत्रधार की भूमिका निभाई। मिचेल ड्यूक ने दूसरा गोल किया।

आस्ट्रेलिया को विश्व कप में सीधे जगह बनाने के लिए पांच गोल के अंतर से हार टालनी थी। मेटकाफे ने हाफटाइम से ठीक पहले गोल दागा जबकि ड्यूक ने 48वें मिनट में हेडर लगाया।


सउदी अरब के लिये 19वें मिनट में अब्दुल रहमान अल ओबुद ने गोल किया था। आस्ट्रेलिया के लिये सौवां मैच खेल रहे गोलकीपर मैट रियान ने पांच गोल बचाये जिनमें आखिरी क्षणों में मिली पेनल्टी भी थी। इससे पहले जापान ने इंडोनेशिया को 6.0 से मात देकर लगातार आठवीं बार विश्व कप में जगह बनाई।

# ब्राजील ने विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

**साओ पाउलो, एजेंसी**

विनिशियस जूनियर के गोल के दम पर ब्राजील ने पराग्वे को 1-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल 2026 में जगह बनाई और कोच कार्लो एंसेलोट्टी के लिए ब्राजील में पदार्पण के साथ मिली जीत की खुशी दुगुनी हो गई।

रीयाल मैड्रिड के स्टार रहे विनिशियस ने मैच में एकमात्र गोल दागा। वहीं कोलंबिया से 1-1 से ड्रॉ खेलने वाली गत चैम्पियन अर्जेंटीना ने भी अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले फुटबॉल के महासमर में जगह पक्की की। ब्राजील अंकतालिका में अर्जेंटीना से दस अंक पीछे दूसरे स्थान पर रहा। अभी दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग दौर के दो मैच बाकी हैं। दक्षिण अमेरिका से शीर्ष छह टीमों को 48 टीमों के विश्व कप में जगह मिलेगी। ब्राजील सातवें नंबर की टीम से छह से अधिक अंक से आगे है। चिली को बोलिविया ने 2-0 से हराया जिससे वह लगातार तीसरी बार विश्व कप से बाहर रहेगा। उरूग्वे ने वेनेजुएला को 2.0 से मात दी और अब उसके 24 अंक हो गए हैं। वेनेजुएला के 18 और बोलिविया के 19 अंक है और सातवें स्थान के लिये दोनों में होड़ है चूंकि उस टीम को अंतर महाद्वीपीय प्लेआफ खेलने का मौका मिलेगा। लियोनेल मेस्सी की अर्जेंटीना को ब्यूनस आयर्स में हुए मुकाबले में कोलंबिया ने ड्रॉ पर रोका। लुईस डियाज ने कोलंबिया के लिये 24वें मिनट में पहला गोल किया। जूलियन अल्वारेज ने 81वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। एंजो फर्नांडिस को 70वें मिनट में लाल कार्ड दिखाए जाने से स्टेडियम में जमा 80000 से अधिक दर्शकों को निराशा हुई।


ब्राजील के मार्टिनेली (बीच में) पैराग्वे के खिलाफ गोल करने का प्रयास करते हुए। • एजेंसी

